Page 3


देश का युवा नशामुक्त होकर विकसित भारत के निर्माण...


# हरियाणा मेल

सही खबर- भेदी नजर

haryanamail.in @haryanamail

सोमवार, 3 अगस्त, 2026

गुरुग्राम , वर्ष -14, अंक - 59, पृष्ठ-12, मूल्य : 3.00 रूपए

RNI NO. : HARHIN/2012/47672




महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण... 9 Page

### बारिश का कहर जारी, कई राज्यों में बिगड़े हालात

## मानसून का महाप्रहार, पांच राज्यों में 27 मौतें

- राजस्थान के 24 जिलों में बारिश, अजमेर की सड़कें जलमग्न
- बिहार में बिजली गिरने से 6 लोगों की मौत, सभी जिलों में अलर्ट
- केरल में बाढ़-भूस्खलन से 8 की मौत, हजारों लोग राहत शिविरों में पहुंचे
- कर्नाटक में लैंडस्लाइड से एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत
- महाराष्ट्र में तबाही, 10 लोगों की मौत

हरियाणा मेल, एजेंसी



**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में मानसून की तेज सक्रियता के कारण भारी बारिश ने हालात बिगाड़ दिए हैं। लगातार हो रही बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। कई स्थानों पर सड़कों पर जलभराव हो गया है, तो कहीं भूस्खलन और बाढ़ जैसी स्थितियों ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। मौसम विभाग ने कई राज्यों में भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है और प्रशासन को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

राजस्थान के 24 जिलों में लगातार बारिश का दौर जारी है। अजमेर सहित कई शहरों में जलभराव की स्थिति बन गई है, जिससे यातायात प्रभावित हुआ है। प्रमुख सड़कों पर पानी भरने के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन ने निचले इलाकों में निगरानी बढ़ा दी है और आगामी दिनों में भी बारिश जारी रहने की संभावना जताई गई है।

बिहार में बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं ने चिंता बढ़ा दी है। बांका जिले में अलग-अलग स्थानों पर बिजली गिरने से छह लोगों की मौत हो गई। प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम के दौरान खुले स्थानों से दूर रहने और सतर्कता बरतने की अपील की है। राज्य के सभी जिलों में मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है।

केरल में हालात और भी गंभीर बने हुए हैं। भारी बारिश के कारण कई क्षेत्रों में बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं सामने आई हैं। इन हादसों में अब तक आठ लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि आठ लोग लापता हैं। राहत और बचाव कार्य तेज कर दिए गए हैं। राज्य सरकार ने 209 राहत शिविर स्थापित किए हैं, जहां 5,792 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

कर्नाटक के शिवमोग्गा जिले में भी भूस्खलन की घटना में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में मल्लिकार्जुन, उनकी पत्नी नागवेणी और तीन वर्षीय बेटा संतोष शामिल हैं। बताया गया कि यह हादसा उस समय हुआ जब वे अपने घर में सो रहे थे और अचानक पहाड़ी से मलबा आ गिरा।

महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश ने भारी तबाही मचाई है। अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है और कई गांवों का संपर्क टूट गया है। उफनती नदियों और फ्लैश फ्लड के कारण हजारों हेक्टेयर में खड़ी खरीफ फसलें जलमग्न हो गई हैं।

यवतमाल जिले में एक दर्दनाक हादसे में पानी से भरे पुल को पार करते समय एक कार बह गई, जिसमें माधवी खंडारे और उनकी दो बेटियों की मौत हो गई, जबकि कार चला रहे अविनाश खंडारे को बचा लिया गया। गढ़चिरौली जिले में नदी में नहाने गए चार बच्चों में से तीन की डूबने से मौत हो गई। भंडारा और अन्य जिलों में भी बारिश से जुड़े हादसों में लोगों की जान गई है।

मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण और पश्चिम भारत के कई हिस्सों में अगले कुछ दिनों तक भारी बारिश जारी रह सकती है। पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन और मैदानी इलाकों में जलभराव की आशंका बनी हुई है।

बारिश से जहां किसानों को कुछ राहत मिलने की उम्मीद है, वहीं अत्यधिक वर्षा से फसलों, सड़कों और आम जनजीवन को भारी नुकसान हो रहा है। प्रशासन और आपदा प्रबंधन टीमें लगातार राहत एवं बचाव कार्यों में जुटी हैं। लोगों से अपील की गई है कि वे मौसम विभाग की चेतावनियों का पालन करें और अनावश्यक रूप से जोखिम वाले क्षेत्रों में न जाएं।

### तमिलनाडु में खड़े ट्रक से टकराई कार

## एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत

- अनियंत्रित कार बनी हादसे की वजह

हरियाणा मेल, एजेंसी



**कोयंबटूर।** तमिलनाडु के कोयंबटूर जिले में पोल्लाची के निकट सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से कार की जोरदार टक्कर होने से एक ही परिवार के पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार किसी भी व्यक्ति को बचाया नहीं जा सका।

पुलिस के अनुसार, कोयंबटूर जिले के मदुक्करई एमएलए स्ट्रीट निवासी कनकराज एक निजी कंपनी में कार्यरत थे। उनके परिवार में पत्नी उमा महेश्वरी, बड़ी बेटी आरती और छोटी बेटी नर्मदा थीं। रविवार को कनकराज अपने परिवार तथा दूर के रिश्तेदार रामन के साथ कार से उदुमलपेट स्थित अपने कुलदेवता मंदिर में दर्शन कर वापस घर लौट रहे थे। कार कनकराज स्वयं चला रहे थे।

दोपहर के समय जब उनकी कार पोल्लाची के पास नल्लाम्पल्ली इलाके से गुजर रही थी, तभी वह अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से जा टकराई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कनकराज, उनकी पत्नी उमा महेश्वरी, दोनों बेटियां आरती और नर्मदा तथा रिश्तेदार रामन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही गोमंगलम पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की सहायता से राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया।

## पप्पू यादव की प्रेस वार्ता में हंगामा, शख्स ने फेंकी चप्पल

- एक अज्ञात व्यक्ति के चप्पल फेंकने का आरोप, समर्थकों ने की पिटाइ
- दिल्ली आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मारपीट, वीडियो वायरल

हरियाणा मेल, एजेंसी



**नई दिल्ली।** निर्दलीय सांसद राजेश रंजन 'पप्पू' यादव के दिल्ली स्थित आवास पर शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान उस समय हंगामा मच गया, जब एक अज्ञात व्यक्ति ने उन पर कथित तौर पर चप्पल फेंक दी। घटना के तुरंत बाद वहां मौजूद समर्थकों ने आरोपित को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। बाद में मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी ने हस्तक्षेप कर उसे भीड़ से बाहर निकाला। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

वायरल वीडियो में दिखाई दे रहा है कि प्रेस वार्ता के दौरान एक व्यक्ति पप्पू यादव से कहता है कि भगवा कपड़ा पहन कर उन्होंने भगवान राम की मूर्ति को अयोध्या से सांसद अवधेश प्रताप के पैरों में रख दी, ये बात ठीक नहीं है। इसके बाद उस शख्स ने अपनी चप्पल पप्पू यादव पर फेंक कर मारी। वीडियो में इसके बाद वहां मौजूद कार्यकर्ता चारों ओर से थप्पड़ व घूंसों से उसकी पिटाई करते दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान उसकी शर्ट भी फट जाती है। वीडियो में इस दौरान पुलिसकर्मी बीच-बचाव कर उसे भीड़ से सुरक्षित बाहर निकालने की कोशिश करता दिखाई देता है। हालांकि जब तक उसे बाहर निकाला जाता तब तक पप्पू यादव के समर्थकों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी।

वीडियो में पप्पू यादव भी अफरातफरी के बीच एक अन्य व्यक्ति को पकड़कर ले जाते हुए नजर आते हैं। चप्पल फेंकने वाले व्यक्ति की पहचान अब तक सामने नहीं आई है।

यह घटना ऐसे समय हुई है, जब राममंदिर चढ़ावा चोरी के मुद्दे पर संसद परिसर में पप्पू यादव के विरोध प्रदर्शन को लेकर विवाद पहले से जारी है। शुक्रवार को संसद भवन के बाहर विपक्षी सांसदों ने इस मुद्दे को लेकर सांकेतिक प्रदर्शन किया था। पप्पू यादव पुजारी के वेश में दानपात्र लेकर पहुंचे थे, जबकि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने प्रतीकात्मक रूप से उसमें चंदा डाला था। इसके बाद विपक्षी सांसदों ने सांकेतिक रूप से 'चोरी पकड़े जाने' का नाटक करते हुए पप्पू यादव की प्रतीकात्मक पिटाई भी की थी।

इस प्रदर्शन के बाद उत्तर प्रदेश के कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए। वाराणसी में पातालपुरी मठ के पीठाधीश्वर जगद्गुरु बालक दास की शिकायत पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी सांसद अवधेश प्रसाद और निर्दलीय सांसद पप्पू यादव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। वहीं, लखनऊ में सनातन रक्षा संगठन ने पप्पू यादव की प्रतीकात्मक शवयात्रा निकाली और उनके खिलाफ प्रदर्शन किया। मथुरा में साधु-संतों ने राहुल गांधी और पप्पू यादव की संसद सदस्यता रद्द करने की मांग उठाई थी।

## हरियाणा की बेटी बनी भारत की शान

### जैस्मिन के हाथ तिरंगा, भारत के नाम अगला अध्याय

- स्वर्ण पदक विजेता जैस्मिन लांबोरिया समापन समारोह में ध्वजवाहक
- 13 स्वर्ण सहित 39 पदकों के साथ चौथे स्थान पर रहा भारत

हरियाणा मेल, एजेंसी



**नई दिल्ली।** हरियाणा की बेटी जैस्मिन लांबोरिया सोमवार तड़के ग्लासगो में राष्ट्रमंडल खेलों के समापन समारोह में भारतीय दल की ध्वजवाहक बनेंगी। यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत संघर्ष और सफलता का सम्मान है, बल्कि हरियाणा की मजबूत खेल परंपरा का भी प्रतीक है, जहां बेटियां लगातार अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का नाम रोशन कर रही हैं।

भिवानी की 24 वर्षीय जैस्मिन ने महिलाओं की 57 किलोग्राम भार वर्ग की मुक्केबाजी में शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्तरी आयरलैंड की अनुभवी मुक्केबाज माइकेला वॉल्श को 5-0 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उनके दमदार खेल ने न केवल प्रतिद्वंद्वी को परास्त किया, बल्कि भारत के लिए एक और गौरवशाली क्षण भी जोड़ा। इससे पहले 2022 के बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली जैस्मिन ने इस बार स्वर्ण जीतकर अपने प्रदर्शन को और ऊंचा स्तर दिया।

ग्लासगो में होने वाला समापन समारोह भारत के लिए विशेष महत्व रखता है। भारतीय समयानुसार सोमवार तड़के 1:30 बजे आयोजित इस समारोह में वर्ष 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी भारत को सौंपी जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी अहमदाबाद को मिलेगी। ऐसे में एक ओर जैस्मिन तिरंगा लेकर भारतीय दल का नेतृत्व करेंगी, वहीं दूसरी ओर भारत भविष्य की मेजबानी का दायित्व संभालेगा। भारत ने इन खेलों में कुल 39 पदक जीतकर चौथा स्थान हासिल किया, जिसमें 13 स्वर्ण, 17 रजत और 9 कांस्य पदक शामिल हैं। खासतौर पर मुक्केबाजी में भारतीय खिलाड़ियों ने सात स्वर्ण और तीन रजत पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। इस सफलता में हरियाणा के खिलाड़ियों का अहम योगदान रहा, जिन्होंने अपनी मेहनत और प्रतिभा से देश को गौरवान्वित किया। जैस्मिन इससे पहले विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। उनकी उपलब्धियां इस बात का प्रमाण हैं कि सीमित संसाधनों के बावजूद दृढ़ संकल्प और मेहनत से बड़ी सफलताएं हासिल की जा सकती हैं। उनका ध्वजवाहक बनना उन सभी बेटियों के लिए प्रेरणा है, जो बड़े सपने देखने का साहस रखती हैं।

आज हरियाणा की बेटियां न केवल खेलों में आगे बढ़ रही हैं, बल्कि समाज की सोच भी बदल रही हैं। कभी जिनके सामने बाधाएं थीं, आज वही बेटियां तिरंगा लेकर विश्व मंच पर सबसे आगे चल रही हैं।

## इंडोनेशिया: फेरी में लगी आग 5 की मौत

- 41 लापता, 225 लोगों को बचाया गया

हरियाणा मेल, एजेंसी



**सुराबाया।** इंडोनेशिया के पूर्वी जावा स्थित मदुरा द्वीप के पास रविवार को एक यात्री फेरी में भीषण आग लगने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 41 लोग लापता हैं। राहत की बात यह है कि 225 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया है। लापता लोगों की तलाश के लिए बड़े पैमाने पर बचाव अभियान जारी है।

इंडोनेशिया का दैनिक ऑनलाइन अंग्रेजी समाचार पत्र जकार्ता ग्लोब तथा तुर्किए की सरकारी समाचार एजेंसी अनाडोलू के मुताबिक केएमपी मुटियारा सेंटोसा 2 नामक फेरी सुराबाया के तंजुंग पेराक बंदरगाह से दक्षिण सुलावेसी के मकासर के लिए रवाना हुई थी। यात्रा के दौरान जहाज में अचानक आग लग गई। आग तेजी से फैलने के बाद कई यात्रियों ने अपनी जान बचाने के लिए समुद्र में छलांग लगा दी। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, फेरी में 271 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। बचाव अभियान में नौसेना, सर्च एंड रेस्क्यू टीम और आसपास मौजूद कई जहाज शामिल हैं, जिन्होंने समुद्र में कूदे यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला।

सुराबाया सर्च एंड रेस्क्यू ऑफिस के प्रमुख नानांग सिगिट ने बताया कि हादसे के समय फेरी बुरुआन सापुडी द्वीप से करीब 19 नॉटिकल मील दूर थी। बचाव अभियान में कई जहाजों को लगाया गया है और लापता लोगों की तलाश जारी है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में फेरी के ऊपरी डेक से घना काला धुआं उठता और आग की लपटें पूरे जहाज को चपेट में लेती दिखाई दे रही हैं। वीडियो में लाइफ जैकेट पहने यात्री फेरी के एक किनारे खड़े होकर मदद का इंतजार करते नजर आ रहे हैं। हालांकि, वायरल वीडियो की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।

## होटल के नैपकिन पर भारत के मानचित्र से गायब था पूर्वोत्तर

- लवलीना बरगोहाई ने जताई आपत्ति

हरियाणा मेल, एजेंसी

**गुवाहाटी।** राष्ट्रमंडल खेल 2026 में रजत पदक जीतने वाली असम की स्टार मुक्केबाज लवलीना बरगोहाई ने ग्लासगो के एक होटल में भारत के मानचित्र को गलत तरीके से प्रदर्शित किए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई।

जानकारी के अनुसार, राष्ट्रमंडल खेलों में भाग ले रहे भारतीय दल के सम्मान में मिस्टर सिंह्स इंडिया - द होम ऑफ करी नामक रेस्तरां में विजय उत्सव के अवसर पर रात्रिभोज का आयोजन किया गया था। इस दौरान होटल में इस्तेमाल किए जा रहे नैपकिन पर छपे भारत के मानचित्र में पूर्वोत्तर क्षेत्र को नहीं दशार्या गया था।

लवलीना ने तत्काल इस गंभीर त्रुटि की ओर होटल प्रबंधन का ध्यान आकर्षित किया और स्पष्ट किया कि भारत के मानचित्र का इस प्रकार गलत चित्रण स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने होटल प्रबंधन से भविष्य में ऐसी गलती दोबारा नहीं करने का भी आग्रह किया। इस घटना के बाद सोशल मीडिया पर भी चर्चा तेज हो गई है और कई लोगों ने लवलीना की सतर्कता तथा देश की भौगोलिक अखंडता के प्रति उनकी सजगता की सराहना की।

## पेरू: टूरिस्ट प्लेन क्रैश, 13 की मौत

हरियाणा मेल, एजेंसी



**लीमा (पेरू)।** देश के दक्षिण में नाजका प्रांत के पुएब्लो विएजो इलाके में एक छोटा पर्यटक विमान हादसे का शिकार हो गया। इस हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई। यह विमान शनिवार को नाजका लाइंस आर्कियोलॉजिकल साइट के ऊपर उड़ते समय क्रैश हो गया। एनबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार पेरू के वित्त, पर्यटन, परिवहन और सूचना मंत्रालय ने अलग-अलग बयान में कहा कि विमान में 11 विदेशी नागरिक और दो क्रू मेंबर सवार थे। विदेशी पर्यटकों में इटली, जर्मनी और स्पेन नागरिक थे। परिवहन और सूचना मंत्रालय ने कहा कि इस विमान (सेसना कारवां सी-208) ने दोपहर 12:10 बजे पिस्को एयरपोर्ट से उड़ान भरी । दोपहर 1:00 बजे जब विमान सोकोस शहर के आसपास उड़ रहा था। तभी क्रू ने नास्का एयरपोर्ट के कंट्रोल टावर को आपात सूचना दी। इसके बाद रेडियो संपर्क टूट गया।

स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि विमान पुएब्लो विएजो इलाके में क्रैश हुआ। यह स्थान नाजका शहर से लगभग चार मील और नाजका लाइंस साइट से लगभग लाक मील दूर है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, यह छोटा विमान स्थानीय पेरूवियन एयरलाइन 'एरोडियाना' का है। एरोडियाना ने हादसे पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। कंपनी ने बयान में कहा, "अपने 18 साल के ऑपरेशन के दौरान हमने अपने यात्रियों और क्रू की सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता बनाए रखी है। विमान वापसी की यात्रा शुरू करने की तैयारी कर रहा था, तभी क्रैश हो गया।" पेरू के सरकारी प्रसारक आरपीटी के अनुसार, क्रैश होने के बाद विमान में आग लग गई, जिससे बचाव कार्य करना नामुमकिन हो गया। आग बुझाने और शुरूआती बचाव कार्य के लिए दमकल विभाग के कर्मचारियों और पुलिस अधिकारियों को भेजा गया। नाजका लाइन्स पेरू के मुख्य पर्यटन स्थलों में से एक हैं। यहां हर साल लगभग 1,00,000 पर्यटक आते हैं।

**सियासी घमासान** | मुख्यमंत्री सैनी ने फरीदकोट के विमुक्त जाति समाज सम्मेलन में विपक्ष पर किया हमला

## पंजाब चुनाव में आआपा और कांग्रेस को करारा जवाब देंगे लोग

- पंजाब सरकार खत्म कर रही वंचित समुदाय का आरक्षण, हरियाणा में सरकार बनते ही दिया 10 प्रतिशत कोटा: नायब सैनी

हरियाणा मेल ब्यूरो



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब के फरीदकोट में आयोजित विमुक्त जाति समाज सम्मेलन में पंजाब सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वर्षों से न्याय और सम्मान की प्रतीक्षा कर रहे डीएससी समाज को हरियाणा में भाजपा सरकार ने सत्ता संभालते ही पहली कैबिनेट बैठक में 10 प्रतिशत आरक्षण देने का ऐतिहासिक फैसला किया, जबकि पंजाब में डीएससी समाज के आरक्षण को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में पंजाब की जनता आम आदमी पार्टी और कांग्रेस को करारा जवाब देगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने डीएससी समाज के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए लगातार काम किया है। उन्होंने बताया कि हरियाणा में 5600 पुलिसकर्मियों की भर्ती में डीएससी समाज के 604 युवाओं को बिना किसी सिफारिश और बिना पैसे के नौकरी मिली। इसी तरह हाल ही में हुई ग्रुप-डी की 3200 पदों की भर्ती में डीएससी समाज के 334 गरीब परिवारों के युवाओं को रोजगार मिला है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके विपरीत पंजाब में चयन प्रक्रिया पूरी करने और मेडिकल टेस्ट पास करने के बाद भी वंचित समाज के युवाओं को ज्वाइनिंग नहीं दी जा रही है।

नायब सिंह सैनी ने पंजाब सरकार की भर्ती प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि एक्साइज इंस्पेक्टर भर्ती मामले में अनियमितताओं ने आम आदमी पार्टी सरकार की कथित ईमानदारी की पोल खोल दी है। उन्होंने कहा कि इस भर्ती में सामने आई गड़बड़ियों के कारण मामला पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट तक पहुंचा और अदालत ने भी इस पर रोक लगाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब में युवाओं के साथ अन्याय हो रहा है और नौकरियां पारदर्शी तरीके से नहीं दी जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब के लोग हरियाणा की नीतियों को देख रहे हैं और चाहते हैं कि ऐसी योजनाएं पंजाब में भी लागू हों। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने चुनाव से पहले किए गए 217 वादों में से 70 वादे डेढ़ साल के कार्यकाल में पूरे कर दिए हैं। उन्होंने महिलाओं के लिए 2100 रुपये प्रतिमाह सहायता योजना का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार ने इसके लिए बजट में प्रावधान किया है और अब तक 1650 करोड़ रुपये महिलाओं के खातों में भेजे जा चुके हैं। उन्होंने पंजाब सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वहां महिलाओं को 1000 रुपये देने का वादा अब तक पूरा नहीं हुआ है।

सैनी ने स्वास्थ्य क्षेत्र में हरियाणा सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आयुष्मान योजना को प्रदेश में चिरायु योजना के साथ विस्तार दिया गया है। इसके तहत करीब डेढ़ करोड़ लोगों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले समय में 40 लाख लोगों का पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज कराया गया है, जिस पर सरकार ने लगभग 4000 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने डीएससी और डीएनटी समाज सहित गरीब परिवारों को आवास उपलब्ध कराने का काम किया है। उन्होंने बताया कि हरियाणा में पिछले 12 वर्षों में गरीब परिवारों को 1.60 लाख मकानों की चाबियां सौंपी गई हैं। इसके अलावा डीएससी समाज के परिवारों के लिए कई आवास कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं और जल्द ही फरीदाबाद में भी हजारों परिवारों को लाभ दिया जाएगा।

## बरनाला: कांग्रेस की दिखी गुटबाजी, चन्नी समर्थकों ने लगाए नारे

- राजा वड़िंग ने कार्यकर्ताओं से शांति बनाए रखने की अपील की

हरियाणा मेल, एजेंसी



**चंडीगढ़।** संगरूर और पटियाला में पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी तथा पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग के समर्थकों के बीच हुए विवाद के बाद अब बरनाला में भी कांग्रेस की अंदरूनी खींचतान सामने आ गई है। यहां आयोजित "हर बूथ, कांग्रेस मजबूत" कार्यक्रम में चन्नी समर्थकों ने उनके समर्थन में नारेबाजी शुरू कर दी। कार्यक्रम में पंजाब कांग्रेस प्रभारी भूपेश बघेल, राजा वड़िंग, विधायक कुलदीप सिंह काला ढिल्लों, पूर्व मंत्री ब्रह्म मोहिंद्रा, राज कुमार वेरका और रजिया सुल्ताना सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। नेताओं के संबोधन के दौरान नारेबाजी शुरू होने पर राजा वड़िंग ने कार्यकर्ताओं से कई बार शांत रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियों से पार्टी को मजबूत करने के प्रयास प्रभावित हो सकते हैं। विधायक काला ढिल्लों भी कार्यकताओं को शांत कराने पहुंचे। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा कि कुछ नेता बाहर पार्टी को मजबूत करने की बात करते हैं, लेकिन पंजाब में आकर एक-दूसरे को कमजोर करने में लग जाते हैं। रजिया सुल्ताना ने कहा कि यदि किसी कार्यकर्ता या नेता को कोई शिकायत है तो उसे पार्टी हाईकमान के सामने रखना चाहिए।

# ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के प्रमुखों की बैठक 3-4 अगस्त को लखनऊ में

**परिवर्तन के प्रेरक के रूप में गुणवत्तापूर्ण सांख्यिकी महत्वपूर्ण**

BRICS 2026

हरियाणा मेल, एजेंसी

**लखनऊ।** ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालयों (एनएसओ) के प्रमुखों की बैठक भारत की अध्यक्षता में 3 से 4 अगस्त को उत्तर प्रदेश के लखनऊ में आयोजित होने वाली है। ब्रिक्स देशों में ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्त्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) शामिल हैं।

ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालयों, नीति निर्माताओं, शिक्षाविदों, थिंक टैंकों, नागरिक समाज संगठनों और तकनीकी विशेषज्ञों की भागीदारी के साथ, ब्रिक्स राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालयों (एनएसओ) के प्रमुखों की बैठक के साथ-साथ निम्नलिखित विषयों पर आधे दिन के दो सह-कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें 3 अगस्त को प्रशासनिक डेटा की क्षमता को उजागर करना तथा 4 अगस्त को विकसित होते डेटा पारिस्थितिकी तंत्र में एआई की तैयारी जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। इस बैठक में ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालयों के प्रमुखों की बैठक में ब्राजील, रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्त्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात के प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। इसका उद्देश्य ब्रिक्स जेएसपी के माध्यम से सांख्यिकी के प्रसार, सांख्यिकी प्रणालियों में नवाचार और ज्ञान एवं सर्वोत्तम परिपाटियों के आदान-प्रदान के क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करना है

आयोजन से जुड़े एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि वर्ष 2026 में भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता सुदृढ़शीलता, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण (ब्रिक्स) के व्यापक विषय द्वारा निर्देशित है। ब्रिक्स सांख्यिकी ट्रैक के अंतर्गत, भारत ने परिवर्तन के प्रेरक के रूप में गुणवत्तापूर्ण सांख्यिकी विषय को अपनाया है। यह डेटा की गुणवत्ता, नवाचार, प्रभावी प्रसार और जन-केंद्रित सांख्यिकीय प्रणालियों के लिए अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ता है। यह तीव्र तकनीकी प्रगति, उच्च आवृत्ति एवं विस्तृत डेटा की बढ़ती मांग और साक्ष्य-आधारित, टिकाऊ और समावेशी विकास का समर्थन करने के लिए आधिकारिक सांख्यिकी पर बढ़ती निर्भरता के प्रति उत्तरदायी हैं। आधुनिक ब्रिक्स नीति निर्माण विकास पर नजर रखने, निर्णयों का मार्गदर्शन करने और आपसी समझ बनाने के लिए मजबूत आंकड़ों पर निर्भर करता है। वर्ष 2010 से, सदस्य देशों ने सुलभ, सामंजस्यपूर्ण डेटा प्रदान करने के लिए संयुक्त सांख्यिकी प्रकाशन (जेएसपी) और स्नैपशॉट ब्रिक्स जेएसपी (2020 में प्रस्तुत) प्रकाशित किए हैं। समय के साथ, ब्रिक्स सांख्यिकी सहयोग बुनियादी डेटा संग्रह से आगे बढ़कर नीति निमार्ताओं, शोधकताओं और आम जनता के लिए डेटा मानकों, सामंजस्य और नवाचार पर गहन समन्वय की ओर विकसित हुआ है। सांख्यिकी मामलों पर दो मुख्य कार्यक्रम प्रति वर्ष आयोजित किए जाते हैं । इसके साथ ही एनएसओ की तकनीकी बैठक व एनएसओ के प्रमुखों की बैठक भी होती है।

तकनीकी बैठक 16 अप्रैल से 17 अप्रैल, 2026 के दौरान हुई। यह बैठक मुख्य रूप से ब्रिक्स जेएसपी और स्नैपशॉट ब्रिक्स जेएसपी के अध्यायों पर चर्चा को सुविधाजनक बनाने के लिए आयोजित की गई थी। चर्चा का केंद्र बिंदु जेएसपी और स्नैपशॉट 2026 के लिए पारस्परिक रूप से सहमत ढांचा विकसित करना था। इसके साथ ही प्रत्येक राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) से जिम्मेदारियों का आवंटन निर्धारित करना और उनके योगदान के लिए समयसीमा तय करना भी इसका उद्देश्य था। ब्रिक्स सांख्यिकी ट्रैक का उद्देश्य ब्रिक्स के प्रमुख सांख्यिकीय उत्पादों (जेएसपी और स्नैपशॉट) को सुदृढ़ बनाना, राष्ट्रीय सांख्यिकी प्रणालियों में नवाचार और सुधार, डेटा प्रसार और पहुंच, व्यापक आर्थिक एवं क्षेत्रीय सांख्यिकी को सुदृढ़ बनाते हुए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के अंतर्गत परिणाम प्रदान करना है।

# अमेरिका-ईरान तनाव बढ़ा, संभावित सैन्य कार्रवाई की अटकलों के बीच तेहरान ने दी कड़ी चेतावनी



हरियाणा मेल, एजेंसी

**वाशिंगटन/तेल अवीव/तेहरान।** पश्चिम एशिया में अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच तनाव एक बार फिर बढ़ता नजर आ रहा है। विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, अमेरिका और इजराइल ईरान के खिलाफ संभावित सैन्य विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। हालांकि, किसी नए हमले की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। दूसरी ओर, ईरान ने चेतावनी दी है कि यदि उस पर हमला किया गया तो वह इसका व्यापक और कड़ा जवाब देगा।

मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, संभावित सैन्य कार्रवाई में ईरान के ऊर्जा ढांचे को निशाना बनाए जाने की चर्चा है। इस बीच ईरान के अधिकारियों ने कहा है कि किसी भी हमले की स्थिति में जवाब केवल फारस की खाड़ी तक सीमित नहीं रहेगा। ईरानी सांसद इब्राहिम रेजाई ने दावा किया कि देश की सेना हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।

रिपोर्टों के अनुसार, सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बातचीत कर क्षेत्र में तनाव कम करने की आवश्यकता पर जोर दिया। वहीं, मध्य पूर्व के कुछ देशों में स्थित अमेरिकी दूतावासों ने अपने नागरिकों को सतर्क रहने और आवश्यकता पड़ने पर वहां से निकलने की तैयारी रखने की सलाह दी है। उधर, होर्मुज जलडमरूमध्य में समुद्री सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ी है। ब्रिटेन की समुद्री सुरक्षा एजेंसी ने एक वाणिज्यिक टैंकर के क्षतिग्रस्त होने और दूसरे के निकट विस्फोट जैसी घटनाओं की जानकारी दी है। हालांकि, इन घटनाओं की जिम्मेदारी किसी संगठन या देश ने नहीं ली है।

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने तुर्किये, पाकिस्तान और सऊदी अरब के अधिकारियों से बातचीत कर तनाव कम करने के प्रयास किए। वहीं, हूती विद्रोहियों ने बाब-अल-मंदेब जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों से टोल वसूले जाने के आरोपों का खंडन किया है। क्षेत्र में बढ़ते तनाव के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और समुद्री व्यापार पर संभावित प्रभाव को लेकर अंतरराष्ट्रीय समुदाय की चिंता बनी हुई है।

# भूमध्य सागर में रूस के 'शैडो फ्लीट' से जुड़े प्रतिबंधित टैंकर पर यूरोपीय संघ की कार्रवाई



**रोम।** इटली के नेतृत्व वाले यूरोपीय संघ (ईयू) के नौसैनिक मिशन ने रविवार को भूमध्य सागर में रूस के तथाकथित 'शैडो फ्लीट' से जुड़े एक प्रतिबंधित तेल टैंकर पर चढ़कर उसकी राष्ट्रीयता और ध्वज पंजीकरण की जांच की। इटली के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह कार्रवाई जहाज पर फर्जी ध्वज के इस्तेमाल के संदेह के आधार पर की गई। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, 'टोआ पायोह' नामक यह टैंकर, जिस पर यूरोपीय संघ पहले ही प्रतिबंध लगा चुका है, कैमरून के ध्वज के तहत बेनिन से तुर्किये के इस्तांबुल की ओर जा रहा था। इसे इटली के पेंटेलेरिया द्वीप के पश्चिम में भूमध्य सागर में रोका गया। मंत्रालय ने बताया कि जहाज के कप्तान ने शुरूआती चरण में जांच में सहयोग नहीं किया। इसके बाद इन्वाफॉर मेड आईरिनी मिशन के प्रमुख युद्धपोत थाओन दी रेवेल से हेलीकॉप्टर के जरिए इतालवी सैन्यकर्मियों की एक टीम जहाज पर उतारी गई। करीब दो घंटे तक चली इस जांच में एक यूनानी नौसैनिक पोत और पोलैंड के समुद्री गश्ती विमान ने भी सहयोग किया। अभियान सुरक्षित रूप से पूरा हुआ और जांच के दौरान प्राप्त दस्तावेजों का इतालवी अधिकारी परीक्षण कर रहे हैं। यूरोपीय संघ का आरोप है कि रूस यूक्रेन युद्ध के बाद तेल निर्यात पर लगाए गए प्रतिबंधों से बचने के लिए तथाकथित 'शैडो फ्लीट' का उपयोग कर रहा है। इसी कारण ईयू ने ऐसे कई जहाजों पर प्रतिबंध लगाए हैं।

## खबरें फटाफट

### नेपाली पर्वतारोही निर्मल पुर्जा 'निम्स दाई' का शव पाकिस्तान के ब्रॉड पीक पर्वत पर मिला



**काठमांडू।** प्रसिद्ध नेपाली पर्वतारोही निर्मल पुर्जा 'निम्स दाई' का शव तीन दिन बाद रविवार को पाकिस्तान के ब्रॉड पीक पर्वत पर मिल गया है। वह ब्रॉड पीक पर तीन दिन पहले लगभग 5,700 मीटर की ऊंचाई पर लापता हो गए थे। पाकिस्तान के अल्पाइन क्लब (एसीपी) के अनुसार निर्मल पुर्जा और उनकी टीम का गुरुवार सुबह हिमस्खलन (एवलांच) की चपेट में आने के बाद उनसे संपर्क टूट गया था। इससे पहले शनिवार को उनके अभियान का आयोजन करने वाली कंपनी एलिट एक्सपेड ने पाकिस्तानी पर्वतारोही सोहेल साखी सहित अभियान में शामिल सभी सदस्यों की मृत्यु की पुष्टि की थी। एसीपी की नायला कियानी ने एक आधिकारिक बयान में निर्मल पुर्जा 'निम्स दाई' का शव मिलने की पुष्टि की। एसीपी के बयान में कहा गया, हमें अत्यंत दुख के साथ यह जानकारी साझा करनी पड़ रही है कि स्थल मार्ग से पहुंची बचाव टीम ब्रॉड पीक पर लगभग 5,700 मीटर की ऊंचाई पर निर्मल पुर्जा 'निम्स दाई' के शव तक पहुंच गई है। वहां तीन अन्य शव भी दिखाई दिए हैं, लेकिन उनकी पहचान की अभी पुष्टि नहीं हो सकी है। बचाव दल सभी शवों को जापानी कैंप तक लाएगा। एसीपी ने यह भी बताया कि अत्यंत कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बीच राहत एवं बचाव अभियान जारी है।

### बाढ़ का असर बरकरार, धेमाजी-शिवसागर में नदियां खतरे के निशान से ऊपर, 1.78 लाख लोग प्रभावित

**गुवाहाटी।** असम में अधिकांश क्षेत्रों से बाढ़ का पानी घटने लगा है, लेकिन धेमाजी और शिवसागर जिलों में नदियां एक बार फिर खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। सबसे अधिक प्रभावित ऊपरी असम के शिवसागर, चराईदेव, जोरहाट और गोलाघाट जिलों में जनजीवन अब भी सामान्य नहीं हो पाया है। शिवसागर जिले में बाढ़ से व्यापक तबाही हुई है और अनेक परिवार अब भी अपने घरों में नहीं लौट सके हैं। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के अनुसार दिखौ नदी (शिवसागर) और धनसिरि नदी (नुमलीगढ़) का जलस्तर अभी भी खतरे के निशान से ऊपर है। राज्य में बाढ़ से मरने वालों की कुल संख्या 82 हो चुकी है, हालांकि शनिवार को किसी नई मौत की सूचना नहीं मिली।

फिलहाल राज्य के सात जिले, 20 राजस्व मंडल और 349 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। लगभग 1.78 लाख लोग प्रभावित हैं, जबकि 15,060 हेक्टेयर कृषि भूमि जलमग्न है। सरकार ने 44 राहत शिविर और 17 राहत वितरण केंद्र संचालित किए हैं, जहां हजारों लोग आश्रय और सहायता प्राप्त कर रहे हैं। राहत एवं बचाव कार्य में एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, सेना, वायुसेना, पुलिस और अन्य एजेंसियां जुटी हैं। प्रभावित क्षेत्रों में 79 मेडिकल टीमें भी तैनात की गई हैं।

### नेपाल के सिरहा में दी गई कर्फ्यू में ढील

**काठमांडू।** नेपाल के सिरहा जिला प्रशासन ने गोलबाजार क्षेत्र में लागू कर्फ्यू आदेश में आज शाम तक के लिए ढील देने का निर्णय लिया है। हालांकि जिले में इस दौरान निषेधाज्ञा जारी रखा गया है।


मुख्य जिला अधिकारी सुरेन्द्र पौडेल के अनुसार, सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के बाद आज सुबह 10:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक कर्फ्यू में राहत दी गई है। स्थानीय परिस्थितियों का मूल्यांकन करने के बाद कर्फ्यू को और अधिक समय के लिए ढील देने या फिर से सख्ती से लागू करने संबंधी आवश्यक निर्णय लिया जाएगा।

साथ ही गोलबाजार क्षेत्र में वाहनों के संचालन को भी सुगम बनाया जाएगा। हालांकि, कर्फ्यू में ढील की अवधि के दौरान भी लोगों से पांच से अधिक व्यक्तियों के समूह में एकत्र नहीं होने की अपील की गई है।

गौरतलब है कि सुनसरी की घटना के बाद उत्पन्न तनाव के कारण पिछले कुछ दिनों से गोलबाजार क्षेत्र में कर्फ्यू लागू किया गया था। प्रशासन का कहना है कि हालिया सुरक्षा स्थिति में सुधार को देखते हुए फिलहाल दिन के समय कर्फ्यू में राहत दी गई है।

# व्यावसायिक कोयला खनन से देश में उत्पादन एक अरब टन के पार पहुंचा, 141 खदानों की हुई नीलामी

हरियाणा मेल, एजेंसी




**नई दिल्ली।** देश में व्यावसायिक कोयला खनन व्यवस्था लागू होने के बाद कोयला उत्पादन एक अरब टन से अधिक रहा है। जून 2020 से अब तक 14 चरणों में 141 व्यावसायिक कोयला खदानों की नीलामी की जा चुकी है, जिनसे पूर्ण उत्पादन शुरू होने पर प्रतिवर्ष लगभग 47 हजार करोड़ रुपये का राजस्व और करीब 4.75 लाख रोजगार सृजित होने का अनुमान है।

कोयला मंत्रालय ने रविवार को बताया कि वर्ष 2024-25 में देश का कोयला उत्पादन 1,047.52 मिलियन टन तथा वर्ष 2025-26 में 1,040.08 मिलियन टन रहा। वर्ष 2014-15 में यह उत्पादन 609.18 मिलियन टन था। मंत्रालय के अनुसार, इस वृद्धि में कैप्टिव और व्यावसायिक कोयला खदानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और राष्ट्रीय उत्पादन में उनकी हिस्सेदारी वर्ष 2021-22 के 10.9 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2025-26 में 20.2 प्रतिशत हो गई।

भारत विश्व का पांचवां सबसे बड़ा कोयला भंडार रखने वाला तथा दूसरा सबसे बड़ा कोयला उत्पादक और उपभोक्ता देश है। देश की प्राथमिक ऊर्जा आवश्यकता का लगभग 55 प्रतिशत हिस्सा कोयले से पूरा होता है, जबकि 70 प्रतिशत से अधिक बिजली उत्पादन भी कोयले पर आधारित है।

वर्ष 2014 में उच्चतम न्यायालय द्वारा 204 कोयला ब्लॉकों का आवंटन रद्द किए जाने के बाद पारदर्शी नीलामी व्यवस्था लागू की गई। इसके तहत 18 जून 2020 को आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत व्यावसायिक कोयला खनन की शुरूआत की गई, जिससे निजी कंपनियों को भी खुले बाजार में कोयला बेचने की अनुमति मिली।

मंत्रालय ने बताया कि जून 2020 से अब तक 14 चरणों में 141 कोयला खदानों की नीलामी की गई है, जिनकी कुल वार्षिक उत्पादन क्षमता 366.35 मिलियन टन है। इनमें 123 खदानें निजी कंपनियों को मिली हैं तथा 44 सफल बोलीदाता ऐसे हैं, जिन्होंने पहले कभी कोयला खनन नहीं किया था। औसत राजस्व साझेदारी 24.17 प्रतिशत रही, जो निर्धारित न्यूनतम चार प्रतिशत से लगभग छह गुना अधिक है।

वर्ष 2025-26 में कैप्टिव और व्यावसायिक खदानों से कुल 210.46 मिलियन टन कोयला उत्पादन हुआ, जो पहली बार 200 मिलियन टन के आंकड़े को पार कर गया। इनमें व्यावसायिक खदानों का योगदान 26.12 मिलियन टन रहा और वर्तमान में 23 व्यावसायिक खदानें उत्पादन में हैं।

नीलाम की गई सभी व्यावसायिक खदानों के पूर्ण संचालन पर लगभग 48,756 करोड़ रुपये का पूंजी निवेश होगा। साथ ही, प्रीमियम से प्राप्त राजस्व वर्ष 2014-15 के 461 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 2025-26 में 5,553 करोड़ रुपये हो गया है।

मंत्रालय ने कहा कि सभी नीलाम खदानों को शीघ्र उत्पादन में लाने के लिए मंजूरी प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। इसके परिणामस्वरूप पूर्ण रूप से अन्वेषित खदानों के संचालन की समयसीमा 51 महीने से घटाकर 40 महीने तथा आंशिक रूप से अन्वेषित खदानों के लिए 66 महीने से घटाकर 52 महीने कर दी गई है।

# नेपाल में पेट्रोल-डीजल महंगा होने के आसार, नई दरों पर बोर्ड करेगा फैसला

हरियाणा मेल, एजेंसी




**काठमांडू।** नेपाल में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में जल्द बढ़ोतरी हो सकती है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने नेपाल ऑयल निगम (एनओसी) को पेट्रोलियम उत्पादों की नई मूल्य सूची सौंप दी है, जिसमें इस बार पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में दोहरे अंक (डबल डिजिट) की वृद्धि दर्ज की गई है। इसके बाद नेपाल में भी ईंधन की खुदरा कीमतों में बढ़ोतरी की संभावना प्रबल हो गई है।

आईओसी प्रत्येक माह की 15 और अंतिम तारीख को नई मूल्य सूची नेपाल ऑयल निगम को भेजता है। इसके आधार पर निगम सामान्यतः हर महीने की 1 और 16 तारीख को नई खुदरा दरें जारी करता है। हालांकि, 1 अगस्त को नई सूची मिलने के बावजूद अब तक संशोधित मूल्य सूची जारी नहीं की गई है।

नेपाल ऑयल निगम के प्रवक्ता मनोज कुमार ठाकुर ने बताया कि इस बार कीमतों में बड़ा बदलाव हुआ है। स्वचालित मूल्य निर्धारण प्रणाली के तहत निगम प्रबंधन अधिकतम दो रुपये प्रति लीटर तक ही कीमतों में बदलाव कर सकता है। इससे अधिक संशोधन के लिए निगम के निदेशक मंडल की मंजूरी आवश्यक होती है।

उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि का सीधा असर आईओसी की नई मूल्य सूची पर पड़ा है। शनिवार और रविवार की छुट्टियों के कारण बोर्ड की बैठक नहीं हो सकी, इसलिए नई दरों की घोषणा में देरी हुई है। बैठक के बाद ही संशोधित मूल्य सूची जारी की जाएगी।

भारत से आयातित पेट्रोलियम उत्पादों की लागत बढ़ने के कारण नेपाल में पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ना लगभग तय माना जा रहा है। हालांकि, नई दरें कब से लागू होंगी, इसकी आधिकारिक घोषणा अभी बाकी है।

# सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एसआईटी करे राम मंदिर चढ़ावा चोरी की जांच : कांग्रेस

हरियाणा मेल, एजेंसी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण को लेकर भाजपा और ट्रस्ट को लेकर दावा किया कि मंदिर निर्माण के दौरान सैकड़ों करोड़ रुपये की चोरी हुई, सोने-चांदी पिघलाकर बेचे गए और पैसा शेयर बाजार में लगाया गया। उन्होंने इसे करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था पर डकैती बताते हुए उच्चतम न्यायालय की देखरेख में विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने की मांग की।

प्रमोद तिवारी ने रविवार को यहां कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि मंदिर में सिर्फ चढ़ावे की चोरी नहीं हुई, बल्कि शिला पूजन के समय से ही गड़बड़ियां शुरू हो गई थीं। भाजपा ने मंदिर निर्माण को हमेशा चुनावी मुद्दा बनाए रखा और वास्तविक निर्माण उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद ही संभव हुआ। उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा अधूरे मंदिर में कराई गई और शंकराचार्यों को आमंत्रित नहीं किया गया, जबकि पूजा उन्हीं से कराई जानी चाहिए थी। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अयोध्या दौरे की तैयारियों पर 112 करोड़ रुपये खर्च किए गए, जिसमें फूल और कुर्सियों की खरीद कई गुना अधिक कीमत पर की गई।

उन्होंने आरोप लगाया कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के दौरान सात बड़े जमीनी सौदे हुए, जिनमें सर्किल रेट से 17 गुना अधिक रकम का भुगतान किया गया। एक सौदे में 2 करोड़ रुपये की जमीन खरीदकर 10 मिनट बाद 18 करोड़ रुपये में बेची गई। मंदिर से चढ़ावा चोरी होने पर प्रधानमंत्री भी जिम्मेदारी से बच नहीं सकते। भाजपा चढ़ावा चोरी को भुलाने की कोशिश कर रही है, लेकिन उन्हें जवाब देना ही होगा। हमारी मांग है कि उच्चतम न्यायालय की देखरेख में एसआईटी जांच कराई जाए ताकि आस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो सके।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 3 से 5 अगस्त तक ओडिशा दौरे पर



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 3 से 5 अगस्त तक ओडिशा के दौरे पर रहेंगी। इस दौरान वह कई सार्वजनिक कार्यक्रमों में शामिल होंगी।

राष्ट्रपति सचिवालय ने बताया कि 3 अगस्त को राष्ट्रपति कटक में जगद्गुरु कृपालु विश्वविद्यालय का उद्घाटन करेंगी। इसके बाद 4 अगस्त को वह भुवनेश्वर से बेरहामपुर तक ट्रेन की यात्रा करेंगी और तप्तापानी स्थित मां कंधुनी देवी मंदिर तथा शिव मंदिर में दर्शन और आरती करेंगी।

# होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने के समझौते की खबरों का खंडन कर ईरान ने कहा, नीति में बदलाव नहीं

हरियाणा मेल, एजेंसी




**तेहरान।** ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने को लेकर सामने आ रही खबरों को सिरे से खारिज कर दिया है। ईरानी अधिकारियों के करीबी सूत्रों ने दावा किया है कि इस रणनीतिक समुद्री मार्ग को लेकर देश की नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है और इस संबंध में चल रही खबरें पूरी तरह गलत हैं।

ईरान की परमाणु वार्ता टीम से जुड़े एक सूत्र ने फार्स न्यूज एजेंसी से कहा कि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा खोलने के संबंध में किसी भी तरह का समझौता नहीं किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस तरह की खबरें तथ्यहीन हैं और इनका वास्तविकता से कोई संबंध नहीं है।

वहीं, ईरानी सेना के एक जानकार सूत्र ने भी इन दावों को खारिज करते हुए कहा कि जब तक अमेरिका की ओर से आक्रामक रुख जारी रहेगा, तब तक होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर ईरान की नीति में कोई बदलाव नहीं होगा।

सैन्य सूत्र के अनुसार, केवल निर्धारित समुद्री मार्गों से ही जहाजों को आवाजाही की अनुमति दी जाएगी। इसके लिए ईरान की आईआरजीसी नौसेना के साथ समन्वय और पूर्व अनुमति आवश्यक होगी। उन्होंने चेतावनी दी कि तय मार्गों से हटकर गुजरने वाले जहाजों को सुरक्षा संबंधी जोखिमों का सामना करना पड़ सकता है।

इससे पहले विदेशी मीडिया संस्थानों ने इजराइली पत्रकार के हवाले से दावा किया था कि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के प्रस्ताव पर सहमत हो गया है। रिपोर्टों में कहा गया था कि प्रस्तावित व्यवस्था के तहत जहाज ईरान के समुद्री क्षेत्र से फारस की खाड़ी में प्रवेश करेंगे और ओमान के समुद्री क्षेत्र से बाहर निकलेंगे।

वहीं, ईरान की तरफ से यह खंडन ऐसे समय में आया है जब पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य की स्थिति पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

विश्लेषकों का कहना है कि इस जलमार्ग से जुड़ा ईरान का कोई भी फैसला वैश्विक तेल की कीमतों, समुद्री व्यापार और क्षेत्रीय सुरक्षा पर तुरंत असर डाल सकता है।

## आज का इतिहास

## इतिहास के पन्नों में 3 अगस्त

# राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त का जन्म, जिन्होंने हिंदी साहित्य को नई दिशा दी



**इतिहास के पन्नों में** 3 अगस्त की तीरीख हिंदी साहित्य के लिए विशेष महत्व रखती है। इसी दिन वर्ष 1886 में हिंदी के प्रख्यात कवि, राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त का जन्म उत्तर प्रदेश के झांसी जिले के चिरगांव में हुआ था। उन्होंने अपनी ओजस्वी और राष्ट्रवादी रचनाओं से हिंदी साहित्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया और स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान जनमानस में देशभक्ति की भावना जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मैथिलीशरण गुप्त को आधुनिक हिंदी कविता के प्रमुख स्तंभों में गिना जाता है। उनकी भाषा सरल, सहज और खड़ी बोली हिंदी पर आधारित थी, जिससे उनकी रचनाएं आम लोगों तक आसानी से पहुंचीं। उनकी प्रसिद्ध कृति 'भारत-भारती' ने देशवासियों में राष्ट्रीय चेतना का संचार किया, जबकि 'साकेत', 'यशोधरा', 'जयद्रथ वध', 'पंचवटी' और 'द्वापर' जैसी रचनाएं आज भी हिंदी साहित्य की अमूल्य धरोहर मानी जाती हैं।

महात्मा गांधी ने उनकी साहित्यिक प्रतिभा और राष्ट्रसेवा से प्रभावित होकर उन्हें 'राष्ट्रकवि' की उपाधि दी थी। स्वतंत्र भारत में उन्हें राज्यसभा का सदस्य भी मनोनीत किया गया, जहां उन्होंने हिंदी भाषा और भारतीय संस्कृति के संरक्षण की आवाज बुलंद की।

मैथिलीशरण गुप्त का निधन 12 दिसंबर 1964 को हुआ, लेकिन उनकी रचनाएं आज भी भारतीय साहित्य, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा बनी हुई हैं। हिंदी साहित्य में उनके योगदान को सदैव सम्मान और आदर के साथ याद किया जाता है।

**जन्म**

1982 - शांतनु ठाकुर - जानेमाने राजनीतिज्ञ हैं जिनका सम्बंध भारतीय जनता पार्टी से है।

1980 - लवली चौबे - भारत की महिला लॉन बॉल टीम की खिलाड़ी हैं।

1933 - शशिकला - भारतीय हिन्दी सिनेमा की प्रसिद्ध खलनायिकाओं में से एक थीं।

**निधन**

2022 - मिथलेश चतुर्वेदी - भारतीय फिल्म व टीवी कलाकार थे।

1993 - स्वामी चिन्मयानंद - भारत के प्रसिद्ध आध्यात्मिक चिंतक तथा वेदान्त दर्शन के विश्व प्रसिद्ध विद्वान।

1990 - सी. एम. पुनाचा - स्वतंत्रता सेनानी, राजनीतिज्ञ तथा उड़ीसा और मध्य प्रदेश के भूतपूर्व राज्यपाल।

**महत्वपूर्ण अवसर**

विश्व स्तनपान दिवस (सप्ताह)।

हृदय प्रत्यारोपण दिवस (भारत)।

## महत्वपूर्ण घटनाचक्र

1108 - लुई षष्ठम फ्रांस का सम्राट बना।

1492 - यूरोपीय देश स्पेन से सभी यहूदियों को बाहर निकाला गया।

1492 - इटली का नाविक क्रिस्टोफर कोलंबस तीन पोत के साथ भारत की खोज के लिए रवाना हुआ।

1678 - राबर्ट लासैले ने अमेरिका में पहले जहाज का निर्माण किया।

1780 - मेहर पोफम के तहत कैप्टन ब्रूस ने ग्वालियर पर कब्जा किया।

1886 - हिंदी के विद्वान मैथिली शरण गुप्त का जन्म।

1900 - फर्स्ट वन टायर एंड रबर कंपनी की स्थापना।

1914 - पहला समुद्री जहाज पनामा नहर से गुजरा।

1914 - जर्मनी ने फ्रांस पर युद्ध की घोषणा की। पहले विश्वयुद्ध की शुरूआत की ये एक महत्वपूर्ण घटना थी।

1925 - अमेरिका की अंतिम सैन्य टुकड़ी ने निकारागुआ छोड़ा।

1946 - अमेरिका में खुला था पहला थीम पार्क सांता क्लॉज लैंड

1948 - इंडियन एटॉमिक एनर्जी कमीशन की स्थापना हुई।

1957 - अब्दुल रहमान को मलेशिया का नया नेता चुन लिया गया।

## ग्रोसरी स्टोर में चोरी करते पकड़े गए युवक ने किया इंचार्ज पर हमला

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**गुरुग्राम।** सेक्टर-30 स्थित जेप्टो ग्रोसरी स्टोर में शनिवार की देर रात कुछ युवकों ने स्टोर में घुसकर शिफ्ट इंचार्ज पर हमला कर दिया। इस दौरान वहां पर अफरा-तफरी मच गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। यह पूरी वारदात तीन दिन पुरानी रंजिश का नतीजा बताई जा रही है। स्टोर पर कार्यरत रमन ने रविवार को बताया कि 29 जुलाई को स्टोर के कर्मचारियों ने एक युवक को चोरी करते हुए पकड़ा था। शनिवार की देर रात वह अपने कई साथियों के साथ योजना बनाकर स्टोर पर पहुंचा। वहां मौजूद शिफ्ट इंचार्ज पर हमला कर दिया। पूरी घटना स्टोर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में लेकर खंगाल रही है, जिसके आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। पुलिस का कहना है कि फुटेज की मदद से हमलावरों की धरपकड़ के लिए कार्रवाई जारी है।

# देश का युवा नशामुक्त होकर विकसित भारत के निर्माण का बने भागीदार: राव नरबीर सिंह




### युवाओं को दिलाई नशामुक्ति एवं राष्ट्र निर्माण की शपथ

**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि देश का युवा नशामुक्त होकर राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में अपना सक्रिय योगदान दे। किसी भी राष्ट्र की प्रगति और विकास में युवाओं की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यदि युवा ऊर्जा सही दिशा में आगे बढ़ेगी तो विकसित भारत का संकल्प निश्चित रूप से साकार होगा। इसलिए प्रत्येक युवा नशे जैसी सामाजिक बुराई को त्यागकर राष्ट्र निर्माण के पथ पर आगे बढ़े और विकसित भारत के सामूहिक संकल्प को सफल बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे। राव नरबीर सिंह रविवार को नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत एसजीटी यूनिवर्सिटी में युवाओं को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का देश के युवाओं के नाम नशामुक्त भारत और विकसित भारत के निर्माण में उनकी भूमिका को लेकर दिया गया प्रेरणादायी संबोधन भी उपस्थित युवाओं ने सामूहिक रूप से सुना।

### सिंगल यूज प्लास्टिक छोड़ें, पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लें

कैबिनेट मंत्री ने युवाओं से सिंगल यूज प्लास्टिक का पूरी तरह बहिष्कार करने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण पर्यावरण के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। ऐसे में युवा कपड़े के थैले तथा अन्य पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनाकर इस अभियान का नेतृत्व करें। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक नागरिक अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे सकारात्मक बदलाव लाए तो देश को स्वच्छ, स्वस्थ और प्रदूषण मुक्त बनाने का लक्ष्य आसानी से प्राप्त किया जा सकता है।

### युवाओं की शक्ति ही विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकत

कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने विद्यार्थियों और युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत युवाओं का देश है, जहां लगभग 65 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है। ऐसे में विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में युवाओं की जिम्मेदारी सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि आज कुछ युवा गलत संगत और भटकाव के कारण नशे के चंगुल में फंस रहे हैं, जो न केवल उनके भविष्य बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए भी चिंता का विषय है। हम सभी का दायित्व है कि ऐसे युवाओं को इस दलदल से बाहर निकालें। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें।

# सावन माह का पहला सोमवार... आज भगवान शिव का होगा जलाभिषेक

**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**सोहना।** सावन माह के पहले सोमवार को होने वाले जलभिषेक की तैयारियों को लेकर शहर के मंदिरों में जबरदस्त तैयारियां की जा रही है। शहर के मंदिरों में सजावाट से लेकर भक्तों को जलाभिषेक के दौरान सुविधाएं उपलब्ध कराने पर ध्यान दिया जा रहा है। पहले सोमवार को शिव भक्त मंदिरों में जलाभिषेक करेंगे। शहर के अंदर स्थापित शिव के दर्जनभर मंदिरों में पिछले एक सप्ताह से जबदस्त तैयारियां चल रही है। रविवार को शिव के मंदिरों तैयारियों का अंतिम रुप दे दिया गया। जलाभिषेक को लेकर मंदिरों को सजाया जा रहा है। मंदिरों में वाइटवॉस से लेकर साफ-सफाई और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। ताकि मंदिरों में जलाभिषेक के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र में बने भगवान शिव के मंदिरों में भी जलाभिषेक की तैयारियां की जा रही है। शहर के साथ लगते गांव खाईका, बालूदा, लाखूवास, अलीपुर, घामडौज, गढ़ीबाजीदपुर, खेड़ला, दमदमा, अभयपुर, बेरका, रायसीना आदि में भगवान शिव के मंदिरों में जलाभिषेक को लेकर तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है।

### शहर में कहा-कहा है शिव मंदिर



शहर में अलग-अलग वार्डों में दर्जनभर भगवान शिव के मंदिर है। शहर के वार्ड नंबर 4, 5 6 वार्ड 7, 8, वार्ड 9, वार्ड नंबर 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20 और 21 में बने शिव मंदिरों में पूजारियों द्वारा लगभग पूरी तैयारियां कर ली है। सबसे ज्यादा श्रद्धालुओं द्वारा जलाभिषेक गर्म पानी का चश्मा शिव कुंड पर होता है। जहा पर करीब आधा दर्जन वार्डों से श्रद्धालु जलाभिषेक करने के लिए आते है।

श्रद्धालुओं द्वारा किया जाने वाला जलाभिषेक की सभी सुविधाएं उपलब्ध करा दी गई है। शिव कुंड के बाहर ही मंदिर पर चढ़ाया जाने वाला प्रसाद और अन्य सामग्री उपलब्ध होती है। हर साल सावन माह के अवसर पर सैंकड़ों की संख्यां में श्रद्धालु जलाभिषेक करते है।
संजय कुमार वशिष्ट
मेहनत शिव मंदिर शिव कुंड सोहना

## खबरें फटाफट

### नो-एंट्री तोड़ने वाले 20,412 वाहनों के किए गए चालान

**गुरुग्राम।** द्वारका एक्सप्रेसवे और राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर नो-एंट्री नियमों का उल्लंघन करने वाले 20 हजार 412 वाहनों के चालान किए गए हैं। यातायात पुलिस ने यह कार्रवाई एक से 31 जुलाई के बीच मार्गों पर लगे कैमरों के माध्यम से की।

यातायात पुलिस के अनुसार, द्वारका एक्सप्रेसवे और एनएच-48 पर यातायात को सुरक्षित और सुचारू बनाए रखने के लिए निर्धारित समय के दौरान कुछ श्रेणी के वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बावजूद बड़ी संख्या में वाहन चालक नो-एंट्री नियमों का उल्लंघन कर प्रतिबंधित मार्गों पर प्रवेश कर रहे हैं। ऐसे वाहनों की पहचान करने के लिए दोनों मार्गों पर लगे कैमरों के माध्यम से लगातार निगरानी की जा रही है। जुलाई के दौरान कैमरों में नो-एंट्री नियमों का उल्लंघन करते पाए गए 20,412 वाहनों के नियमानुसार चालान किए गए। पुलिस का कहना है कि तेज गति वाले मार्गों पर प्रतिबंधित वाहनों के प्रवेश से यातायात की रफ्तार प्रभावित होती है। इससे जाम लगने के साथ सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ जाती है। भारी और धीमी गति से चलने वाले वाहनों के अचानक निर्धारित लेन में आने से पीछे से आ रहे वाहनों के लिए खतरा पैदा हो सकता है।

यातायात पुलिस की ओर से वाहन चालकों को समय-समय पर प्रतिबंधित मार्गों, नो-एंट्री के समय और अन्य यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे द्वारका एक्सप्रेसवे और एनएच-48 पर लागू नो-एंट्री नियमों का पालन करें तथा प्रतिबंधित समय में इन मार्गों पर प्रवेश न करें।

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ कैमरों के माध्यम से चालान की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### पुलिस ने 2.646 किलोग्राम गांजे के साथ एक आरोपी किया गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** अपराध शाखा सेक्टर-31 की टीम ने द्वारका एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर खेड़की दौला क्षेत्र से एक व्यक्ति को 2 किलो 646 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ थाना खेड़की दौला में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार, अपराध शाखा सेक्टर-31 की टीम ने एक अगस्त को शनि मंदिर के पास कार्रवाई करते हुए संदिग्ध व्यक्ति को काबू किया। आरोपी की पहचान बिहार के सुपौल जिले के गांव सिसवा निवासी 31 वर्षीय गोपी मंडल के रूप में हुई है। वह फिलहाल गांव खेड़की दौला में रह रहा था। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 2 किलो 646 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह गांजा बिहार से करीब 12 हजार रुपये प्रति किलोग्राम के भाव खरीदकर लाया था। उसकी योजना इसे गुरुग्राम में छोटी-छोटी मात्रा में बेचने की थी, लेकिन बिक्री शुरू करने से पहले ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस रिकॉर्ड की जांच में सामने आया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत गुरुग्राम में पहले भी दो मामले दर्ज हैं।

पुलिस अब गांजा उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति और स्थानीय खरीदारों के बारे में जानकारी जुटा रही है। मामले की जांच जारी है।

### जेप्टो स्टोर की अलमारी से नकदी चोरी, कर्मचारी गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** सेक्टर-43 स्थित जेप्टो स्टोर की अलमारी से नकदी चोरी करने के आरोप में पुलिस ने स्टोर में कार्यरत एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई 42 हजार 600 रुपये की नकदी बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार, एक निजी सिक्योरिटी कंपनी में कार्यरत व्यक्ति ने 31 जुलाई को थाना सुशांत लोक में शिकायत दी थी। उसकी कंपनी की ओर से सी-ब्लॉक, सेक्टर-43 स्थित जेप्टो स्टोर में सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है।

शिकायत में बताया गया कि 26 और 27 जुलाई की रात स्टोर में पैकर के रूप में कार्यरत कर्मचारी ने अलमारी में रखी नकदी चोरी कर ली। शिकायत के आधार पर थाना सुशांत लोक में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच करते हुए थाना सुशांत लोक पुलिस ने 31 जुलाई को आरोपी को गुरुग्राम से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान राजस्थान के झुंझुनू जिले के गांव सेफरागढ़ निवासी अजय कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 42 हजार 600 रुपये बरामद किए हैं। मामले में आगामी कार्रवाई की जा रही है और जांच जारी है।

# भाजपा का लक्ष्य हर बूथ को सशक्त बनाना: त्यागी



**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी गुरुग्राम विधानसभा के द्रोणाचार्य मंडल की मासिक संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भाजपा गुरुग्राम जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में संगठन की आगामी गतिविधियों, बूथ सशक्तिकरण, सदस्यता विस्तार अभियान तथा जनहितकारी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसका मजबूत संगठन और समर्पित कार्यकर्ता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता को संगठन द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों को पूरी निष्ठा, अनुशासन और सक्रियता के साथ धरातल पर उतारना चाहिए। बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक सशक्त बनाकर ही पार्टी की विचारधारा एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा सकता है।

उन्होंने सदस्यता विस्तार अभियान को गति देने, प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा केंद्र एवं हरियाणा सरकार की जनहितकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का निरंतर जनसंपर्क, सेवा भाव और संगठनात्मक समन्वय ही भाजपा की सबसे बड़ी पूंजी है।

बैठक के दौरान द्रोणाचार्य मंडल के पदाधिकारियों के साथ संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों के सफल संचालन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सभी कार्यकर्ताओं से समर्पण, सक्रियता एवं आपसी समन्वय के साथ संगठन को और अधिक प्रभावी बनाने का आह्वान किया गया।

### मुख्य रूप से इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर द्रोणाचार्य मंडल अध्यक्ष आशीष गुप्ता, भाजपा जिला महामंत्री मनीष सैदपुर, मंडल प्रभारी सुंदरी खत्री तथा बीएलए-1 प्रवीण शर्मा सहित मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जलभराव की समस्या का प्रशासन जल्द करें समाधान: तेजपाल तंवर

**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**सोहना।** शहर में बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या को लेकर विधायक तेजपाल तंवर ने परिषद अधिकारियों के साथ बैठक ली। शहर में जलभराव की समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश दिए गए। शहरवासी पिछले करीब 20 साल से बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से जूझते आ रहे है। शहरवासियों ने शहर में होने वाले जलभराव की समस्या को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री रहे दुष्यंत चौटाला के समक्ष भाजपा की पिछली सरकार में रखी थी। इसके बावजूद चार साल बीत जाने के बाद भी शहरवासियों का जलभराव की समस्या से निजात नहीं मिल पा रही है। नगर परिषद प्रशासन पूरे साल शहर को जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए दावे करता रहता है। लेकिन बरसात का मौसम आने पर समस्या वहीं की वहीं खड़ी नजर आती है। जलभराव से शहरवासियों को होने वाली परेशानियों को देखते हुए सोहना-तावडू विधायक तेजपाल तंवर ने गंभीरता से लिया। उन्होने उक्त समस्या को लेकर शनिवार को परिषद कार्यालय में पहुंचकर अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी सुनील रंगा, कार्यकारी अभियंता महेन्द्र सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### जलभराव से दुकानदारों को नुकसान

बरसात के मौसम में होने वाले शहर के बाजारों में जलभराव का असर सबसे ज्यादा दुकानदारों पर पड़ता है। दुकानों में जलभराव होने से दुकानदार को एक ही बार में लाखों रुपये का नुकसान हो जाता है। जलभराव से होने वाले नुकसान की भरपाई न सरकार से होती है और न ही नगर परिषद प्रशासन करता है।

### बरसाती नालों पर अवैध कब्जा बना रुकावट

नगर परिषद शहर से बाहर जाने वाले बरसाती पानी निकास के इस साल नालों की सफाई का 40 लाख रुपये का ठेका छोड़ा हुआ है। लेकिन शहर से बाहर जाने वाले दो मुख्य बरसाती नालों पर हो रहे अवैध कब्जे पानी निकासी में सबसे बड़ी बाधा बनें हुए है। नगर परिषद प्रशासन नालों से अवैध कब्जों को हटाने पर ध्यान नहीं दे रहा है। अवैध कब्जों के कारण नालों की चौड़ाई कम हो जाने से बरसाती पानी की निकासी नहीं हो पा रही है।

# मंत्री राव नरबीर के आवास का घेराव करने पहुंचे वन विभाग कर्मचारी

### पक्का करने, समान वेतन और 26 हजार न्यूनतम वेतन की उठाई मांग

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**गुरुग्राम।** अपनी लंबित मांगों को लेकर प्रदेशभर के वन विभाग कर्मचारियों ने रविवार को हरियाणा के कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह के सिविल लाइन स्थित आवास का घेराव किया। पुलिस की ओर से सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए मंत्री के आवास की ओर जाने वाली दोनों तरफ की सडकों पर बैरिकेडिंग कर दी।

वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से निकाला गया और मौके पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। जैसे ही कर्मचारी जुलूस की शक्ल में कोठी की तरफ बढ़े, पुलिस ने उन्हें बैरिकेड्स के पास ही रोक दिया। इसके बाद कर्मचारी बैरिकेडिंग के पास धरने पर बैठ गए और नारेबाजी कर अपनी मांगें उठाते रहे।

इस दौरान कर्मचारी नेताओं ने बताया कि वे वर्षों से संविदा और दैनिक वेतन पर काम कर रहे हैं। उनकी मुख्य मांगें हैं-कच्चे और अनुबंधित कर्मचारियों को पक्का किया जाए।



समान काम-समान वेतन दिया जाए। समय पर वेतन जारी हो और सामाजिक सुरक्षा लाभ मिलें। न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये किया जाए। भ्रष्ट कर्मचारियों को विभाग से बाहर किया जाए। सभी कर्मचारियों के पहचान पत्र बनाए जाएं।

रिटायरमेंट पर 10 लाख रुपये की राशि दी जाए। कोर्ट केस जीत चुके सभी कर्मचारियों को जॉइन करवाया जाए। सभी पुराने कर्मचारियों को तुरंत प्रभाव से बुलाया जाए। प्रदर्शन के दौरान वन कर्मचारियों ने सरकार से मांग पूरी करने की मांग की।

# दस वर्षों में 64 प्रतिशत फैला गुरुग्राम का शहरी दायरा

**हरियाणा मेल ब्यूरो**

- 2015 में 102.5 वर्ग किमी था बिल्ट-अप एरिया, 2025 में बढ़कर 168.2 वर्ग किमी हुआ
- सड़क, ड्रेनेज, पेयजल, सीवरेज और ट्रांसपोर्ट नेटवर्क की भविष्य की योजना बनाने में मिलेगी मदद



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम का विकसित शहरी क्षेत्र (बिल्ट-अप एरिया) पिछले दस वर्षों में करीब 64 प्रतिशत बढ़ा है। वर्ष 2015 में जहां शहर का बिल्ट-अप एरिया 102.50 वर्ग किलोमीटर था, वहीं वर्ष 2025 तक यह बढ़कर 168.20 वर्ग किलोमीटर हो गया है। गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) के भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) प्रभाग द्वारा कराए गए एक विस्तृत जियोस्पेशियल अध्ययन में यह तथ्य सामने आया है। अध्ययन के अनुसार वर्ष 2030 तक शहर का विस्तार प्रमुख विकास कॉरिडोर के साथ और तेजी से जारी रहने की संभावना है, जिसके मद्देनजर एकीकृत आधारभूत ढांचे की दीर्घकालिक योजना आवश्यक होगी। यह अध्ययन शहर के बदलते विकास स्वरूप के अनुरूप सड़कों, स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज, पेयजल आपूर्ति, सीवरेज नेटवर्क, सार्वजनिक परिवहन, इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम तथा अन्य शहरी आधारभूत सुविधाओं की वैज्ञानिक एवं दीर्घकालिक योजना तैयार करने के उद्देश्य से किया गया है।

जीएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री पी. सी. मीणा ने कहा कि तेजी से विकसित हो रहे शहरों के लिए डेटा आधारित योजना बनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जीआईएस अध्ययन से गुरुग्राम के विकास के पैटर्न को बेहतर ढंग से समझने और भविष्य की आधारभूत संरचना संबंधी आवश्यकताओं का समय रहते आकलन करने में मदद मिलेगी। इससे विकास परियोजनाओं की प्राथमिकता तय करने, संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने और शहरीकरण की गति के अनुरूप आधारभूत ढांचे का विस्तार करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि जीएमडीए का उद्देश्य गुरुग्राम को बेहतर कनेक्टिविटी, आधुनिक नागरिक सुविधाओं और टिकाऊ विकास वाला भविष्य के लिए तैयार शहर बनाना है। जीएमडीए के जीआईएस अनुभाग के हेड वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सुल्तान सिंह ने बताया कि अध्ययन के लिए उच्च-रिजॉल्यूशन सैटेलाइट इमेजरी, जियोग्राफिक इन्फॉर्मेशन सिस्टम (जीआईएस), सांख्यिकीय विश्लेषण तथा एडवांस्ड मशीन लर्निंग मॉडल का उपयोग किया गया।

## देशी कट्टे के साथ युवक गिरफ्तार

**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** अपराध शाखा फर्रुखनगर की टीम ने बाईपास रोड स्थित शराब ठेके के पास से एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक देशी कट्टा बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार, अपराध शाखा फर्रुखनगर की टीम ने एक अगस्त को सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए संदिग्ध युवक को काबू किया। उसकी पहचान उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के गांव बाना निवासी राहुल के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक देशी कट्टा मिला। इस संबंध में थाना फर्रुखनगर में शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह बरामद हथियार उत्तर प्रदेश में एक अन्य व्यक्ति से लेकर आया था। पुलिस अब हथियार उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति के बारे में जानकारी जुटा रही है। मामले में आगामी कार्रवाई जारी है।

# सावन शुरू होते ही फलों के दामों में भारी उछाल

**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**सोहना।** सावन माह शुरू होते ही फलों की मांग बढ़ने के साथ उनकी कीमतों में भी भारी उछाल आ गया है। पिछले 15 दिनों के दौरान विभिन्न फलों के दामों में 20 से लेकर 200 रुपये प्रति किलोग्राम तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सबसे अधिक असर सेब की कीमतों पर पड़ा है। जो सेब करीब 15 दिन पहले 100 से 150 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रहा था, उसकी कीमत अब 300 से 350 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है।

फलों की कीमतों में अचानक आई तेजी ने व्रत रखने वाले लोगों के साथ आम परिवारों का बजट भी बिगाड़ दिया है। केला, अमरूद, अनार, आम और पपीता सहित अधिकतर फलों के दाम बढ़ गए हैं। दुकानदारों का कहना है कि सावन में व्रत और धार्मिक आयोजनों के कारण फलों की मांग सामान्य दिनों की तुलना में काफी बढ़ जाती है। इसके विपरीत मंडियों में फलों की आवक कम हो रही है। मांग और आपूर्ति के बीच बढ़े अंतर का सीधा असर खुदरा कीमतों पर दिखाई दे रहा है।



- सेब 350 रुपये किलो तक पहुंचा, केला 80 रुपये दर्जन
- कम आवक और ट्रांसपोर्ट खर्च ने बढ़ाई महंगाई

फल विक्रेताओं के अनुसार आने वाले दिनों में कीमतों में और तेजी आ सकती है। उनका कहना है कि सावन के प्रत्येक सोमवार, तीज और अन्य पर्वों के आसपास फलों की मांग और अधिक बढ़ती है। यदि मंडियों में आवक नहीं बढ़ी तो फलों के दाम आम परिवारों की पहुंच से और दूर हो सकते हैं।

स्थानीय फल व्यापारियों का कहना है कि सोहना में फलों की बड़ी थोक मंडी नहीं होने के कारण यहां दूसरे शहरों की तुलना में कीमतें अधिक रहती हैं। दुकानदारों को फल खरीदने के लिए फरीदाबाद, पलवल, नूंह और दिल्ली की आजादपुर मंडी पर निर्भर रहना पड़ता है। फल व्यापारी गोपाल ने बताया कि क्षेत्र में अमरूद को छोड़कर अन्य फलों की स्थानीय पैदावार नहीं होती। अमरूद की फसल भी मुख्य रूप से सर्दी के मौसम में आती है। दूसरे बड़े शहरों तक फल रेल के माध्यम से पहुंचते हैं, जिससे भाड़ा कम पड़ता है, लेकिन सोहना तक फल सड़क मार्ग से लाना पड़ता है। डीजल, टोल और वाहन किराये का खर्च जुड़ने के बाद फलों की खुदरा कीमत बढ़ जाती है। बाजार में खरीदारी करने पहुंचे लोगों का कहना है कि पहले फल नियमित भोजन का हिस्सा हुआ करते थे, लेकिन लगातार बढ़ती कीमतों के कारण अब उन्हें जरूरत के अनुसार सीमित मात्रा में फल खरीदने पड़ रहे हैं।

### 15 दिनों में इस तरह बढ़े दाम

| फल | 15 दिन पहले की कीमत | वर्तमान कीमत |
|---|---|---|
| सेब | 100 से 150 रुपये किलो | 300 से 350 रुपये किलो |
| केला | 60 रुपये दर्जन | 80 रुपये दर्जन |
| अमरूद | 80 से 100 रुपये किलो | 100 से 150 रुपये किलो |
| अनार | 150 रुपये किलो | 200 रुपये किलो |
| आम | 80 से 100 रुपये किलो | 100 से 150 रुपये किलो |
| आलूबुखारा | 200 रुपये किलो | 200 रुपये किलो |
| पपीता | 60 रुपये किलो | 80 रुपये किलो |

# बिजली कटौती को लेकर फूटा आक्रोश, एसपीआर रोड किया जाम

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

- सनसिटी एवेन्यू के लोगों के सब्र का बांध टूटा
- मैनेजर के इस्तीफे और निर्बाध बिजली की मांग, पुलिस के आश्वासन के बाद खुला जाम

**गुरुग्राम।** गर्मी और लगातार हो रही बिजली कटौती से परेशान होकर सेक्टर-76 स्थित सनसिटी एवेन्यू सोसाइटी के निवासी आधी रात को सडक पर उतर आए। लोगों ने साउथ पेरिफेरल रोड (एसपीआर) पर जाम लगा दिया, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया। घटना की सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची। जाम लगा रहे लोगों ने कहा कि सनसिटी सोसाइटी में पिछले कई सप्ताह से रोजाना घंटों तक अघोषित बिजली कटौती हो रही है। इससे बच्चों की पढ़ाई, बुजुर्गों की सेहत और वर्क फ्रॉम होम करने वाले लोगों का काम बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। लोगों ने कहा कि बार-बार लिखित शिकायत देने के बावजूद सोसाइटी प्रबंधन और मैनेजर समस्या को लेकर उदासीन हैं। आक्रोशित लोगों ने मैनेजर के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उनके तत्काल इस्तीफे की मांग की। एसपीआर सडक गुरुग्राम की सबसे व्यस्त सडकों में से एक है। रात में मुख्य सडक ब्लॉक होने के कारण दोनों तरफ कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। सडक पर भारी ट्रकों की आवाजाही भी बाधित हुई, जिससे पुलिस को जाम खुलवाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। सूचना मिलते ही एसपीआर चौकी पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन लोग सोसाइटी मैनेजर को हटाने और निर्बाध बिजली आपूर्ति का लिखित आश्वासन मांगने पर अड़े रहे।

विश्व कुश्ती में भारत का परचम

# पदक विजेताओं का हुआ स्वागत

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**सोनीपत।** अजरबैजान के बाकू में आयोजित अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करने वाली भारतीय महिला कुश्ती टीम रविवार को स्वदेश लौटी। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर खिलाड़ियों और प्रशिक्षक दल का भव्य स्वागत किया गया। परिवारजनों, खेल प्रेमियों, अधिकारियों और समर्थकों ने फूल-मालाएं पहनाकर तथा उत्साहपूर्ण नारों के साथ खिलाड़ियों का अभिनंदन किया।

सशस्त्र सीमा बल से गन्नौर के गांव शेखपुरा निवासी कुश्ती कोच अनिल कुमार रापड़िया ने बताया कि 27 जुलाई से दो अगस्त तक आयोजित इस विश्व प्रतियोगिता में भारतीय महिला टीम ने कुल सात पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया। इनमें तीन रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं। टीम चैंपियनशिप में भारत ने 132 अंक हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। संयुक्त राज्य अमेरिका 168 अंकों के साथ पहले और जापान 126 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

भारतीय खिलाड़ियों में संध्या विश्नोई ने 46 किलोग्राम भार वर्ग, अक्षरा ने 53 किलोग्राम भार वर्ग तथा नितिका सहरावत ने 57 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीते। वहीं कमना बाबल ने 49 किलोग्राम, अवंशिका ने 61 किलोग्राम, तानिया ने 69 किलोग्राम तथा गरिमा ने 73 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर भारत की पदक संख्या बढ़ाई।

मुख्य प्रशिक्षक अनिल कुमार रापड़िया के नेतृत्व में टीम ने अनुशासित और दमदार प्रदर्शन किया। प्रशिक्षक गुरुप्रीत कौर, संदीप हरि पाटिल तथा फिजियोथेरेपिस्ट शिवालिक राठी ने पूरे अभियान के दौरान खिलाड़ियों को तकनीकी और शारीरिक रूप से बेहतर तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि इन युवा महिला पहलवानों ने कठिन प्रतिस्पर्धा में अपने हुनर, अनुशासन और संघर्ष से पूरी दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि भारतीय कुश्ती के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है और आने वाले वर्षों में यही खिलाड़ी विश्व स्तर पर देश को नई सफलताएं दिलाएंगी। भारतीय कुश्ती संघ के महासचिव ओलंपियन जयप्रकाश पहलवान ने कहा कि भारतीय पहलवानों में अपार प्रतिभा है। लगातार मिल रही अंतरराष्ट्रीय सफलताएं यह साबित करती हैं कि देश की नई पीढ़ी विश्व मंच पर मजबूती से अपनी पहचान बना रही है। उन्होंने खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और उनके परिवारों को बधाई देते हुए कहा कि भारतीय कुश्ती संघ भविष्य में भी खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग देता रहेगा, जिससे भारत विश्व कुश्ती में नई ऊंचाइयों तक पहुंचे।

भारतीय कुश्ती संघ और खेल मंत्रालय ने भी टीम के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए सभी पदक विजेता खिलाड़ियों और प्रशिक्षक दल को बधाई दी।

## मुस्कान की मौत मामले में छह घंटे चली पंचायत में न्याय के लिए 10 दिन का मिला समय

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**रोहतक।** अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी शीलू बल्हारा की पत्नी मुस्कान की आत्महत्या के मामले में शनिवार देर रात मृतका के मायके और ससुराल पक्ष के दोनों गांवों की पंचायत आमने-सामने बैठी। गांव बहु अकबरपुर से पंचायत के लोग मुस्कान के मायके के गांव फरमाना पहुंचे। दोनों पक्षों के बीच करीब छह घंटे तक पंचायत चली। पंचायत में मुस्कान की मौत के मामले को लेकर लंबी बातचीत हुई और मामले के समाधान तथा आगे की कार्रवाई को लेकर दोनों गांवों की पंचायत ने 10 दिन का समय तय किया है। मुस्कान के पिता सुखबीर ने पंचायत के सामने अपनी बात रखते हुए कहा कि उनकी बेटी के साथ गलत हुआ है और उन्हें न्याय चाहिए। उन्होंने कहा कि बेटी की मौत को लेकर परिवार के सामने कई सवाल हैं, जिनके जवाब मिलना जरूरी है। मायका पक्ष ने मामले में निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग दोहराई। मुस्कान के संस्कार के बाद पुलिस ने उसके पति अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी शीलू बल्हारा समेत परिवार के तीन सदस्यों को हिरासत में लिया था। पुलिस ने मृतका के पिता के बयान के आधार पर दहेज हत्या का केस दर्ज किया हुआ है। बताया जा रहा है कि हिरासत के दौरान शीलू बल्हारा को हल्का बुखार हो गया, जबकि उसकी मां की भी तबीयत बिगड़ गई। बहुअकबर पुर थाना प्रभारी जसबीर का कहना है कि अभी आरोपियों से पूछताछ की जा रही है, तथ्य सामने आने पर गिरफ्तारी की जाएगी।

## हर घंटे 11 बच्चे हो रहे लापता, तस्करी के जाल में फंसने का खतरा: सुरिंदर सिंह मान

### एमडीडी ऑफ इंडिया चलाएगा बाल तस्करी के खिलाफ अभियान

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

- संवेदनशील परिवारों के बच्चों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने पर जोर

**रोहतक।** देश में हर घंटे 11 बच्चों के लापता होने के आंकड़ों के बीच बाल तस्करी की रोकथाम को लेकर एमडीडी ऑफ इंडिया ने जिले में व्यापक अभियान चलाने का निर्णय लिया है। अब संगठन सरकार और प्रशासन के सहयोग से जिले में जागरूकता अभियान चलाने के साथ ऐसे परिवारों की पहचान करेगा, जिनके बच्चे आर्थिक और सामाजिक परिस्थितियों के कारण तस्करी गिरोहों के निशाने पर आ सकते हैं। बच्चों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर उनकी शिक्षा जारी रखने और उन्हें बाल मजदूरी से दूर रखने का प्रयास किया जाएगा।

रविवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए एमडीडी ऑफ इंडिया के कार्यकारी अधिकारी सुरिंदर सिंह मान ने कहा कि देश में रोजाना छह बच्चों की ट्रैफिकिंग और पांच बच्चों को जबरन मजदूरी के लिए मजबूर किए जाने की स्थिति गंभीर चिंता का विषय है। हर घंटे 11 बच्चों के गुम होने के आंकड़े के बीच बड़ी संख्या में बच्चों के तस्करी का शिकार होने का खतरा बना रहता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चों को तस्करी गिरोह विशेष रूप से निशाना बनाते हैं और बाल मजदूरी ट्रैफिकिंग का सबसे गंभीर रूप है।

### 2030 तक चलेगा राष्ट्रव्यापी अभियान

मान ने बताया कि बाल तस्करी के खिलाफ राष्ट्रव्यापी अभियान का निर्णय नई दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में आयोजित चार दिवसीय राष्ट्रीय परामर्श में लिया गया। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) के इस आयोजन में देश के 782 जिलों से जुड़े संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। नेटवर्क से जुड़े 250 से अधिक नागरिक समाज संगठन बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए काम कर रहे हैं। यह अभियान वर्ष 2030 तक जारी रहेगा। संगठन के अनुसार, अप्रैल 2023 से दिसंबर 2025 के बीच जेआरसी और उसके सहयोगी संगठनों के प्रयासों से देशभर में 1,22,516 बच्चों को ट्रैफिकिंग से बचाया गया। एमडीडी ऑफ इंडिया भी जेआरसी का सहयोगी संगठन है।

सुरिंदर सिंह मान ने कहा कि तस्करी से मुक्त कराए गए बच्चों को केवल बचाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके सुरक्षित पुनर्वास और भविष्य की सुरक्षा पर भी ध्यान देना जरूरी है। अभियान के दौरान यह सुनिश्चित किया जाएगा कि बच्चे दोबारा तस्करी के जाल में न फंसें और शिक्षा व रोजगार के बेहतर अवसरों के जरिए समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें।

## खबरें फटाफट

### अफीम के साथ नशा तस्कर गिरफ्तार



**पानीपत।** पानीपत पुलिस ने समालखा से बिहोली रोड पर गढी छाजू मोड़ के पास एक नशा तस्कर को 647 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बिहौली निवासी प्रमोद के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि उनकी एक टीम शनिवार शाम को समालखा अड्डा के पास थी। टीम को सूचना मिली की बिहौली निवासी प्रमोद मादक पदार्थ बेचने का अवैध काम करता है। प्रमोद मादक पदार्थ लेकर बेचने के लिए समालखा से बिहौली रोड पर गढ़ी छाजू मोड़ के पास खड़ा है। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर दबिश देकर युवक को काबू किया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान प्रमोद निवासी बिहौली के रूप में बताई। पुलिस टीम ने युवक की प्लास्टिक पन्नी की तलाशी ली तो अफीम बरामद हुई। बरामद अफीम का वजन करने पर 647 ग्राम पाया गया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को वह शार्टकट तरिके से पैसे कमाने के लिए कुछ दिन पहले बिहार के गया से एक युवक से उक्त अफीम कम कीमत पर खरीदकर लाया था। शनिवार को अफीम को बेचने के लिए गढी छाजू मोड़ पर ग्राहक की फिराक में आया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना समालखा में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर रविवार को आरोपी को न्यायायल में पेश किया जहां से उसे आठ दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से नशा सप्लायर के ठीकानों का पता लगा काबू करने का प्रयास करेगी।

### दिनदहाड़े ज्वेलर्स लूट के तीन और आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार



**सोनीपत।** सोनीपत के खरखौदा में दिनदहाड़े ज्वेलर्स की दुकान में सेल्समैन की आंखों में मिर्च झोंककर चांदी के गहने लूटने के मामले में पुलिस ने रविवार को फरार तीन आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक आरोपी वारदात के समय ही लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटा गया सामान, वारदात में इस्तेमाल कार बरामद कर ली है। मामले में अन्य आपराधिक घटनाओं से जुड़े सुराग भी जुटाए जा रहे हैं। शनिवार सुबह रतन मार्केट स्थित सांवरियां ज्वेलर्स पर दो युवक ग्राहक बनकर पहुंचे और चांदी की चेन व ब्रेसलेट दिखाने के बहाने सेल्समैन भोला की आंखों में मिर्च डाल दी। इसके बाद गहनों से भरा बॉक्स लेकर फरार हो गए। शोर सुनकर दुकान मालिक और आसपास के दुकानदारों ने पीछा किया। इस दौरान एक आरोपी मौके पर ही पकड़ लिया गया, जबकि उसके तीन साथी पहले से खड़ी कार में बैठकर भाग निकले। पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। पकड़े गए आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने फरार साथियों की तलाश शुरू की। क्राइम यूनिट खरखौदा को सूचना मिली कि तीनों आरोपी एनसीआर वाटर चैनल के पास मौजूद हैं। पुलिस ने घेराबंदी की तो मुख्य आरोपी सागर ने पुलिस टीम पर गोलियां चला दीं। आत्मरक्षा में पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी। इसके बाद सागर के साथ अनुज और लक्ष्य को भी गिरफ्तार कर लिया गया। घायल आरोपी को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना पर डीसीपी नरेंद्र कादियान, एसीपी जोगिंद्र शर्मा और थाना प्रभारी अनिल कुमार मौके पर पहुंचे।

## नूंह पहुंचे रेवाड़ी रेंज के आईजी, निकाला फ्लैग मार्च

### ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा की तैयारियों का लिया जायजा

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**नूंह।** हरियाणा के नूंह जिले में तीन अगस्त को निकलने वाली ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा की तैयारियों का जायजा लेने रेवाड़ी रेंज के आईजी ओमप्रकाश नरवाल रविवार को नूंह स्थित नल्हड़ शिव मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने नूंह जिले के एसपी डॉ अर्पित जैन के साथ भारी पुलिस बल के साथ जलाभिषेक यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया।

ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा को लेकर दक्षिण रेंज रेवाड़ी के आईजी ओम प्रकाश नरवाल ने रविवार को नूंह पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया और पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

आईजी ओपी नरवाल ने कहा कि इस बार यात्रा को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। यात्रा की सुरक्षा में 13 डीएसपी, 30 इंस्पेक्टर और करीब 2000 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। इसके अलावा अतिरिक्त पुलिस बल भी पूरी तरह तैयार रखा गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि यात्रा मार्ग पर किसी भी कीमत पर मीट की दुकानें नहीं खुलेंगी। वहीं, बाजार खोलने या बंद रखने का निर्णय पूरी तरह दुकानदारों पर छोड़ दिया गया है। पुलिस का उद्देश्य केवल कानून व्यवस्था बनाए रखना और यात्रा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना है।

आईजी ने यह भी साफ किया कि ब्रजमंडल यात्रा के दौरान इंटरनेट सेवा बंद नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों पर पुलिस की लगातार निगरानी रहेगी। किसी भी तरह की अफवाह फैलाने, भड़काऊ पोस्ट करने या माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ तत्काल और सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि असामाजिक और शरारती तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। किसी भी व्यक्ति को कानून व्यवस्था बिगाड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी और ऐसे लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। आईजी ओपी नरवाल ने आम नागरिकों से भी शांति, भाईचारे और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और यात्रा के सफल आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## पीएम के नशा मुक्त युवा अभियान की साझीदार बनी डीएलसी सुपवा

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**रोहतक।** दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसी सुपवा) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए 'नशा मुक्त युवा–विकसित भारत संकल्प अभियान' की साझीदार बनी। प्रधानमंत्री द्वारा देशव्यापी अभियान के शुभारंभ के दौरान डीएलसी सुपवा परिवार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़ा। प्रधानमंत्री के अभियान शुरू करने की घोषणा के साथ ही विश्वविद्यालय परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा और उपस्थितजनों ने नशे के खिलाफ अभियान को सफल बनाने में हरसंभव सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री से जुड़ने के लिए डीएलसी सुपवा में विशेष इंतजाम किए गए थे। फिल्म एवं टेलीविजन फैकल्टी स्थित मिनी ऑडिटोरियम की स्क्रीन को दिल्ली में आयोजित प्रधानमंत्री के मुख्य कार्यक्रम से जोड़ा गया। कार्यक्रम में कुलगुरु डॉ. अमित आर्य, रजिस्ट्रार डॉ. गुंजन मलिक मनोचा, सभी फैकल्टी के एफसी, फैकल्टी सदस्य, टीचिंग एवं नॉन-टीचिंग स्टाफ तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कुलगुरु डॉ. अमित आर्य ने कहा कि नशा किसी भी इंसान, समाज और राष्ट्र के लिए नासूर है। इससे बचाव और इसका त्याग बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि भारतीय समाज में नशे को हमेशा बुराई के रूप में देखा गया है। हमारे संतों और गुरुओं ने भी समय-समय पर लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया है। डीएलसी सुपवा जिस धरती पर स्थित है, वहां आर्य समाज का भी व्यापक प्रभाव रहा है और नशे के खिलाफ लंबे समय से जागरूकता अभियान चलते रहे हैं।

## शिवाला मस्तनाथ में महाशिवपुराण, कलश यात्रा में शामिल हुई सेंकड़ों महिलाएं

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**सोनीपत।** सनातन धर्म मंदिर शिवाला मस्तनाथ में रविवार को आयोजित कांवड़ शिविर और महाशिवपुराण कार्यक्रम श्रद्धा व भक्ति के माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा की धर्मपत्नी डॉ. रीटा शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचीं। उन्होंने भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना, जलाभिषेक कर क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

डॉ. रीटा शर्मा ने महिलाओं के साथ कलश यात्रा में शामिल हुईं। उनके शामिल होने से श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिला। मंदिर परिसर और आसपास का वातावरण हर-हर महादेव तथा बम-बम भोले के जयकारों से गूंज उठा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। महाशिवपुराण कथा के दौरान कथा वाचक महासाध्वी श्री प्रियंका शास्त्री ने भगवान शिव की महिमा, सनातन धर्म के आध्यात्मिक महत्व तथा धर्म, सेवा और सद्भाव के संदेश पर प्रकाश डाला। डॉ. रीटा शर्मा ने कहा कि भगवान शिव की आराधना से मन को शांति और सकारात्मक ऊर्जा मिलती है।

## कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करें कार्यकर्ता: बागड़ी

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**रोहतक।** जिला कांग्रेस भवन में रविवार को शहरी कांग्रेस कमेटी के एससी विभाग की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में हरियाणा कांग्रेस कमेटी एससी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मनोज बागड़ी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने, पार्टी की नीतियों को आमजन तक पहुंचाने तथा अधिक से अधिक लोगों को संगठन के साथ जोड़ने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष मनोज बागड़ी ने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी की मजबूती कार्यकर्ताओं की मेहनत और एकजुटता पर निर्भर करती है। कार्यकर्ताओं को आपसी तालमेल के साथ पार्टी की विचारधारा और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए लगातार कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एससी विभाग को भी संगठन को मजबूत करने के लिए जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ानी होगी। जिला अध्यक्ष जितेंद्र बाल्मीकि ने बैठक में पार्टी संगठन को मजबूत करने और अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस के साथ जोड़ने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता की संगठन में महत्वपूर्ण भूमिका है और सभी को मिलकर काम करना होगा।

बैठक में कार्यकर्ताओं ने संगठन की गतिविधियों को और प्रभावी बनाने तथा पार्टी के कार्यक्रमों को आम जनता तक पहुंचाने को लेकर भी अपने विचार रखे।

## पानीपत के नौल्था गांव में पिलर आधारित पुल बनाने की मांग को लेकर महापंचायत

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**पानीपत।** पानीपत के गांव नौल्था में रविवार को राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 71-ए पर प्रस्तावित पुल निर्माण को लेकर एक महापंचायत हुई। इसमें ग्रामीणों ने पुल को मिट्टी के बजाय पिलर आधारित बनाने और गलत जगह दिए गए कटों को सुधारने की मांग रखी। नरवान पाना की चौपाल में आयोजित महापंचायत मास्टर ईश्वर सिंह जागलान की अध्यक्षता में हुई, तथा नेतृत्व संत सोमवार नाथ ने किया।

महापंचायत का नेतृत्व करते हुए बाबा सोमवार नाथ ने कहा कि बढ़ती आबादी और आसपास के एक दर्जन से अधिक गांवों को देखते हुए पिलर का पुल अधिक फायदेमंद होगा। उन्होंने बताया कि यहां से जींद, सफीदों, समालखा, गन्नौर, भादड़, जाटल और सुताना जैसे स्थानों के लिए सड़कें निकलती हैं। बाबा सोमवार नाथ ने यह भी बताया कि क्षेत्र में 100 से अधिक बड़ी फैक्ट्रियां हैं, जहां से बड़े ट्रक और ट्राले गुजरते हैं। मिट्टी का पुल बनने से सर्विस रोड काफी संकरी हो जाएगी, जिससे किसानों को खेतों में आने-जाने में भी परेशानी होगी। इसलिए ग्रामीणों की मांग है कि पुल का निर्माण पिलर से किया जाए। नौल्था डुंगरान के सरपंच पति नीरज कौशिक ने कहा कि मिट्टी का पुल गांव के विकास को बाधित करेगा।

उन्होंने एनएचएआई द्वारा दिए गए कटों को भी गलत बताया, क्योंकि औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण बड़े वाहनों को मुड़ने में काफी दिक्कत होगी। उन्होंने सरकार से मांग की है कि कटों को आने-जाने वाली सड़कों के सामने दिया जाए, ताकि किसानों और व्यापारियों को असुविधा न हो। इस अवसर पर सरपंच बलराज जागलान ने बताया कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने गांव नौल्था को गोद ले रखा है। ग्राम पंचायत पुल के मुद्दे पर उनसे और हरियाणा के पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पवार से मिल चुकी है।

## नशामुक्त भारत के संकल्प से जुड़े विद्यार्थी

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**सोनीपत।** नशा मुक्त युवा–विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत रविवार को आयोजित राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रविवार को देशभर के अट्ठाईस हजार से अधिक स्थानों पर जुड़े एक करोड़ से अधिक विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि नशामुक्त जीवन ही स्वस्थ, सशक्त और विकसित भारत की मजबूत नींव है। युवाओं से शिक्षा, खेल और राष्ट्र निर्माण में अपनी ऊर्जा लगाने का आह्वान करते हुए उन्होंने सभी विद्यार्थियों को नशामुक्त रहने की शपथ दिलाई।

इस अभियान के लिए हरियाणा खेल विश्वविद्यालय, राई को सोनीपत जिले का केंद्र बनाया गया। विश्वविद्यालय के सभागार में हरियाणा खेल विश्वविद्यालय और मोतीलाल नेहरू खेलकूद विद्यालय के छात्र-छात्राएं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े। इस दौरान सभी विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से नशामुक्त रहने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में राई विधायक कृष्णा गहलावत, सोनीपत विधायक निखिल मदान तथा मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेन्द्र सिंह बड़खालसा उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों के साथ शपथ लेते हुए कहा कि नशे से दूर रहकर ही युवा अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने खेल, शिक्षा, अनुशासन और नैतिक मूल्यों को जीवन का आधार बनाने पर जोर दिया।

वीरेन्द्र सिंह बड़खालसा ने कहा कि नशा व्यक्ति के साथ-साथ परिवार, समाज और देश के भविष्य को भी प्रभावित करता है। वहीं निखिल मदान ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा देश की सबसे बड़ी ताकत है और हर युवा को स्वयं नशे से दूर रहकर दूसरों को भी इस अभियान से जोड़ना चाहिए। हरियाणा खेल विश्वविद्यालय के कुलपति अशोक कुमार ने कहा कि मादक पदार्थों का अवैध कारोबार आतंकवाद को आर्थिक सहायता पहुंचाने का एक प्रमुख माध्यम बनता है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नशामुक्त भारत और विकसित भारत के संकल्प को सफल बनाने में युवाओं की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय और विद्यालय के अधिकारी, संकाय सदस्य, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे। सभी ने समाज के हर वर्ग तक नशामुक्ति का संदेश पहुंचाने का संकल्प लिया।

## कांवडियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस अधीक्षक ने बनाई रणनीति

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**पानीपत।** पानीपत में कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित, सुव्यवस्थित और निर्बाध ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। रविवार को पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने जिले के सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की एक अहम बैठक ली। बैठक में कांवड़ यात्रा मार्गों की सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक मैनेजमेंट, संवेदनशील स्थानों की ट्रैकिंग, इमरजेंसी रिस्पांस सिस्टम और श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं की बिंदुवार चर्चा को गई। बैठक के दौरान एसपी भूपेंद्र सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा के संपूर्ण मार्ग पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाए। भीड़भाड़ वाले और अति-संवेदनशील इलाकों में विशेष सतर्कता बरतने के आदेश दिए गए हैं। एसपी भूपेंद्र सिंह ने स्पष्ट किया, कांवड़ यात्रा में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और उन्हें बिना किसी बाधा के मार्ग उपलब्ध कराना पानीपत पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, सड़क दुर्घटना या कानून-व्यवस्था बिगड़ने जैसी स्थिति पैदा न हो, इसके लिए सभी पुलिस अधिकारी पूरी जिम्मेदारी और सजगता के साथ धरातल पर मुस्तैद रहें। उन्होंने निर्देश दिए कि कांवड़ मार्गों पर पुलिस की लगातार गश्त सुनिश्चित की जाए। मुख्य मार्गों व चौराहों पर सीसीटीवी कैमरों के जरिए 24 घंटे पैनी नजर रखी जाए। इसी के चलते 30 जुलाई से 11 अगस्त कावड़ यात्रा समापन तक पानीपत की और से सनौली होते हुए कैराना यूपी जाने वाले भारी वाहनों का रूट भी डायवर्ट किया गया है।

# सहकारिता से समृद्ध, विकसित और आत्मनिर्भर बनेगा भारत: गौरव गौतम

## जिला स्तरीय सहकारी जागरूकता सेमिनार का हुआ आयोजन, 'सहकार से समृद्धि–समृद्धि से आत्मनिर्भरता' का दिया संदेश

**उदय चंद माथुर, हरियाणा मेल**



**हथीन।** हरियाणा सरकार में खेल एवं युवा मामले तथा कानून राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि सहकारिता केवल एक विभाग नहीं, बल्कि भारत की समृद्ध सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था का मजबूत आधार है। उन्होंने कहा कि 'साथ मिलकर आगे बढ़ना' ही सहकारिता की मूल भावना है और जब समाज एकजुट होकर कार्य करता है तो विकास की गति कई गुना बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि भारत सहकारिता से समृद्ध, विकसित और आत्मनिर्भर बनेगा।

खेल एवं युवा मामले तथा कानून राज्य मंत्री गौरव गौतम रविवार को सहकारिता विभाग हरियाणा एवं हरियाणा राज्य सहकारी विकास प्रसंघ लिमिटेड (हरकोफैड) पंचकूला के संयुक्त तत्वावधान में पलवल के नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय सहकारी जागरूकता सेमिनार को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सहकारिता क्षेत्र को नई दिशा और नई ऊर्जा मिली है। अलग सहकारिता मंत्रालय का गठन, डिजिटल व्यवस्था को बढ़ावा तथा किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए लिए गए अनेक निर्णय इस बात का प्रमाण हैं कि केंद्र सरकार सहकारिता को विकास का प्रमुख माध्यम मानती है। उन्होंने सेमिनार में लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया

राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार भी सहकारी संस्थाओं को मजबूत बनाने, किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य है कि सहकारी समितियां किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए आर्थिक आत्मनिर्भरता का मजबूत माध्यम बनें। उन्होंने कहा कि भारत देश का किसान जितना मजबूत होगा, हमारा प्रदेश और देश उतना ही मजबूत होगा।

उन्होंने कहा कि सरकार सहकारी समितियां किसानों को खाद, बीज, ऋण, भंडारण और विपणन जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराकर उनकी आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने युवाओं और महिलाओं से भी अधिक से अधिक संख्या में सहकारिता आंदोलन से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में उनकी भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

मुख्य अतिथि गौरव गौतम ने कहा कि आज का यह जागरूकता अभियान केवल जानकारी देने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने, विश्वास बढ़ाने और विकास की नई संभावनाओं के द्वार खोलने का अभियान है। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से अपने गांव, क्षेत्र और जिले में सहकारिता की भावना को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सहकारिता भारतीय संस्कृति की मूल भावना है, जो आपसी विश्वास, सहयोग और सामूहिक विकास पर आधारित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सहकारिता क्षेत्र को नई दिशा मिली है और हरियाणा सरकार भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में इस क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सहकारी संस्थाएं किसानों, महिलाओं, युवाओं और छोटे उद्यमियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है और भारत तीव्र गति से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है।

उपायुक्त डा. जयेन्द्र सिंह छिल्लर ने कहा कि जिले में सहकारिता आंदोलन को मजबूत बनाने के लिए जिला प्रशासन हर संभव सहयोग प्रदान करेगा। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में सहकारी संस्थाओं से जुड़ने और योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह अभियान केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे मिलकर ऐसे हरियाणा और भारत के निर्माण का संकल्प लें, जहां हर किसान समृद्ध, हर युवा आत्मनिर्भर और सहकारिता की भावना से समाज निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हो।

## 'योग युक्त-नशा मुक्त' युवा 'विकसित और आत्मनिर्भर' भारत 2047 का सपना करेंगे साकार

**हथीन।** हरियाणा सरकार के खेल एवं युवा मामले तथा कानून राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को 'विकसित और आत्मनिर्भर' राष्ट्र बनाने के संकल्प को साकार करने में योग युक्त और नशा मुक्त हरियाणा के युवाओं की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ, शिक्षित, अनुशासित और संस्कारित युवा ही विकसित भारत की मजबूत नींव हैं।

खेल एवं युवा मामले तथा कानून राज्य मंत्री गौरव गौतम रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'नशा मुक्त भारत और विकसित भारत-2047' के संकल्प को साकार करने की दिशा में शुरू किए गए 100 सप्ताह के राष्ट्रव्यापी 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत 2026' जन जागरूकता अभियान के तहत जिला पलवल के गांव दुधौला स्थित श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत 2026' कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पश्चिम बंगाल से राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कोटकपूरा पंजाब में आयोजित कार्यक्रम का वर्चुअल माध्यम से लाइव प्रसारण दिखाया गया।



मुख्य अतिथि गौरव गौतम ने कहा कि नशा केवल एक बुरी आदत नहीं, बल्कि व्यक्ति, परिवार और समाज को खोखला करने वाली गंभीर सामाजिक बुराई है। नशे की वजह से अनेक परिवार बिखर जाते हैं और युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो जाता है। इसलिए नशे के खिलाफ लड़ाई केवल सरकार की नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। हरियाणा वीरों, किसानों और खिलाड़ियों की भूमि है। इस प्रदेश ने देश को अनेक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, सैनिक और कर्मयोगी दिए हैं। ऐसे में युवाओं को नशे की ओर नहीं, बल्कि खेल, शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार की दिशा में प्रेरित करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जब युवा खेल के मैदान में पसीना बहाता है तो उसे जीत की आदत लगती है, न कि नशे की।

## खबरें फटाफट

### 30 अगस्त तक वोटर लिस्ट में सुधार का मौका

**हथीन।** जिले में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, हटवाने या त्रुटियां सुधारने के लिए 30 अगस्त तक दावे-आपत्तियां दर्ज होंगी। बिना सुनवाई किसी का नाम सूची से नहीं कटेगा। सभी आपत्तियों के निस्तारण के बाद 3 अक्टूबर को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी। उपायुक्त जयेंद्र सिंह छिल्लर ने बताया कि प्रारंभिक प्रकाशन हो चुका है। पात्र नागरिक फॉर्म-6 से नाम जुड़वा सकते हैं, फॉर्म-7 से हटवा सकते हैं और फॉर्म-8 से विवरण संशोधित करा सकते हैं। यह ऑनलाइन भी उपलब्ध है। 28 सितंबर तक नोटिस जारी कर आपत्तियों का निस्तारण होगा। सत्यापन न हुए या रिकॉर्ड में विसंगति वाले मतदाताओं को बीएलओ नोटिस देंगे। निर्वाचन अधिकारी के निर्णय से असंतुष्ट होने पर जिला स्तर पर 15 दिन और मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष 30 दिन में अपील की जा सकती है। नए मतदाता बनाने के लिए कॉलेजों में विशेष शिविर भी लगेंगे।

### शेयर मार्केट के नाम पर लाखों की ठगी, खाताधारक गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर लाखों रुपए की साइबर ठगी के मामले में पुलिस ने रविवार को एक खाताधारक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी के बैंक खाते में ठगी की रकम में से दो लाख ट्रांसफर किए गए थे। जांच में सामने आया है कि आरोपी का बैंक खाता विभिन्न राज्यों में दर्ज 12/13 साइबर ठगी की शिकायतों से भी जुड़ा हुआ है। ग्रीन फील्ड कॉलोनी, सेक्टर-43, फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना एनआईटी में शिकायत दी थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि 8 अक्टूबर 2025 को उसके पास एक विदेशी नंबर से व्हटअप कॉल आई। कॉल करने वाली महिला ने अपना नाम एमिला रेड बताते हुए स्वयं को म्यू वैल्थ प्रा. लि. का सहायक बताया। महिला ने शेयर मार्केट में निवेश कर कम समय में अधिक मुनाफा कमाने का लालच दिया और शिकायतकर्ता का निवेश संबंधी अकाउंट खुलवाकर अलग-अलग यूपीआई आईडी एवं बैंक खातों में धनराशि जमा करवाई। ठगों ने लगातार अधिक मुनाफे का विश्वास दिलाते हुए शिकायतकर्ता से अक्टूबर 2025 के दौरान कुल नौ लाख 66 हजार रुपए विभिन्न खातों में ट्रांसफर करवा लिए। बाद में जब शिकायतकर्ता को न तो कोई लाभ मिला और न ही उसकी राशि वापस हुई, तब उसे अपने साथ साइबर ठगी होने का पता चला। शिकायत के आधार पर साइबर थाना एनआईटी में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान साइबर थाना एनआईटी की टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और बैंकिंग ट्रांजैक्शन का विश्लेषण करते हुए वैदचंद्रा बर्मन (40 वर्ष), निवासी सरिता विहार, दिल्ली को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी इस मामले में दूसरी लेयर (सैकेंड लेयर) का खाताधारक है। आरोपी ने अपना बैंक खाता साइबर ठगों को उपलब्ध कराया था, जिसके माध्यम से ठगी की राशि को आगे स्थानांतरित किया जाता था। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी के बैंक खाते में इस मामले से संबंधित दो लाख रुपए की ठगी की राशि प्राप्त हुई थी। पुलिस जांच में यह भी पता चला कि आरोपी के बैंक खाते के संबंध में दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और बिहार सहित विभिन्न राज्यों में 12/13 साइबर ठगी की शिकायतें दर्ज हैं। इससे स्पष्ट होता है कि आरोपी का खाता साइबर अपराधियों द्वारा कई मामलों में इस्तेमाल किया जा रहा था। प्रवक्ता ने बताया कि इस मामले में पूर्व में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है।

# लंबित विकास कार्य जल्द होंगे पूरे

## ताजपुर गांव के ग्रामीणों ने केंद्रीय राज्यमंत्री को सौंपा मांगपत्र

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ क्षेत्र के ग्राम ताजूपुर के दर्जनों ग्रामीण रविवार को केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर से मिले और गांव के लंबे समय से रुके विकास कार्यों को लेकर उन्हें मांग पत्र सौंपा। ग्रामीणों ने गांव में बारात घर निर्माण, सडक़ों के निर्माण और आंगनबाड़ी भवन जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों को जल्द पूरा कराने की मांग की। ग्राम सरपंच पवन कुमार ने बताया कि ताजूपुर गांव में सरकार द्वारा स्वीकृत सामुदायिक बारात घर का निर्माण काफी समय पहले शुरू होना था। इसके लिए पंचायत का प्रस्ताव, प्रशासनिक स्वीकृति, सरकारी टेंडर और अन्य सभी आवश्यक सरकारी प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी हैं। इसके बावजूद कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा लगातार रुकावटें पैदा किए जाने के कारण निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि बारात घर बनने से गांव के लोगों को सामाजिक और पारिवारिक कार्यक्रमों के आयोजन में बड़ी सुविधा मिलेगी। ग्रामीणों ने मांग पत्र में गांव से निकलने वाले प्रमुख रास्तों का भी मुद्दा उठाया।

उन्होंने बताया कि ताजूपुर से जसाना और ताजूपुर से ढहकोला जाने वाले 27 और 33 फुट चौड़े रास्ते अभी कच्चे हैं। इन रास्तों को पक्का बनाए जाने की आवश्यकता है, ताकि ग्रामीणों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके अलावा गांव में संचालित 2 आंगनबाड़ी केंद्रों में से केवल एक के पास सरकारी भवन है, जबकि दूसरी आंगनबाड़ी अभी भी भवन के अभाव में संचालित हो रही है। ग्रामीणों ने दूसरी आंगनबाड़ी के लिए भी सरकारी भवन बनवाने की मांग केंद्रीय मंत्री के सामने रखी। ग्रामीणों की सभी मांगों को सुनने के बाद केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने उन्हें आश्वासन दिया कि गांव के सभी लंबित विकास कार्यों को जल्द पूरा कराया जाएगा।

## बृजमंडल जलाभिषेक यात्रा से पूर्व पुलिस ने हथीन क्षेत्र में निकाला फ्लैग मार्च

**हरियाणा मेल ब्यूरो**



**हथीन।** बृजमंडल जलाभिषेक यात्रा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के मद्देनजर सुरक्षा की दृष्टि से रविवार की सांयकाल नोडल ऑफिसर होडल डीएसपी सुरेश भड़ाना के नेतृत्व में हथीन, उटावड़ व बहीन थाना प्रभारियों सहित शहर चौकी इंचार्ज अनिल कुमार एवं मिंडकौला चौकी इंचार्ज ने मय पुलिस बल के इलाके के गांवों में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च निकालने से पूर्व नोडल ऑफिसर होडल डीएसपी सुरेश भड़ाना ने हथीन, उटावड़ एवं बहीन थाना प्रभारियों एवं शहर व मिंडकौला चौकी प्रभारियों व पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यात्रा किसी भी तरह बाधित न हो और आम लोगों को किसी भी तरह की परेशानी न हो , यह सुनिश्चित करना प्रशासन और पुलिस की जिम्मेदारी है। उन्होंने इसके लिए लोगों से भी सहयोग की अपील की है कि वे यात्रा को सुचारू रूप से क्षेत्र के गांवों से निकलने में मदद करें।

## भुडेर बने विधानसभा मुहिम को गांव सिकंदरपुर में मिला समर्थन



**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**हथीन।** गाँव सिकंदरपुर में 'भुडेर बने विधानसभा' मुहिम के समर्थन में एक विशाल पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में गाँव सिकंदरपुर सहित टहरकी, किशोरपुर, जैंदापुर, डूंगरपुर, देहलाका एवं परौली के गणमान्य नागरिकों, युवाओं तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। पंचायत के दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने एक स्वर में भुडेर को नई विधानसभा बनाने की माँग का समर्थन किया तथा क्षेत्र के समग्र विकास, बेहतर जनप्रतिनिधित्व और प्रशासनिक सुविधाओं के विस्तार के लिए इस मुहिम को आवश्यक बताया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से युवा शक्ति की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। युवाओं ने क्षेत्रहित में इस अभियान को गाँव-गाँव तक पहुँचाने का संकल्प लिया। पंचायत में उपस्थित सभी वक्ताओं ने कहा कि भुडेर बने विधानसभा की माँग क्षेत्र की जनता की आवाज है और इसे लोकतांत्रिक तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा।

## 42 साइबर ठग गिरफ्तार, लाखों की नगदी बरामद

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस की साइबर टीमें ठगी के मामलों को हल करने में पूरी तत्परता से जुटी हुई है। इसी कड़ी में 25 से 31 जुलाई के बीच जिले के तीनों साइबर थानों की टीम ने 42 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है तथा 19 लाख एक हजार रुपए बरामद किए है।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार साइबर थानों की टीमों ने नौ मामलों में 42 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें साइबर थाना एनआईटी का तीन, सेंट्रल के दो व बल्लबगढ के चार मामले शामिल है। इस दौरान टीमों ने 19 लाख एक हजार रुपए बरामद किये हैं। इस दौरान 333 शिकायतों का निस्तारण कर दो लाख 39 हजार 124 रुपए खातों में फ्रीज कराये गए। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में राहुल कुमार, राहुल कुमार, विशाल राणा, अमित यादव, राजन कुमार, रिंकू, तनवीर अली, आयुष, नागेन्द्र, अक्षत भास्कर, हरिओम, समीर पाठक, पवित्र सिंह, अविनाश ओला, बॉबी कुमार, विशाल चौहान, आमिर खान, शिवम सिंह, अजय सैनी, विजय यादव, मोहम्मद हम्मद, दिलखुश गुज्जर, लव गुप्ता व सिकंदर नाम शामिल है।

## बीके अस्पताल में सर्जन ने लगाई झाड़ू, वीडियो वायरल

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**फरीदाबाद।** जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल बादशाह खान (बीके) अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। इसका एक ताजा मामला सामने आया है। अस्पताल के हड्डी रोग विभाग के वरिष्ठ सर्जन डॉ. सतीश वर्मा को ऑपरेशन थिएटर में स्वयं झाड़ू लगानी पड़ी। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बीके अस्पताल में पिछले लगभग पांच सालों से तैनात हड्डी रोग विभाग के वरिष्ठ सर्जन डॉ. सतीश वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि, 30 जुलाई को वह ऑपरेशन थिएटर में मरीज ऑपरेट कर रहे है। उस दिन उनकी चार सर्जरी होनी थी। उन्होंने देखा कि ओटी में काफी गंदगी एकत्रित हो गई है। ऐसे में जब उन्होंने उसकी सफाई करने के लिए कहा तो वहां पर कोई सफाई कर्मी मौजूद नहीं थी। डॉक्टर ने बताया कि उन्होंने करीब 30 मिनट तक इंतजार किया, लेकिन कोई नहीं आया तो उन्होंने खुद ही वहां रखे वाइपर और झाड़ू से गंदगी और वेस्ट को बाहर निकाला। उन्होंने कहा कि अस्पताल में करीब 70 कर्मचारी काम करते हैं। उन्हें बताया गया कि ओटी का कर्मचारी उस दिन छुट्टी पर था। लेकिन दूसरे कर्मचारी की तैनाती करना नर्सिंग स्टाफ की जिम्मेदारी बनती है।

## धर्म, संस्कार और राष्ट्रसेवा का अद्भुत संगम है गुप्तिधाम का चातुर्मास: गोयल

**हरियाणा मेल, एजेंसी**




**फरीदाबाद।** हरियाणा के राजस्व, शहरी स्थानीय निकाय, नागरिक उड्डयन एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल ने गन्नौर स्थित जैनतीर्थ गुप्तिधाम में आयोजित 49वें वर्षायोग–आदर्श चातुर्मास 2026 एवं मंगल कलश स्थापना समारोह में सहभागिता कर परम पूज्य राष्ट्रसंत उपाध्याय श्री 108 (डॉ.) गुप्ति सागर जी गुरुदेव के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर हरियाणा भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली सहित अनेक संत-महात्मा, विशिष्ट अतिथि, समाज के गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि परम पूज्य गुरुदेव उपाध्याय श्री 108 (डॉ.) गुप्ति सागर जी का जीवन त्याग, तप, संयम, सेवा और राष्ट्र समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है। उनका आध्यात्मिक चिंतन केवल धर्म तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज और राष्ट्र के सर्वांगीण उत्थान का मार्ग भी प्रशस्त करता है। उनके विचार मानवता, नैतिक मूल्यों और राष्ट्रहित को नई दिशा देने वाले हैं, जिनसे प्रत्येक व्यक्ति प्रेरणा प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि गुरुदेव की प्रेरणा से स्थापित राष्ट्र मंदिर कामधेनु संस्थान समाज सेवा का एक अनुकरणीय मॉडल है। इस संस्थान में प्रतिभाशाली युवाओं को यूपीएससी, आईएएस, आईपीएस एवं न्यायिक सेवाओं जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी कराई जाती है। सबसे प्रेरणादायक बात यह है कि यहां अवसर का आधार जाति, वर्ग या आर्थिक स्थिति नहीं, बल्कि समानता, अनुशासन और मानवीय मूल्यों पर आधारित है।

# जनभागीदारी से नशा मुक्त भारत संभव: मांडविया

## 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' का शुभारंभ

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**फरीदाबाद।** केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने रविवार को 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' के शुभारंभ अवसर पर कहा कि यह अभियान विकसित भारत के निर्माण की दिशा में युवा शक्ति को संगठित करने वाला एक ऐतिहासिक जन आंदोलन है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाल किले से रखी गई विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने में देश के स्वस्थ, सशक्त और जागरूक युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। वे रविवार को फरीदाबाद में अमृता हॉस्पिटल में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।

डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही स्वस्थ समाज और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण करते हैं। प्रधानमंत्री ने अमृतकाल में युवाओं को राष्ट्र निर्माण का सारथी बताया है और उनकी आकांक्षाओं, विचारों, सेवाभाव तथा नेतृत्व क्षमता को दिशा देने के उद्देश्य से माई भारत की स्थापना की गई। आज यह मंच 2.24 करोड़ से अधिक युवाओं को राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों से जोड़ चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 2020 में नशा मुक्त भारत का जो संकल्प व्यक्त किया था, उसे आगे बढ़ाने के लिए माई भारत युवा संगठन ने देशभर के आध्यात्मिक संगठनों, युवा विंग्स और नशा मुक्ति से जुड़े विशेषज्ञों के साथ मिलकर व्यापक कार्ययोजना तैयार की।

इसी क्रम में पिछले वर्ष वाराणसी में आयोजित आध्यात्मिक युवा सम्मेलन में दो दिवसीय विचार-विमर्श के बाद आगामी 100 सप्ताह की कार्ययोजना तैयार की गई, जिसे 'काशी आध्यात्मिक समिट घोषणा पत्र' का स्वरूप दिया गया। डॉ. मनसुख मांडविया ने बताया कि अभियान से देशभर के प्रतिष्ठित आध्यात्मिक संगठन जुड़ रहे हैं। माता अमृतानंदमयी मठ, आर्ट ऑफ लिविंग सहित अनेक संस्थाओं के संत, गुरु और आध्यात्मिक मार्गदर्शक युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए सक्रिय सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देशभर में हजारों स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में एक करोड़ से अधिक युवाओं ने नशा मुक्त भारत के लिए संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर कर खेल, सेवा, नवाचार, स्वयंसेवा और राष्ट्र निर्माण से जोडऩा इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा, संतों एवं आध्यात्मिक गुरुओं के आशीर्वाद तथा करोड़ों युवाओं के सामूहिक संकल्प के बल पर नशा मुक्त भारत और विकसित भारत का लक्ष्य अवश्य प्राप्त होगा।

## HSVP वन विभाग को देगा दोगुनी जमीन

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**फरीदाबाद।** अरावली वन क्षेत्र में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) की करीब 67 एकड़ भूमि के उपयोग के बदले अब वन विभाग को दोगुनी जमीन उपलब्ध कराई जाएगी। इस संबंध में केंद्र सरकार ने वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के तहत भूमि डायवर्जन के लिए सैद्धांतिक (प्रिंसिपल) मंजूरी प्रदान कर दी है। अंतिम स्वीकृति की प्रक्रिया फिलहाल जारी है। एचएसवीपी इस प्रक्रिया के तहत 57 करोड़ रुपए की रकम भी वन विभाग के पास जमा करा चुका है। अरावली क्षेत्र में एचएसवीपी के जिमखाना क्लब, ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी और अन्य निर्माण वन भूमि की सीमा में आने के कारण इनके नियमितीकरण के लिए प्रक्रिया अपनाई जा रही है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद वन विभाग ने इन निर्माणों की रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजी थी। जिसके बाद एचएसवीपी को या तो संबंधित निर्माण खाली करने अथवा उसके बदले वैकल्पिक भूमि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। एचएसवीपी ने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के समक्ष वन भूमि डायवर्जन का प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। मंत्रालय ने वन अधिनियम के प्रावधानों के तहत इस प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। अब अंतिम मंजूरी मिलने के बाद भूमि डायवर्जन की औपचारिक प्रक्रिया पूरी की जाएगी। वन विभाग के अनुसार, एचएसवीपी ने लेजर वैली पार्क क्षेत्र में वन विभाग को वैकल्पिक भूमि देने का प्रस्ताव रखा है। इस भूमि पर बड़े स्तर पर पौधारोपण कर घना वन विकसित किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि इससे हरियाली बढ़ेगी, पर्यावरण संरक्षण को मजबूती मिलेगी और आसपास के रिहायशी इलाकों के लोगों को बेहतर वातावरण उपलब्ध होगा। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुपालन में पिछले वर्ष जून और जुलाई माह के दौरान अरावली क्षेत्र में अवैध निर्माणों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया गया था। इस दौरान फार्म हाउस, बैंक्वेट हॉल और मैरिज गार्डन सहित करीब 240 अवैध निर्माण हटाए गए थे, जिससे लगभग 261 एकड़ वन भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई गई थी।



संपादकीय

# शहर का विस्तार, सुविधाओं का इंतजार

शहर का शरीर दस वर्षों में 64 प्रतिशत बढ़ गया, किंतु उसकी धमनियां आज भी पुरानी हैं। इमारतें आकाश की ओर बढ़ीं, पर सड़कें, नाले, सीवर और जलापूर्ति उसी जमीन पर हांफते रह गए। गुरुग्राम का विकसित शहरी क्षेत्र वर्ष 2015 के 102.5 वर्ग किलोमीटर से बढ़कर 2025 में 168.2 वर्ग किलोमीटर हो गया। यह विस्तार केवल नक्शे पर रंग बदलने की कहानी नहीं है; यह उस शहर की कथा है, जो हर वर्ष और विशाल हुआ, किंतु नागरिक सुविधाओं की गति उसके साथ कदम नहीं मिला सकी।

जीएमडीए की जीआईएस स्टडी ने वह सच सामने रखा है, जिसे गुरुग्राम का नागरिक प्रतिदिन देखता है। द्वारका एक्सप्रेसवे, सदर्न पेरिफेरल रोड, एनएच-48, गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड, सोहना रोड, न्यू गुरुग्राम, साइबर सिटी और मानेसर के आसपास कंक्रीट का संसार खड़ा हो गया। ऊंची इमारतें बनीं, दफ्तर खुले, नए सेक्टर बसे और जमीन की कीमतें आसमान छूने लगीं। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या उसी अनुपात में पानी की लाइनें बिछीं, सीवर मजबूत हुए, नाले चौड़े हुए, बसें बढ़ीं और सड़कें बनीं?

विकास का अर्थ केवल निर्माण नहीं होता। विकास वह है, जिसमें घर बनने से पहले पानी पहुंचे, आबादी बढ़ने से पहले सीवर तैयार हो, वाहन बढ़ने से पहले सड़क और सार्वजनिक परिवहन मजबूत हों तथा बारिश आने से पहले नालों की क्षमता जांची जाए। दुर्भाग्य यह है कि गुरुग्राम में अनेक स्थानों पर पहले इमारतें खड़ी हुईं और बाद में सुविधाओं की तलाश शुरू हुई। परिणाम यह है कि थोड़ी सी बारिश शहर को तालाब में बदल देती है, किसी एक सड़क पर वाहन रुकें तो किलोमीटर लंबा जाम लग जाता है और किसी इलाके में सीवर ठप हो तो पूरा जीवन दुर्गंध से भर उठता है।

शहर की चमक अक्सर उसकी कमजोरी को छिपा लेती है। शीशे की इमारतों से दिखाई देने वाला गुरुग्राम आधुनिक भारत का चेहरा लगता है, किंतु सड़क पर उतरते ही उसकी अधूरी तैयारी सामने आ जाती है। कहीं टूटी सड़क है, कहीं खुला मैनहोल, कहीं पानी के लिए टैंकर और कहीं सीवर की गंदगी। नागरिक से आधुनिक शहर का मूल्य लिया जा रहा है, पर उसे कई बार कस्बाई स्तर की सुविधा भी नहीं मिलती। टैक्स महानगर का, सुविधा प्रतीक्षा सूची की—यह विरोधाभास अधिक समय तक नहीं चल सकता। जीआईएस अध्ययन का महत्व इसी में है कि अब शासन के पास अनुमान नहीं, आंकड़े हैं। कौन-सा क्षेत्र कितनी तेजी से बढ़ा, किस कॉरिडोर पर भविष्य में दबाव बढ़ेगा और कहां नई आधारभूत संरचना की जरूरत होगी—इन प्रश्नों के उत्तर तकनीक ने दे दिए हैं। अब जिम्मेदारी नीति की है। रिपोर्ट यदि फाइलों में बंद हो गई तो यह अध्ययन भी उन अनेक दस्तावेजों की भीड़ में खो जाएगा, जिनकी भाषा होती है, लेकिन परिणाम धरातल पर दिखाई नहीं देता।

वर्ष 2030 तक गुरुग्राम के और तेजी से फैलने का अनुमान है। इसका अर्थ है कि आज की छोटी कमी कल संकट बन सकती है। यदि अभी जल निकासी मार्गों, तालाबों, अरावली, हरित क्षेत्र और भूजल पुनर्भरण की रक्षा नहीं की गई तो आने वाले वर्षों में शहर केवल जाम और जलभराव से नहीं, पानी और पर्यावरण के गंभीर संकट से भी जूझेगा। हर खाली जमीन को निर्माण का अवसर समझना बुद्धिमानी नहीं है। कुछ भूमि शहर की सांस होती है, कुछ वर्षा का रास्ता और कुछ भविष्य की सुरक्षा।

गुरुग्राम को अब टुकड़ों में नहीं, एक जीवित इकाई की तरह देखना होगा। सड़क विभाग अपनी सड़क, जल विभाग अपनी पाइपलाइन और नगर निकाय अपना नाला देखकर संतुष्ट नहीं हो सकते। एक सड़क खोदने के बाद दूसरी एजेंसी द्वारा उसे फिर खोद देना विकास नहीं, सार्वजनिक धन की बबार्दी है। एकीकृत योजना का अर्थ है कि सड़क, सीवर, पानी, बिजली, ड्रेनेज और ट्रांसपोर्ट एक ही भविष्य को ध्यान में रखकर आगे बढ़ें।

यह शहर देश को राजस्व, रोजगार और पहचान देता है। इसलिए उसे केवल निवेश का केंद्र नहीं, नागरिक जीवन का सम्मानजनक स्थान बनाना भी शासन का दायित्व है। गुरुग्राम का विस्तार उत्सव का विषय तभी होगा, जब सुविधाएं भी उसी गति से बढ़ें।

आंकड़े चेतावनी दे चुके हैं। अब शासन को तय करना है कि वह 2030 के गुरुग्राम को योजनाबद्ध महानगर बनाएगा या समस्याओं का विस्तृत भूगोल। वैसे हमारे योजनाकारों की पुरानी आदत है—पहले शहर को संकट तक पहुंचने देना और फिर उसके समाधान के लिए करोड़ों रुपये की योजना घोषित करना। यहां बीमारी से पहले उपचार नहीं आता; पहले मर्ज को विशाल बनाया जाता है, फिर बजट को उससे भी विशाल कर दिया जाता है।

-ऋषि नारायण आचार्य

गालियों से नहीं, संवाद से मजबूत होगा लोकतंत्र

# युवा आक्रोश, राजनीतिक मर्यादा और राष्ट्र निर्माण की नई चुनौती

**दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए छात्र प्रदर्शन और उसके बाद प्रधानमंत्री के संदेश ने भारतीय लोकतंत्र के स्वरूप पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक ओर युवाओं का आक्रोश है, जो रोजगार, शिक्षा और भविष्य की अनिश्चितताओं से उपजा है, तो दूसरी ओर संवाद की घटती मर्यादा चिंता का विषय बनती जा रही है। लोकतंत्र में विरोध और असहमति स्वाभाविक है, लेकिन जब बहस का स्तर व्यक्तिगत अपमान और कटुता तक पहुंच जाता है, तो इसकी मूल भावना कमजोर पड़ती है। यह घटनाक्रम केवल एक राजनीतिक प्रसंग नहीं, बल्कि समाज, राजनीति और युवा पीढ़ी के सामने खड़े व्यापक संकट का संकेत देता है।**



● अशोक कुमार झा

लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति उसकी विविधता, सहिष्णुता और संवाद की संस्कृति होती है। जहां विचारों में मतभेद होते हैं, वहीं लोकतंत्र जीवंत रहता है। लेकिन जब विचारों का स्थान कटुता, तर्क का स्थान गाली-गलौज और असहमति का स्थान व्यक्तिगत अपमान ले लेता है, तब लोकतंत्र की आत्मा आहत होती है। पिछले दिनों दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए छात्र प्रदर्शन और उसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इंस्टाग्राम लाइव के माध्यम से दिया गया संदेश केवल एक राजनीतिक घटना नहीं है, बल्कि यह भारतीय लोकतंत्र, सामाजिक संस्कृति और युवा पीढ़ी के सामने खड़े गंभीर प्रश्नों को उजागर करता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में उन युवाओं को माफ करने की बात कही, जिन्होंने प्रदर्शन के दौरान उनके और उनकी दिवंगत माता के लिए कथित रूप से अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। उन्होंने समाज से भी आग्रह किया कि ऐसे युवाओं को दंडित करने की मानसिकता के बजाय उन्हें सही दिशा दिखाने का प्रयास किया जाए। उनका यह संदेश देशभर में चर्चा का विषय बन गया। किसी ने इसे बड़े दिल का परिचय बताया, तो किसी ने इसे राजनीतिक संदेश माना। किंतु इन प्रतिक्रियाओं से इतर सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि आखिर हमारा लोकतांत्रिक विमर्श किस दिशा में जा रहा है?

लोकतंत्र में विरोध करना नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। सरकार की नीतियों का विरोध, निर्णयों पर सवाल और जनहित से जुड़े मुद्दों पर आंदोलन लोकतंत्र की स्वाभाविक प्रक्रिया हैं। इतिहास गवाह है कि भारत में अनेक बड़े परिवर्तन शांतिपूर्ण जनआंदोलनों के माध्यम से हुए हैं। स्वतंत्रता संग्राम से लेकर भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलनों तक जनता ने अपनी आवाज बुलंद की और सत्ता को जवाबदेह बनाया। लेकिन इन आंदोलनों की सबसे बड़ी ताकत उनका नैतिक आधार और अनुशासित व्यवहार था। जब आंदोलन अपनी मर्यादा खो देता है, तब उसका उद्देश्य भी कमजोर पड़ जाता है।

जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे अधिकांश छात्र और युवा अपने भविष्य, रोजगार और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों को लेकर सड़क पर उतरे थे। यह उनका अधिकार भी है। लेकिन यदि किसी आंदोलन में कुछ लोग व्यक्तिगत गालियों का सहारा लेते हैं, तो इससे पूरे आंदोलन की छवि प्रभावित होती है। लोकतंत्र में सत्ता से असहमति हो सकती है, लेकिन किसी व्यक्ति या उसके परिवार के प्रति अपमानजनक भाषा का कोई नैतिक औचित्य नहीं हो सकता।

आज सोशल मीडिया ने हर व्यक्ति को एक मंच दिया है। एक मोबाइल फोन और इंटरनेट के माध्यम से कोई भी व्यक्ति लाखों लोगों तक अपनी बात पहुंचा सकता है। यह लोकतंत्र के लिए सकारात्मक अवसर भी है और बड़ी चुनौती भी। सोशल मीडिया ने अभिव्यक्ति को स्वतंत्र बनाया है, लेकिन कई बार इस स्वतंत्रता का प्रयोग जिम्मेदारी के साथ नहीं होता। वायरल होने की होड़, लाइक्स और फॉलोअर्स की चाह तथा तात्कालिक लोकप्रियता की मानसिकता ने संवाद की भाषा को प्रभावित किया है। कटाक्ष, व्यंग्य और आलोचना की जगह कई बार अपशब्द और व्यक्तिगत हमले ले लेते हैं।

यह केवल युवाओं की समस्या नहीं है। यदि हम ईमानदारी से आत्ममंथन करें तो पाएंगे कि राजनीतिक दलों के अनेक नेता भी सार्वजनिक मंचों पर एक-दूसरे के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हैं। चुनावी सभाओं से लेकर टेलीविजन बहसों तक और सोशल मीडिया पोस्ट से लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस तक कई बार ऐसी भाषा सुनाई देती है जो लोकतांत्रिक संस्कृति के अनुरूप नहीं कही जा सकती। जब समाज के प्रभावशाली लोग संयम खो देते हैं, तो उसका असर नई पीढ़ी पर भी पड़ता है।

यह भी विचारणीय है कि आज का युवा आखिर इतना आक्रोशित क्यों दिखाई देता है। प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक, भर्ती प्रक्रियाओं में देरी, बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, मानसिक दबाव और भविष्य की अनिश्चितता ने युवाओं में निराशा और असंतोष पैदा किया है। यदि इन समस्याओं का समय पर समाधान नहीं होगा, तो आक्रोश स्वाभाविक रूप से सामने आएगा। इसलिए केवल युवाओं के व्यवहार की आलोचना करना पर्याप्त नहीं है; उन परिस्थितियों को भी समझना होगा जो इस असंतोष को जन्म देती हैं।

सरकार की भी जिम्मेदारी है कि वह युवाओं के साथ नियमित संवाद बनाए रखे, प्रतियोगी परीक्षाओं की विश्वसनीयता सुनिश्चित करे, पारदर्शी भर्ती प्रणाली विकसित करे और रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता दे। जब युवाओं को व्यवस्था पर विश्वास होगा, तब आंदोलनों की तीव्रता भी स्वतः कम होगी।

दूसरी ओर युवाओं को भी यह समझना होगा कि लोकतंत्र में अधिकारों के साथ कर्तव्य भी जुड़े होते हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता संविधान का मौलिक अधिकार है, लेकिन यह अधिकार दूसरों की गरिमा और कानून की सीमाओं के भीतर ही प्रभावी होता है। किसी भी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति की आलोचना की जा सकती है, उसकी नीतियों का विरोध किया जा सकता है, लेकिन व्यक्तिगत अपमान लोकतांत्रिक बहस को कमजोर करता है।

प्रधानमंत्री द्वारा युवाओं को "गुमराह बच्चे" कहकर उन्हें माफ करने की बात एक मानवीय दृष्टिकोण का संकेत है किंतु यह भी उतना ही आवश्यक है कि कानून का शासन कायम रहे। यदि किसी मामले में शिकायत दर्ज होती है, तो उसकी जांच निष्पक्ष और संविधान के अनुरूप होनी चाहिए। न तो कानून का दुरुपयोग होना चाहिए और न ही कानून के भय को समाप्त होने देना चाहिए। लोकतंत्र की मजबूती इसी संतुलन में निहित है।

परिवारों की भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। बच्चों का पहला विद्यालय उनका घर होता है। यदि परिवार में संवाद, सम्मान और संयम का वातावरण होगा, तो वही संस्कार समाज में दिखाई देंगे। विद्यालयों और विश्वविद्यालयों को भी केवल डिग्री देने वाले संस्थान नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक तैयार करने वाले केंद्र बनना होगा। लोकतांत्रिक मूल्य, संवैधानिक कर्तव्य, असहमति की संस्कृति और सभ्य संवाद को शिक्षा का अनिवार्य हिस्सा बनाया जाना चाहिए।

भारत की सभ्यता हजारों वर्षों से संवाद की परंपरा पर आधारित रही है। उपनिषदों में प्रश्न पूछने की स्वतंत्रता थी। भगवान बुद्ध ने तर्क और विवेक को महत्व दिया। महावीर ने अहिंसा और संयम का संदेश दिया। महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा को राजनीतिक संघर्ष का आधार बनाया। डॉ. भीमराव आंबेडकर ने संविधान के माध्यम से असहमति को संस्थागत स्वरूप दिया। इन सभी महान व्यक्तित्वों ने सिखाया कि विचारों की लड़ाई शब्दों की मयार्दा के भीतर भी लड़ी जा सकती है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि राजनीति फिर से मुद्दों पर लौटे। बहस रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, पर्यावरण, विज्ञान और सामाजिक न्याय पर हो। यदि राजनीतिक विमर्श व्यक्तिगत आरोपों और अपमान तक सीमित रहेगा, तो लोकतंत्र का स्तर भी गिरता जाएगा। मीडिया की भी बड़ी जिम्मेदारी है कि वह सनसनी के बजाय सार्थक विमर्श को बढ़ावा दे और समाज को तथ्य आधारित जानकारी उपलब्ध कराए।

इस पूरे घटनाक्रम से सबसे बड़ा संदेश यही निकलता है कि लोकतंत्र में विरोध भी जरूरी है और मर्यादा भी। सरकार को आलोचना स्वीकार करनी चाहिए और नागरिकों को भी अपनी भाषा और व्यवहार की गरिमा बनाए रखनी चाहिए। किसी भी पक्ष द्वारा संयम खोना लोकतांत्रिक संस्कृति को कमजोर करता है।

भारत विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्था है। आज जब देश वैश्विक मंच पर अपनी भूमिका मजबूत करने का प्रयास कर रहा है, तब लोकतांत्रिक परिपक्वता भी उतनी ही आवश्यक है। आर्थिक विकास, तकनीकी प्रगति और वैश्विक प्रतिष्ठा तभी सार्थक होगी जब समाज संवाद, सहिष्णुता और परस्पर सम्मान के मूल्यों को भी समान महत्व देगा।

अंततः यह घटना किसी एक व्यक्ति, एक वीडियो या एक भाषण तक सीमित नहीं है। यह हम सभी के लिए आत्मचिंतन का अवसर है। हमें तय करना होगा कि आने वाली पीढ़ी को हम कैसा लोकतंत्र देना चाहते हैं—ऐसा लोकतंत्र जहां असहमति का उत्तर गाली से दिया जाए, या ऐसा लोकतंत्र जहां मतभेदों का समाधान तर्क, संवेदना और संवाद से निकले।

यदि भारत को वास्तव में विश्वगुरु बनने का सपना साकार करना है, तो सबसे पहले संवाद की संस्कृति को मजबूत करना होगा। राजनीतिक मतभेद रहेंगे, विचारधाराएं अलग होंगी, विरोध प्रदर्शन भी होंगे, लेकिन यदि भाषा की मर्यादा और संवैधानिक मूल्यों का सम्मान बना रहेगा, तो लोकतंत्र और अधिक सशक्त होगा।

लोकतंत्र की वास्तविक विजय तब होगी जब विरोध करने वाला भी सम्मानजनक भाषा का प्रयोग करेगा और सत्ता में बैठा व्यक्ति भी आलोचना को सुनने का धैर्य रखेगा। यही भारतीय लोकतंत्र की आत्मा है, यही संविधान की भावना है और यही एक मजबूत, संवेदनशील तथा विकसित राष्ट्र की पहचान भी।

# मैथिली शरण गुप्त : राष्ट्र प्रेम एवं काव्य की प्रतिमूर्ति



● प्रदीप कुमार वर्मा

भारत की भूमि वीर सपूतों के साथ-साथ कई राष्ट्र नायको एवं कवि तथा साहित्यकारों की जननी रही है। आदिकाल से लेकर आज तक भारत भूमि ने विश्व साहित्य को कई अनमोल रत्न दिए हैं। राष्ट्र कवि के नाम से देश और दुनिया में चर्चित मैथिलीशरण गुप्त भी काव्य के ऐसे ही एक प्रखर हस्ताक्षर हैं। आज से करीब डेढ़ सौ साल पहले भारत भूमि पर जन्मे राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने न केवल स्वाधीनता आंदोलन में अपना राष्ट्र धर्म निभाया बाल के इसके साथ ही काव्य सृजन से भी कला एवं साहित्य की साधना की राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त का साहित्य आज भी युवा पीढ़ी को देश प्रेम राष्ट्रभक्ति तथा काव्य चेतना की प्रेरणा देता है। आज समूचा काव्य जगत राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की जन्म जयंती मना रहा है।

राष्ट्र कवि मैथिलीशरण गुप्त का जन्म 3 अगस्त वर्ष 1886 में उत्तरप्रदेश के झाँसी जिले के चिरगांव नामक स्थान पर एक संपन्न वैश्य परिवार में हुआ था। इनके पिता सेठ रामचरण गुप्त एक प्रसिद्ध राम भक्त और काव्य प्रेमी थे। माता काशीबाई भी धार्मिक महिला थी। उन्होंने पांचवी कक्षा तक की पढ़ाई अपने चिरगांव गाँव में ही रहकर पूरी की। आगे की पढ़ाई के लिए उनके पिताजी ने उन्हें झाँसी के मेक्डोनल हाई स्कूल में दाखिला दिलवाया। छोटी उम्र से ही पढ़ाई की जगह कहानी और कविताएं लिखने में उनका मन लगता था। वह अपने दोस्तों को भी कविताएं लिखने के लिए प्रेरित किया करते थे। यही वजह रही थी अल्प आयु में ही गुप्त की हिन्दी, बंगला एवं संस्कृत साहित्य पर इनकी अच्छी पकड़ हो गई थी। वह घर पर ही सारे विषयों को पढ़ा करते थे।

जब वह महज 12 साल के हुए तो ब्रजभाषा में कविता भी लिखने लगे। वैसे तो मैथिलीशरण गुप्त ने बचपन से ही लिखना शुरू कर दिया था, पर उनको लिखने की असली प्रेरणा आचार्य महावीर प्रसाद से ही मिली। मैथिलीशरण गुप्त ने उनको अपना गुरु तथा अपना आदर्श मान लिया था। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने अपने शिष्य मैथिलीशरण गुप्त पर बहुत मेहनत की। उन्होंने मैथिलीशरण की कविता लिखने की शैली को और भी ज्यादा निखारा। यह सर्वमान्य साहित्यिक सत्य है कि मैथिलीशरण गुप्त अपने दौर के महान कवि थे। उन्होंने समाज-सुधार, धर्म, राजनीति, भक्ति जैसे विषयों पर भी बहुत अच्छी कविताएं लिखी। महादेवी वर्मा जी के संपर्क में आने से उनकी कवितायें खाड़ी बोली सरस्वती में प्रकाशित होना प्रारम्भ हो गया था।

गुप्त का प्रथम काव्य संग्रह रंग में भंग तथा बाद में उनकी रचना जयद्रथ वध प्रकाशित हुई। उन्होंने बंगाली भाषा के काव्य ग्रन्थ में मेघनाथ बध अथवा ब्रजांगना का भी अनुवाद किया था। वर्ष 1912 एवं 1913 में राष्ट्रीयता की भावनाओं से परिपूर्ण भारत भारती काव्य ग्रन्थ भी प्रकाशित हुआ था। इसमें गुप्त ने स्वदेश प्रेम को दर्शाते हुए वर्तमान में देश की दुर्दशा से उबरने के लिए समाधान खोजने का सम्पूर्ण प्रयोग किया था। इसके बाद संस्कृत भाषा का प्रमुख काव्य ग्रन्थ स्वप्नवासवदत्ता, महाकाव्य साकेत, उर्मिला आदि काव्य भी प्रकाशित हुए। मैथिलीशरण गुप्त ने 5 मौलिक नाटक लिखे हैं- अनघ, चन्द्रहास, तिलोत्तमा, निष्क्रिय प्रतिरोध और विसर्जन। उन्होने भास के चार नाटकों- स्वप्नवासवदत्ता, प्रतिमा, अभिषेक, अविमारक का अनुवाद किया है।

इन नाटकों में अनघ जातक कथा से सम्बद्ध बोधिसत्व की कथा पर आधारित पद्य में लिखा गया नाटक है। गुप्त जी समन्वयवादी कवि हैं। मूलतः राम-भक्त होकर भी इन्होंने अन्य धर्मों के प्रति अपने छन्द सुमन अर्पित किए हैं। साकेत इनकी राम-भक्ति का प्रतीक है, जबकि द्वापर में इन्होंने कृष्ण के प्रति अपनी मधुर भावना का निरूपण किया है। काबा और कर्बला में इस्लाम धर्म तथा गुरुकुल में सिक्ख-मत के प्रति इसकी सहानुभूति एवं उदारता का उल्लेख हुआ है। इनके काव्य में भारतेन्दु युग, द्विवेदी युग, छायावाद, रहस्यवाद आदि का समन्वित रूप दिखायी देता है। महात्मा गाँधी ने इनकी राष्ट्रीयता की भावना से ओत-प्रोत रचनाओं के आधार पर ही इन्हें राष्ट्रकवि की उपाधि से विभूषित किया था।

वर्ष 1948 में आगरा विश्वविद्यालय और 1958 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने मैथिलीशरण गुप्त को डी लिट् की मानद उपाधि प्रदान की थी। इन्होंने राज्यसभा के सदस्य के रूप में पदभार ग्रहण किया। यही नहीं वर्ष 1954 में उन्हें पद्मभूषण से भी नवाजा गया। मैथिलीशरण गुप्त को हम केवल कवि कहकर ही नहीं बुला सकते हैं। वह कवि होने के साथ-साथ एक सच्चे देशभक्त भी थे। मैथिलीशरण गुप्त गाँधी जी को अपना आदर्श मानते थे इसलिए उन्होंने राष्ट्रीय आंदोलन में भी सक्रियता से भाग लिया। सच्चे देश प्रेम के लिए उन्हें जेल भी जाना पड़ा था। अपने जीवन के अंतिम काल तक राष्ट्र सेवा में अथवा काव्य साधना में लीन रहने वाले राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जी 12 दिसम्बर सन 1964 को अपने राष्ट्र को अलविदा कह गए। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त का साहित्य आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना उनके समय में था। उनकी रचनाएं हमें न केवल देशभक्ति और नैतिकता का पाठ पढ़ाती हैं, बल्कि समाज के प्रति हमारे कर्तव्यों का भी बोध कराती हैं। बदलते समय में भी उनकी कविताएं नई पीढ़ी को सही दिशा दिखाने का कार्य कर रही हैं। उनके विचार, उनकी संवेदनाएं और उनका राष्ट्रप्रेम आज भी भारतीय साहित्य और संस्कृति के लिए प्रेरणास्रोत बने हुए हैं।




**मेष** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में संक्रियता रहेगी।

**वृषभ** कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**मिथुन** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। परिवारजनों के सहयोग से काम बनाना आसान रहेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे।

**कर्क** परिवारजन का सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। बौद्धिक उलझनें बनी रहेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा।

**सिंह** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ मिलेगा। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**कन्या** शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**तुला** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे।

**वृश्चिक** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भागदौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

**धनु** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**मकर** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

**कुंभ** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**मीन** धम-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

# आशीर्वाद को अब भूतिया बंगला कहने पर बॉम्बे हाईकोर्ट की रोक

● रामस्वरूप रावतसरे

मुंबई हाईकोर्ट ने मशहूर अभिनेता दिवंगत राजेश खन्ना के घर आशीर्वाद को भूतिया, शापित, मनहूस या अशुभ कहने पर रोक लगा दी है। राजेश खन्ना के निधन के 14 साल बाद ये फैसला आया है। कोर्ट का कहना है कि ये मानहानि से जुड़ा मामला है और मकान मालिक के गरिमा से जीने के अधिकार का उल्लंघन करता है। दरअसल यह याचिका वर्तमान मालिक बिजनेसमैन शशि किरण शेट्टी ने दायर की थी। उन्होंने कई मीडिया हाउस और यूट्यूब चैनलों द्वारा इस बंगले को भूतिया या मनहूस बताए जाने पर आपत्ति जताई और अदालत का रुख किया। यह वही ऐतिहासिक बंगला है, जिसे शेट्टी ने राजेश खन्ना के निधन के बाद उनकी बेटी ट्विंकल खन्ना और दामाद अक्षय कुमार से करीब 90 करोड़ रुपये में खरीदा था। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस आरिफ डॉक्टर ने स्पष्ट कहा कि इस प्रकार की टिप्पणियां न केवल भ्रामक हैं, बल्कि यह मकान मालिक की प्रतिष्ठा को भी नुकसान पहुंचाती हैं। अदालत ने माना कि किसी संपत्ति को बिना ठोस आधार के भूतिया या शापित बताना व्यक्ति के सम्मानजनक जीवन के अधिकार का उल्लंघन है। यह बंगला मुंबई के बांद्रा स्थित कार्टर रोड पर है, जो लंबे समय से चर्चा में रहा है।

शशि किरण शेट्टी ने पुराने जर्जर ढांचे को गिराकर वहां नया आधुनिक घर बनाया, लेकिन उसका नाम आशीर्वाद ही रखा। इसके बावजूद कुछ मीडिया रिपोर्ट्स और सोशल मीडिया कंटेंट में इसे अब भी भूतिया बंगला कहा जाता रहा। याचिकाकर्ता ने अदालत को बताया कि एक वेबसाइट ने 19 रियल हॉन्टेड हाउसेस इन इंडिया शीर्षक से एक लेख प्रकाशित किया, जिसमें इस बंगले को भी शामिल किया गया।

याचिका में शेट्टी के वकील वीरेन्द्र सराफ ने अदालत से आग्रह किया कि ऐसे भ्रामक और अपमानजनक कंटेंट पर रोक लगाई जाए तथा संबंधित वीडियो और लेख हटाए जाएं। अदालत ने प्रथम दृष्टया इसे एक मजबूत मामला मानते हुए कहा कि ऐसे आरोप निराधार हैं और इससे मकान मालिक की छवि पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की कि कई मीडिया संस्थान और डिजिटल प्लेटफॉर्म सनसनी फैलाने के उद्देश्य से इस प्रकार की कहानियां गढ़ते हैं, जिससे संबंधित व्यक्ति को नुकसान होता है। अदालत ने ऐसे सभी बयानों और प्रसारणों पर रोक लगाने का निर्देश दिया। इस मामले की अगली सुनवाई 21 अगस्त 2026 को निर्धारित की गई है।

आशीर्वाद बंगला हिंदी सिनेमा के इतिहास में एक विशेष स्थान रखता है। यह केवल एक घर नहीं, बल्कि सुपरस्टार राजेश खन्ना के जीवन और करियर का प्रतीक रहा है। अपने सुनहरे दौर में यह बंगला ऐश्वर्य और सफलता का प्रतीक माना जाता था। यहीं से राजेश खन्ना ने अपने जीवन के कई महत्वपूर्ण फैसले लिए, जिसमें डिंपल कपाड़िया से उनका विवाह भी शामिल है। उनकी दोनों बेटियों का जन्म भी इसी घर में हुआ। हालांकि समय के साथ निजी जीवन में आई परेशानियों और करियर में गिरावट को लेकर इस घर के बारे में कई तरह की अफवाहें फैलने लगीं। डिंपल कपाड़िया के अलग हो जाने और राजेश खन्ना के अकेलेपन को भी इस बंगले से जोड़कर देखा गया। उनके अंतिम दिनों में अनीता आडवाणी उनकी देखभाल करती थीं, जिन्होंने बाद में इस संपत्ति पर दावा भी किया, लेकिन अदालत ने उनके दावे को खारिज कर दिया।

राजेश खन्ना के निधन के बाद यह बंगला कुछ समय तक खाली पड़ा रहा और जर्जर हो गया। इसी दौरान इसे भूतिया बंगला कहकर पुकारे जाने की अफवाहें और तेज हो गईं। स्थानीय लोगों के बीच भी इस तरह की कहानियां प्रचलित हो गई थीं, जिन्हें बाद में कुछ मीडिया रिपोर्ट्स ने और बढ़ावा दिया।

इतिहास में जाएं तो यह बंगला पहले अभिनेता राजेन्द्र कुमार का था, जिन्होंने 1960 के दशक में इसे खरीदा और इसकी हालत सुधारी। उनके समय में यह घर सफलता का प्रतीक बना रहा। बाद में राजेश खन्ना ने इसे करीब 3.5 लाख रुपये में खरीदा और अपनी पत्नी के कहने पर इसका नाम आशीर्वाद रखा। यहीं से उनके सुपरस्टार बनने का दौर शुरू हुआ। समय के साथ यह बंगला कई कारणों से चर्चा में रहा—चाहे वह निजी विवाद हों, कानूनी लड़ाइयां या फिर इससे जुड़ी अफवाहें। अंततः खन्ना परिवार ने इसे बेच दिया और नए मालिक ने इसका पुनर्निर्माण कराया।

अब बॉम्बे हाईकोर्ट के इस फैसले ने स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी संपत्ति या व्यक्ति के बारे में बिना प्रमाण के अपमानजनक और भ्रामक टिप्पणी करना स्वीकार्य नहीं है। अदालत ने यह भी रेखांकित किया कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ जिम्मेदारी भी जुड़ी होती है और किसी की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

**आशीर्वाद अब आशीर्वाद ही रहेगा, भूतिया, शापित, मनहूस या अशुभ नहीं।**

# सर्वे के नौ साल बाद भी नहीं बना वेंडर जोन

## जागो ने सीएम से लगाई गुहार, जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

महेंद्र गोयल, हरियाणा मेल



- 2017 में हुआ था सर्वे, आज तक रेहड़ी-फड़ी संचालकों को नहीं मिली निर्धारित जगह
- सीएम व शहरी निकाय मंत्री को भेजा ज्ञापन, कहा- कार्रवाई से पहले पुनर्वास जरूरी

**फतेहाबाद।** शहर में रेहड़ी-फड़ी लगाकर आजीविका चलाने वाले सैकड़ों परिवारों के पुनर्वास का मामला एक बार फिर उठ गया है। सामाजिक संस्था जागो ने मुख्यमंत्री और शहरी स्थानीय निकाय मंत्री को पत्र भेजकर वर्ष 2017 में हुए वेंडर सर्वे के बावजूद आज तक वेंडर जोन विकसित नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई है। संस्था ने इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए रेहड़ी संचालकों पर कार्रवाई करना न्यायसंगत नहीं है।

संस्था के पदाधिकारियों का कहना है कि वर्ष 2017 में रुद्रा एजेंसी के माध्यम से शहर के रेहड़ी-फड़ी संचालकों का सर्वे कराया गया था। उस समय उद्देश्य यह था कि सभी पात्र वेंडरों को पहचान कर उनके लिए वेंडर जोन विकसित किए जाएंगे, ताकि वे व्यवस्थित तरीके से अपना रोजगार चला सकें। लेकिन नौ वर्ष बीत जाने के बाद भी अधिकांश वेंडरों को निर्धारित स्थान उपलब्ध नहीं कराया गया। मजबूरी में वे शहर के विभिन्न हिस्सों में रेहड़ियां लगाने को विवश हैं।

### कार्रवाई से पहले पुनर्वास की मांग

जागो संस्था के प्रधान देवेंद्र दहिया, सुरेंद्र असीजा, प्रदीप जांगड़ा, प्रमोद बजाज और डिंपल चौधरी ने कहा कि नगर परिषद की ओर से समय-समय पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाती है, जिससे छोटे दुकानदारों और रेहड़ी संचालकों की रोजी-रोटी प्रभावित होती है।

उनका कहना है कि यदि प्रशासन वास्तव में व्यवस्था सुधारना चाहता है तो पहले वेंडर जोन विकसित कर सभी सर्वेक्षित वेंडरों को वहां स्थान उपलब्ध कराया जाए। इसके बाद ही शहर में अभियान चलाया जाए।

संस्था ने मुख्यमंत्री और शहरी निकाय मंत्री से मांग की है कि वेंडर जोन बनाने में हुई देरी की जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

साथ ही सर्वे में शामिल सभी पात्र रेहड़ी-फड़ी संचालकों को जल्द से जल्द स्थायी स्थान उपलब्ध कराकर उनके रोजगार और शहर की यातायात व्यवस्था, दोनों के बीच संतुलन स्थापित किया जाए।

### जागो संस्था ने दिए समाधान के कारगर सुझाव

संस्था ने प्रशासन से रेहड़ी संचालकों को जल्द स्थायी जगह देने की मांग की है। संस्था के पदाधिकारियों ने प्रशासनिक अधिकारियों को एक लिखित सुझाव भेजा है। इसके अनुसार ग्रीन बेल्ट, जहां लोगों ने दीवारें तोड़कर अवैध रूप से गाड़ियां खड़ी करने की जगह बना ली है, वहां रेहड़ी वालों के समूह बनाकर उन्हें जगह दी जा सकती है। इससे रेहड़ी संचालक खुद उस हिस्से की देखभाल करेंगे और सफाई के नाम पर सरकारी पैसे की बचत भी होगी। हंस मार्केट में सरकार के जो प्लाट अभी तक नीलाम नहीं हुए हैं, वहां अस्थायी वेंडर जोन बनाए जा सकते हैं। भट्टूकलां रोड व बीघड़ रोड पर सरकारी कार्यालयों के बाहर खाली पड़ी जगहों पर भी रेहड़ी संचालकों को व्यवस्थित किया जा सकता है। संस्था ने प्रमुखता से यह मांग उठाई है कि शहर में रेहड़ी लगाने के लिए 60 से 70 प्रतिशत जगह स्थानीय लोगों के लिए आरक्षित होनी चाहिए।

# हाईकोर्ट की स्थायी पीठ और अधिवक्ताओं को टोल में छूट की मांग, सांसद को सौंपा ज्ञापन

अशोक कुमार, हरियाणा मेल



**हिसार।** जिला बार एसोसिएशन, हिसार के पदाधिकारियों ने रविवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में हिसार लोकसभा क्षेत्र के सांसद जय प्रकाश से शिष्टाचार भेंट कर अधिवक्ताओं और आमजन से जुड़े दो महत्वपूर्ण मुद्दों पर ज्ञापन सौंपा। बार एसोसिएशन ने हिसार में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की स्थायी पीठ स्थापित करने और देशभर के अधिवक्ताओं को टोल टैक्स में रियायत देने की मांग उठाई।

बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सांसद को बताया कि पश्चिमी हरियाणा के लाखों लोगों और अधिवक्ताओं को प्रत्येक मामले में चंडीगढ़ जाना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की हानि होती है। उन्होंने कहा कि हिसार की भौगोलिक स्थिति, विकसित न्यायिक आधारभूत संरचना, बेहतर सड़क, रेल और हवाई संपर्क, प्रमुख विश्वविद्यालयों तथा चिकित्सा संस्थानों की उपलब्धता इसे हाईकोर्ट की स्थायी पीठ के लिए उपयुक्त बनाती है। सांसद से इस मुद्दे को संसद सहित केंद्र सरकार, भारत के मुख्य न्यायाधीश और पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाने का आग्रह किया गया।

दूसरे ज्ञापन में अधिवक्ताओं को टोल टैक्स में रियायत या छूट देने की मांग की गई। बार एसोसिएशन का कहना था कि अधिवक्ताओं को न्यायिक कार्यों के सिलसिले में प्रतिदिन विभिन्न जिलों और अदालतों में आना-जाना पड़ता है, जिससे टोल शुल्क के रूप में अतिरिक्त आर्थिक भार उठाना पड़ता है।

इस संबंध में सांसद से केंद्र सरकार और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के समक्ष आवश्यक नीति बनाने के लिए पहल करने का अनुरोध किया गया।

सांसद जय प्रकाश ने दोनों मांगों को जनहित और न्याय व्यवस्था से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय बताते हुए सकारात्मक प्रयास करने का आश्वासन दिया। इस दौरान बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट प्रदीप बाजिया, उपप्रधान एडवोकेट राहुल सिंह, सचिव एडवोकेट समीर सिहाग, सहसचिव एडवोकेट साहिल मंडेरना, कोषाध्यक्ष एडवोकेट आशा बाल्यान सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## खबरें फटाफट

### सूर्य नगर में हत्या के प्रयास के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** सूर्य नगर में युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में थाना एचटीएम पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जींद जिले के गांव खपड़ के वाल्मीकि मोहल्ला निवासी अजय पुत्र पप्पू के रूप में हुई है। पुलिस आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड की मांग करेगी, ताकि मामले में उससे पूछताछ की जा सके। पुलिस के अनुसार वर्ष 2025 में सूर्य नगर निवासी विक्रम उर्फ विक्रमजीत पर कुछ युवकों ने घातक हथियारों से हमला कर दिया था। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। पीड़ित की शिकायत और चिकित्सकीय रिपोर्ट के आधार पर थाना एचटीएम में हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल से मिले साक्ष्यों, गवाहों के बयान और अन्य तकनीकी तथ्यों के आधार पर अजय की संलिप्तता पाई। इसके बाद उप निरीक्षक राजेश के नेतृत्व में पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब मामले में शामिल अन्य आरोपियों की भूमिका की भी जांच कर रही है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने कहा कि जिले में गंभीर अपराधों में शामिल किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराध पर अंकुश लगाने के लिए हिसार पुलिस लगातार अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि फरार आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस ने तीन नशा तस्कर दबोचे

**सिरसा।** पुलिस ने तीन नशा तस्करों को रविवार को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हेरोइन बरामद की है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपियों की पहचान सिरसा निवासी ब्रह्मानंद, गौरव व संदीप कुमार के रूप में हुई है। शहर थाना प्रभारी ने रविवार को बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान केलनियां रोड की तरफ जा रही थी। इसी दौरान सडक़ किनारे एक युवक खड़ा था जो कि पुलिस टीम को देखकर वापस मुडक़र भागने लगा। शक के आधार पर पुलिस ने उसे दबोच लिया। तलाशी लेने पर युवक के कब्जे से आठ ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपी की पहचान सिरसा निवासी ब्रह्मानंद के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार आरोपी युवक हेरोइन बेचने की फिराक में था। इसके अलावा पुलिस ने शहर के रानियां रोड क्षेत्र से बाइक सवार युवक गौरव को सात ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शक के आधार पर उसे काबू कर तलाशी ली तो उसके कब्जे से हेरोइन बरामद हुई।

### नशा मुक्ति युवा विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित

**हिसार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे "नशा मुक्ति युवा विकसित भारत संकल्प अभियान" के अंतर्गत आज पीएनबी आरसेटी, हिसार में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश सभी प्रशिक्षणार्थियों एवं स्टाफ को वीडियो के माध्यम से दिखाया गया। इसके उपरांत संस्थान के डायरेक्टर प्रदीप कुमार, समस्त स्टाफ चंचल, प्रोमिला एवं सभी प्रशिक्षणार्थियों ने नशा मुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लेते हुए सामूहिक रूप से शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर उपस्थित प्रतिभागियों को नशे के दुष्प्रभाव, स्वास्थ्य, परिवार एवं समाज पर पड़ने वाले इसके नकारात्मक प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

साथ ही सभी युवाओं से आह्वान किया गया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें तथा अपने परिवार, मित्रों और समाज को भी नशा मुक्ति के प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा "विकसित भारत" के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा। अंत में सभी प्रतिभागियों ने नशा मुक्त समाज के निर्माण में अपना पूर्ण सहयोग देने का संकल्प लिया।

# पोस्टर हटाकर पेंट से संवारी दीवारें

## 'हमारा प्यार हिसार' ने दिया स्वच्छ शहर का संदेश

हरियाणा मेल ब्यूरो



**हिसार।** सामाजिक संस्था 'हमारा प्यार हिसार' ने रविवार को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के निकट पोस्टर हटाओ, शहर सजाओ अभियान चलाकर क्षेत्र की तस्वीर बदल दी। अभियान के तहत स्वयंसेवकों ने दीवारों से पुराने और अवैध पोस्टर हटाए, सफाई की तथा आकर्षक टेराकोटा पेंट कर दीवारों को नया स्वरूप दिया। साथ ही आसपास उगी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक पार्थेनियम घास को भी हटाया गया।

अभियान का नेतृत्व कर्नल डी.वी. नेहरा (सेवानिवृत्त) ने किया। उन्होंने कहा कि पार्थेनियम मानव स्वास्थ्य, पशुओं और पर्यावरण के लिए नुकसानदायक खरपतवार है। नागरिकों को इसकी पहचान कर समय रहते इसे हटाना चाहिए ताकि स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण बनाया जा सके। संस्था के सदस्यों ने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल दीवारों को सुंदर बनाना नहीं, बल्कि लोगों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सार्वजनिक संपत्ति के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। उन्होंने शहरवासियों से सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर न लगाने और स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहयोग की अपील की।

इस मौके पर डॉ. बी.बी. बंगा, डॉ. मंगलसैन मलिक, आदेश मलिक, अनिता शर्मा, मनीष बंसल, दिनेश बंसल, राजबीर दुहन, युद्धबीर पन्नू सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने श्रमदान किया। अभियान के अंत में सभी ने जनभागीदारी से स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण-अनुकूल हिसार बनाने का संकल्प लिया।

## पिगरी फार्मर को कमरे में किया बंद, नौ सुअर किए चोरी

हरियाणा मेल, एजेंसी

**जींद।** गांव अमरावली खेड़ा के निकट शनिवार रात चोरों पिगरी फार्मर को कमरे में बंद कर दिया और फार्म से नौ आस्ट्रेलियन किस्म के सुअरों को चोरी कर लिया। हमलावरों ने फार्म में मौजूद कुछ सुअरों को तेजधार हथियार से घायल भी किया। जाते हुए हमलावर सीसी टीवी कैमरों को भी तोड़ गए। चोरी हुए सुअरों की कीमत लगभग एक लाख है। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने सुअर पालक की शिकायत पर रविवार को अज्ञात आधा दर्जन लोगों के खिलाफ चोरी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव अमरावली खेड़ा निवासी अजय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने पिल्लूखेड़ा नेशनल हाइवे 152डी के निकट आस्ट्रेलियन किस्म का पिगरी फार्म बनाया हुआ है। शनिवार रात चोरों ने उसके कमरे के बाहर कुंडी लगा दी। जिसके बाद सांड समेत सात बड़े तथा दो छोटे सुअर चोरी कर लिए। घटना का सुबह उस समय पता चला जब वह सोकर उठा। कमरे के बाहर की कुंडी लगाई गई थी। फोन कर उसने जानकारों को बुला कर उसने कमरे की कुंडी खुलवाई।

## यमुनानगर में हेरोइन के साथ 3 आरोपी गिरफ्तार

हरियाणा मेल, एजेंसी

**यमुनानगर।** यमुनानगर पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल ने नशा तस्करी के खिलाफ अभियान के तहत अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए कुल 105 ग्राम स्मैक बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बरामद मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत करीब पांच लाख रुपये बताई जा रही है। तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश किया गया, जहां से पुलिस रिमांड मंजूर किया गया है। एंटी नारकोटिक्स सेल के प्रभारी अनिल कुमार ने रविवार को बताया कि पहली कार्रवाई मंडोली मोड़, पंचकूला-सहारनपुर हाईवे पर की गई। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 45 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान यमुनानगर निवासी रजत कुमार के रूप में हुई। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर रिमांड पर लिया गया है।

दूसरी कार्रवाई कलानौर बॉर्डर पर की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि दो युवक मोटरसाइकिल पर उत्तर प्रदेश से नशीला पदार्थ लेकर जिले में प्रवेश करने वाले हैं। नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध बाइक को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन दोनों भागने लगे। पुलिस टीम ने पीछा कर उन्हें दबोच लिया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में तलाशी लेने पर दोनों के कब्जे से 30-30 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपियों की पहचान बुढ़िया दयालगढ़ निवासी श्रवण कुमार और रूखसार के रूप में हुई।

## सिरसा ब्रांच नहर में नहाते समय किशोर डूबा

हरियाणा मेल, एजेंसी

**जींद।** नरवाना के ढाकल हेड के निकट सिरसा ब्रांच नहर में नहाते समय एक किशोर डूब गया। घटना की सूचना मिलने पर आसपास के लोग तथा सदर थाना नरवाना पुलिस मौके पर पहुंची ओर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने कुछ युवकों के साथ नहर में सर्च अभियान भी चलाया, लेकिन नहर में डूबे किशोर का कोई सुराग नहीं लगा। फिलहाल पुलिस तथा परिजन लगातार सर्च अभियान चलाए हुए हैं। चमेला कालोनी नरवाना निवासी 16 वर्षीय वरूण रविवार को अपने दोस्तों के साथ गांव ढाकल हेड के निकट सिरसा ब्रांच नहर में नहाने गया हुआ था। नहाते समय वह नहर के तेज बहाव मे बह गया और पानी के अंदर डूब गया। घटना के दौरान उसके साथियों ने शोर भी मचाया। कुछ युवकों ने बचाने की कोशिश भी की लेकिन तब तक वह नहर में डूब चुका था। घटना की सूचना पाकर सदर थाना नरवाना पुलिस तथा परिजन मौके पर पहुंच गए और युवकों के सहयोग से नहर में सर्च अभियान चलाया। सर्च अभियान के लिए गोताखोरों को भी बुलाया गया। काफी दूर तक चले सर्च अभियान में नहर में डूबे किशोर का कोई सुराग नही लगा।

## अंतर जिला बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश, आरोपी गिरफ्तार

हरियाणा मेल, एजेंसी



**फतेहाबाद।** जिले में बढ़ रही वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाते हुए थाना शहर रतिया पुलिस ने एक शातिर बाइक चोर को रविवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई तीन मोटरसाइकिलें बरामद की हैं, जिससे रतिया, भुना तथा हिसार के अग्रोहा थाना क्षेत्रों में हुई चोरी की तीन बड़ी वारदातों का खुलासा हुआ है। आरोपी की पहचान गांव महमदपुर सोतर निवासी अजय कुमार के रूप में हुई है। वह अब भूना के गांव टिब्बी में रहता है। थाना शहर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि गांव रत्ताखेड़ा निवासी सुरजीत सिंह ने पुलिस को लिखित शिकायत दी थी। शिकायतकर्ता के अनुसार उसकी एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल फतेहाबाद रोड रतिया पर स्थित सिंगला व्हाइट हाउस के सामने से अज्ञात चोरों द्वारा पार कर ली गई थी।

शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 31 मई को मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की जांच के दौरान गठित पुलिस टीम ने संदेह के आधार पर अजय कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बाइक चोरी की बात कबूल कर ली। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने तीन मोटरसाइकिलें बरामद कीं।

# लाडवा में 'आदर्श ग्राम' अभियान की शुरुआत

## रणबीर गंगवा बोले- जनभागीदारी से बनेगा देश के लिए मॉडल गांव

हरियाणा मेल ब्यूरो



**हिसार।** ब्रह्माकुमारीज़ के कृषि एवं ग्रामीण विकास प्रभाग के नेतृत्व में गांव लाडवा को 'आदर्श ग्राम' के रूप में विकसित करने के अभियान का रविवार को शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन हरियाणा के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने किया। समारोह में दो हजार से अधिक ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर गांव के समग्र विकास का संकल्प लिया।

मुख्य अतिथि रणबीर गंगवा ने कहा कि किसी भी विकास योजना की सफलता केवल सरकारी प्रयासों से नहीं, बल्कि जनभागीदारी से सुनिश्चित होती है। उन्होंने कहा कि यदि गांव का प्रत्येक व्यक्ति इस अभियान से जुड़ेगा तो लाडवा प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश के लिए भी आदर्श मॉडल बन सकता है। उन्होंने ब्रह्माकुमारीज़, जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड, कनेक्टिंग ड्रीम्स एनजीओ, स्फेर्यूल एनजीओ और मिशन समृद्धि सहित सभी सहयोगी संस्थाओं की पहल की सराहना करते हुए नशामुक्ति, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

विशिष्ट अतिथि एवं हिसार विधायक सावित्री जिंदल ने कहा कि समाज, उद्योग, प्रशासन और ग्रामीणों के सामूहिक प्रयासों से ही स्थायी विकास संभव है। ब्रह्माकुमारीज़ कृषि एवं ग्रामीण विकास प्रभाग की राष्ट्रीय अध्यक्षा राजयोगिनी बीके सरला दीदी ने कहा कि आत्मनिर्भर, स्वच्छ और संस्कारित गांव विकसित भारत की मजबूत नींव हैं। वहीं हिसार सब-ज़ोन प्रभारी राजयोगिनी बीके रमेश कुमारी ने लाडवा को पूरे देश का लाडला गांव बनाने का लक्ष्य बताया। परियोजना के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, महिला एवं युवा सशक्तिकरण, कौशल विकास, आजीविका संवर्धन, जल संरक्षण और सामाजिक समरसता जैसे क्षेत्रों में चरणबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा ग्रामीणों को नशामुक्ति, स्वच्छता और सामाजिक जिम्मेदारी की शपथ भी दिलाई गई।

## गुजविप्रौवि में 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' अभियान का आगाज

# पीएम मोदी के संबोधन की हुई लाइव स्क्रीनिंग

हरियाणा मेल ब्यूरो



**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (गुजविप्रौवि) में रविवार को 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' के शुभारंभ के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन की लाइव स्क्रीनिंग की गई। चौधरी रणबीर सिंह सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई, कुलसचिव डॉ. विजय कुमार, डीन स्टूडेंट वेल्फेयर प्रो. एम.के. शर्मा सहित विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक, शोधार्थी और विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान सभी ने नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ ली।

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' केवल जागरूकता कार्यक्रम नहीं, बल्कि विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक जनआंदोलन है। उन्होंने कहा कि युवा जिस ऊर्जा, उत्साह और प्रतिभा के साथ अपने जीवन का निर्माण करेंगे, उसी आधार पर देश का भविष्य तय होगा। नशा व्यक्ति की क्षमता, परिवार और समाज को प्रभावित करता है, इसलिए युवाओं को इससे दूर रहकर अपनी ऊर्जा सकारात्मक और रचनात्मक कार्यों में लगानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार भी 'मिशन होश' जैसे अभियानों के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रखने का प्रयास कर रही है। विश्वविद्यालय शिक्षा के साथ-साथ चरित्र निर्माण, सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवीय मूल्यों को भी समान महत्व देता है। एनएसएस, एनसीसी, यूथ रेडक्रॉस और अन्य छात्र संगठन समय-समय पर सामाजिक जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित करते रहे हैं।

छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एम.के. शर्मा ने युवाओं से इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। वहीं मनोविज्ञान विभाग के प्रो. संदीप राणा ने कहा कि यदि भारत का युवा नशामुक्त और स्वस्थ होगा, तभी देश विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम को प्रो. संजय परमार और डॉ. गीतू धवन ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में करीब 300 अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी, शोधार्थी और विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## विदेश भेजने के नाम पर हड़पे 25 लाख, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

हरियाणा मेल, एजेंसी

**जींद।** सदर थाना सफीदों पुलिस ने गांव निम्राबाद की युवती को विदेश भेजने को झांसा देकर 25 लाख रुपये हड़पने पर एक युवक के खिलाफ रविवार को धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव निम्राबाद निवासी लवप्रीत कौर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया गांव लिपस जिला रामपुर (यूपी) निवासी प्रभजोत सफीदों निजी स्कूल में उसकी बेटी शोभनीत कौर के साथ पढ़ता था। उसी दौरान से उसनकी प्रभजोत के साथ जान पहचान है। वर्ष 2025 में प्रभजोत ने इंस्टा पर उसकी बेटी से बात की और कहा कि वह विदेश भेजने काम करता है। जिस पर उसकी बेटी शोभनीत कौर विदेश जाने को तैयार हो गई। विदेश भेजने के नाम पर आरोपित ने 25 लाख रुपये की डिमांड की। जिसके बाद उन्होंने शोभनीत कौर का पासपोर्ट व अन्य दस्तावेज प्रभजोत को दे दिए। सात अप्रैल 2025 से 19 अप्रैल 2025 तक उन्होंने आरोपित प्रभजोत के खाते में 25 लाख रुपये भेज दिए। 16 अप्रैल 2025 को आरोपित ने फोन कर उन्हें दिल्ली बुलाया और कहा कि आज रात को आपकी फ्लाइट है। दिल्ली पहुंचने के बाद उन्होंने प्रभजोत को काल की तो उसने फोन रिसीव नही किया। जिसके बाद रातभर वे गुरूद्वारा में ठहरे रहे।

आरोपित के फोन उठाने पर उसके गांव में पंचायत भी की गई। आरोपित के पिता ने उन्हें रुपये लौटाने से मना कर दिया और बुरा अंजाम भुगतन की धमकी दी। आरोपित ने उसकी बेटी के दस्तावेज भी वापस नही लौटाए।

रविवार को जानकारी देते हुए सदर थाना सफीदों प्रभारी राजेश ने बताया कि पुलिस ने लवप्रीत कौर की शिकायत पर आरोपित प्रभजोत के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# युवा शक्ति के संकल्प से साकार होगा नशामुक्त एवं विकसित भारत का सपना

## नशामुक्त युवा ही विकसित भारत की मजबूत आधारशिला : प्रो . सोमनाथ सचदेवा

हरिदास, हरियाणा मेल

**कुरुक्षेत्र।** राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष ने कहा कि युवा शक्ति के संकल्प से ही भारत को नशा मुक्त एवं विकसित राष्ट्र का सपना पूरा हो सकता है। इस देश में एक-एक युवा को संकल्प लेकर भारत को सशक्त, समृद्धि और खुशहाली की तरफ लेकर जाना होगा। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक साथ 28 हजार जगहों से ऑनलाइन प्रणाली से जुड़े 1 करोड़ से ज्यादा युवाओं को नशे से दूर रहने और वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प दिया।



राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष रविवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के श्रीमदभगवद गीता सदन में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय व माय भारत के तत्वाधान में आयोजित नशा मुक्त युवा, विकसित भारत संकल्प अभियान के कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष, हरियाणा की प्रथम महिला मित्रा घोष, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा, मेरा युवा भारत हरियाणा के निदेशक आकर्ष दीक्षित, हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, कुलसचिव प्रोफेसर वीरेंद्र पाल ने दीपशिखा प्रज्ज्वलित करके विधिवत रुप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑनलाइन प्रणाली के साथ जुडक़र देश के 1 करोड़ से ज्यादा युवाओं को नशे से दूर रहने और राष्ट्र को विकसित भारत बनाने के सपने को साकार करने का संकल्प दिलाया। इसके बाद राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभागार में हजारों युवाओं, शिक्षकों और अधिकारियों व कर्मचारियों को देश व प्रदेश को नशा मुक्त बनाने की शपथ भी दिलाई है।

राज्यपाल एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो. असीम कुमार घोष ने कहा कि आज भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नशामुक्त युवा भारत संकल्प अभियान का शुभारंभ कर रहे है। इस अभियान के माध्यम से देशभर के 28 हजार से अधिक स्थानों पर एक करोड़ से अधिक युवा एकजुट होकर नशामुक्त और विकसित भारत के निर्माण का संकल्प ले रहे हैं। राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने कहा कि हमारा देश हजारों वर्षों से अनेक चुनौतियों का सामना करता आया है। हमने विदेशी आक्रमण, युद्ध, आर्थिक संकट, कोरोना महामारी, मलेरिया, प्लेग जैसी अनेक कठिन परिस्थितियों का डटकर मुकाबला किया है। इसलिए मुझे पूरा विश्वास है कि भारत की जनता, विशेषकर हमारे युवा, नशे जैसी इस गंभीर सामाजिक बुराई को भी पराजित करने में सफल होंगे।

उन्होंने कहा कि हरियाणा के लोगों पर विशेष गर्व है क्योंकि हरियाणा ने देश को सशक्त सेना, समृद्ध कृषि, उत्कृष्ट खिलाड़ी, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। हरियाणा के लोग नशे के इस अभिशाप के विरुद्ध भी अग्रणी भूमिका निभाएंगे और समाज को नशा मुक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

युवा आगे आकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नशा मुक्त भारत के संकल्प को साकार करेंगे और वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित, समृद्ध और सशक्त राष्ट्र बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति में अपना सक्रिय योगदान देंगे। इस कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष विद्यार्थियों के बीच पहुंचे, उनका उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया तथा उनके साथ स्मृति स्वरूप समूह फोटो भी खिंचवाया।

## श्रद्धाभाव के साथ वाराणसी पहुंचे हजारों कांवड़िये, सेवा शिविरों में किया विश्राम

हरियाणा मेल, एजेंसी

**वाराणसी।** देश की सांस्कृतिक राजधानी वाराणसी में सावन के प्रथम सोमवार से पहले ही रविवार को हजारों कावड़ियों का शहरी क्षेत्र में पहुंचना शुरु हो गया। शहरी क्षेत्र में पहुंचे कांवड़ियों ने विभिन्न सेवा शिविरों में अपना स्थान ग्रहण कर लिया है और देर रात से गंगा घाट से जल लेकर श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में अपना समर्पण व श्रद्धा भाव अर्पित करने के लिए पंक्तिबद्ध हो जाएंगे।



गाजीपुर से आए कावड़ियों का एक समूह में वाराणसी के कचहरी क्षेत्र में डेरा डाला हुआ है। कावड़ियों में जबरदस्त उत्साह है और वे गंगाजल से काशी विश्वनाथ महादेव को जल चढ़ा करके ही वापस जाएंगे।

कावड़ियों संजय और श्याम ने बताया कि उनकी टोली पैदल चलकर बाबा भोलेनाथ के नगरी में आ गई है। यहां एक सेवा शिविर में विश्राम कर रही है और शाम के बाद विश्वनाथ मंदिर के लिए प्रस्थान कर जाएगी। विश्वनाथ मंदिर में बाबा विश्वनाथ को जल समर्पित करने के बाद वे लोग लौटते समय मार्कण्डेय बाबा को भी जल चढ़ा कर वापस होंगे।

कांवड़ियों के लिए सेवा शिविर लगाने वाले संजय सिंह ने बताया कि परंपरागत कावड़ियां यात्रा में शामिल होने वाले भाई बंधुओं के लिए उन्होंने सेवा शिविर लगाया है। सेवा शिविर में जल और अल्पाहार की व्यवस्था कराई गई है। जिससे कांवड़िये अपनी थकान और प्यास मिटाकर आगे की यात्रा कर सके।

वहीं श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के निकट मैदागिन मार्ग और गौदौलिया मार्ग पर कावड़ियों के बड़ी संख्या में पहुंच जाने के बाद से वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस के पुलिस कर्मियों ने उन्हें सहज मार्ग उपलब्ध कराने के लिए अपनी सक्रियता बढ़ा दी। इसके साथ ही पुलिसकर्मियों ने उन्हें सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया, जहां वह विश्राम कर सके।

## खबरें फटाफट

### काशी आने वाले श्रद्धालुओं के लिए एनडीआरएफ की अतिरिक्त टीम तैनात



**वाराणसी।** श्रावण मास के दौरान काशी में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन तथा गंगा घाटों एवं जल क्षेत्रों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए रविवार को 11वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) वाराणसी ने आपातकालीन स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए अतिरिक्त बाढ़ एवं जल-राहत टीम की तैनाती कर दिया। 11वीं वाहिनी एनडीआरएफ के कमांडिंग ऑफिसर अनूप सिंह बिष्ट ने रविवार को गंगा नदी के किनारे एनडीआरएफ की अतिरिक्त टीम के तैनाती स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि टीम के बचाव कर्मियों के पास अत्याधुनिक बचाव उपकरणों, मोटरबोट, वाटर एम्बुलेंस तथा अन्य जीवनरक्षक संसाधनों को उपलब्ध कराया गया है। सावन मेला अवधि के दौरान पूर्ण सतर्कता और त्वरित प्रतिक्रिया रखने के लिए निर्देशित किया गया है। प्रभावी समन्वय एवं उच्च स्तर की पेशेवर दक्षता बनाए रखते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे।

### खेलों के माध्यम से ही खिलाड़ी रख सकता है अपने भविष्य की मजबूत नींव : प्रवेश गाबा



**करनाल।** करनाल जिला स्कूल खेल-2026 में बड़ागांव एथलेटिक्स अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण, छह रजत और तीन कांस्य पदक अपने नाम किए। बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर अकादमी के छह खिलाड़ियों ने एसजीएफआई स्कूल गेम्स स्टेट-2026 के लिए क्वालीफाई कर जिले का गौरव बढ़ाया। इस उपलब्धि पर अकादमी परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में मानवी (अंडर-17) ने 1500 मीटर और 3000 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान हासिल कर दो स्वर्ण पदक जीतने के साथ दोनों स्पर्धाओं में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान पक्का किया। पूर्वी (अंडर-17) ने 800 मीटर, वंशिका (अंडर-14) ने 600 मीटर, जतिन (अंडर-19) ने 800 मीटर, लोकेश (अंडर-17) ने 1500 मीटर तथा सारिका (अंडर-19) ने 1500 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त कर स्टेट प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। वहीं आयुष (अंडर-17) ने 1500 मीटर, रोहन (अंडर-17) ने 3000 मीटर तथा सारिका (अंडर-19) ने 800 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान हासिल कर कांस्य पदक अपने नाम किया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि प्रवेश गाबा व विक्रांत गुप्ता ने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि खेलों के माध्यम से ही खिलाड़ी अपने भविष्य की मजबूत नींव रख सकता है। खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, संघर्ष करने की क्षमता और नेतृत्व के गुण विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि आज के खिलाड़ी ही देश का भविष्य हैं और निरंतर मेहनत व लगन से वे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि कोच सुशील मेहरा खिलाड़ियों को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए तैयार कर रहे हैं।

## विकसित राष्ट्र का निर्माण करने के लिए युवा पीढ़ी का स्वस्थ रहना जरूरी

हरियाणा मेल ब्यूरो

**कुरुक्षेत्र।** भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए युवा पीढ़ी का स्वस्थ रहना जरूरी है। इस युवा के साथ ही देश का भविष्य जुड़ा हुआ है। इसलिए देश के भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए युवा पीढ़ी को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने की जरूरी है। जब देश की युवा पीढ़ी जागरूक होगी तो भारत को विकसित भारत बनाने के सपने को साकार करने में मदद मिलेगी और देश जल्द से जल्द इस सपने को पूरा करने के लिए आगे बढ़ेगा।



हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपायुक्त घुमन सिंह व आरकेएसडी कॉलेज कैथल के प्रधानाचार्य डा. दीपक सैनी भारतीय खेल प्राधिकरण की तरफ रविवार को स्कूल, कॉलेज व यूनिवर्सिटी के छात्रों के लेकर आयोजित साइकलोथान कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस से पहले उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच व प्रिंसिपल डा दीपक सैनी व प्रशिक्षक कोमल, सेवानिवृत्त डीएसओ यशवीर सिंह, हॉकी कोच नरेंद्र ठाकुर, समाजसेवी नरेश सैनी, शिक्षक कपिल, साइकिल कोच कोमल ने साइक्लोथॉन को हरी झंडी देकर रवाना किया। इस साइक्लोथॉन के प्रतिभागियों ने कई किलोमीटर साइकिल चलाई।

डा. दीपक सैनी ने कहा कि युवाओं के स्वस्थ रखने व नशे जैसी कुरीतियों से दूर रखने के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण सोनीपत के क्षेत्रीय निदेशिका रितु पथिक आदेशानुसार व सहायक निदेशक विजय मनचंदा के मार्गदर्शन में युवाओं को शामिल कर साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया। इस साइक्लोथॉन का आयोजन करते हुए एक साल से ज़्यादा समय हो चुका है। इस लक्ष्य है कि लोगों को फिट रहने के प्रति जागरूक करना है। साई की तरफ़ से निकाली जा रहीं साइकलोथान में हर वर्ग के लोगों को शामिल किया गया है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है।

इस मौके पर हॉकी कोच नरेंद्र ठाकुर, हॉकी कोच सोहन लाल, प्रशिक्षक प्रतीक, कोच सुनील, कोच पूनम, समाजसेवी विनोद गर्ग, वीरभान सिंह आदि मौजूद थे।

## सुर सागर कला मंच ने किया संगीत समारोह का आयोजन

हरियाणा मेल ब्यूरो

**करनाल।** सुर सागर कला मंच करनाल की ओर से रोहिणी में महान पाश्र्वगायक मोहम्मद रफ़ी, मुकेश एवं किशोर कुमार को समर्पित भव्य एवं यादगार संगीत समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सतीश गोयल, सचिन जैन, अजय जैन और उनकी टीम का विशेष सहयोग रहा। मंच संचालन नरेश खन्ना ने किया। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में जाने-माने उद्योगपति सतीश गुप्ता ने शिरकत की तथा प्रसिद्ध गज़ल गायक पंकज उधास की लोकप्रिय गज़ल चांदी जैसा रंग है तेरा प्रस्तुत कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुर सागर कला मंच, करनाल के संयोजक जितेन्द्र गर्ग ने मोहम्मद रफ़ी के लोकप्रिय गीत नैन लड़ जई हैं से किया। इसके बाद प्रीति भारती एवं प्रदीप भारती ने आया सावन झूम के तथा डॉ. संकेत ने आज मेरे यार की शादी है प्रस्तुत कर समां बांध दिया। रविन्द्र ढल्ल ने रूप तेरा मस्ताना, पूनम गोयल ने मौसम है आशिकाना, वंशिका मदान ने निगाहें मिलाने को जी चाहता है, राकेश छाबड़ा ने है अपना दिल तो आवारा, जितेन्द्र मुटरेज़ा ने मुझे इश्क़ है तुझी से प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं।

## मंदिर के बाहर बहते गंदे पानी से श्रद्धालुओं को परेशानी

हरियाणा मेल, एजेंसी

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के जनपद वाराणसी में बटुक भैरव मंदिर के बाहर गली में बह रहे नाली के पानी से दर्शनार्थियों ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। दर्शन पूजन करने पहुँचे अनिल मिश्र ने कहा कि बटुक भैरव मंदिर में रविवार को दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। यही गंदा पानी लोगों के पांव से मंदिर तक पहुंच रहा है। यह अनुचित है और इसके लिए नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी संज्ञान लें। मंदिर परिसर साफ सुथरा रखना यहां के पार्षद की भी जिम्मेदारी है।



श्रद्धालु हरि ओम ने कहा कि मंदिर के बाहर सीवर का पानी ओवरफ्लो है और तमाम लोग इससे प्रभावित हो रहे हैं। मंदिर के महंत ने भी नगर निगम में शिकायत की है, किंतु कोई समाधान हो नहीं सका है। यहां अक्सर ऐसा होता दिखता है, जबकि अस्थाई समाधान होता है।

नगर निगम के अपर नगर आयुक्त अनिल यादव ने कहा कि बटुक भैरव मंदिर के बाहर गंदे पानी को समस्या को संज्ञान में लिया गया है। जल्द ही इसका निस्तारण करा दिया जाएगा। मंदिर के बाहर नाली और सीवर की जांच करा सफाई कराई जाएगी।

## हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा ने की बैठक

हरियाणा मेल ब्यूरो

**करनाल।** हरियाणा के ग्रामीण चौकीदारों ने सरकार से मांग की है कि पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के निर्णय अनुसार पॉलिसी बनाकर चौकीदारों को पक्का किया जाए। रविवार को हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा की ब्लॉक करनाल की बैठक कर्ण पार्क में हुई। अध्यक्षता जाकिर हुसैन ने की व संचालन जगमाल मैनमती ने किया। इस मौके पर सभा के महासचिव एवं जिला कोषाध्यक्ष कलीराम ने कहा चौकीदारों की मांगों व अन्य सभी समस्याओं को हल करने बारे कई बार ज्ञापन देकर अवगत करवाया गया व मांगों को लागू करने बारे प्रतिनिधि मंडल की चंडीगढ़ में वार्तालाप भी हुआ। खेद की बात है कि सरकार ग्रामीण चौकीदारों की मांगों को लागू करने में ठोस कदम नहीं उठा रही है। तीन वर्ष से आज तक चौकीदारों के मानदेय में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई। मंहगाई के दौर में ग्रामीण चौकीदारों को परिवार का गुजारा करना अति मुश्किल है। चौकीदारों में सरकार के प्रति गुस्सा पनप रहा है। ग्रामीण चौकीदार गांव में 24 घंटे की कार्य सेवा देता है। सभी विभागों की सभी प्रकार की सरकार द्वारा जारी लाभकारी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करता है।

### उत्तराखंड समाज एवं गढ़वाल सभा ने

## उत्तराखंड सरकार और हरियाणा सरकार का किया आभार प्रकट

हरियाणा मेल ब्यूरो

**करनाल।** उत्तराखंड समाज एवं गढ़वाल सभा की ओर से उत्तराखंड के नवनियुक्त राज्यमंत्री ओमप्रकाश भट्ट और हरको बैंक हरियाणा के चेयरमैन भारत भूषण जुयाल का अभिनंदन समारोह शिव कालोनी में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मेयर रेणु बाला गुप्ता ने शिरकत की। सभा की ओर से समाज के प्रतिनिधियों को सम्मान देने पर उत्तराखंड सरकार और हरियाणा सरकार का आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उत्तराखंड समाज के लोगों ने भाग लेकर दोनों पदाधिकारियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। मेयर रेणु बाला गुप्ता ने दोनों सम्मानित अतिथियों को बधाई देते हुए कहा



कि समाज के समर्पित एवं योग्य व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मिलना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उन्होंने विश्वास जताया कि दोनों अपने-अपने दायित्वों का ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ निर्वहन करते हुए समाज और प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इस अवसर पर नवनियुक्त राज्यमंत्री ओमप्रकाश भट्ट ने उत्तराखंड समाज एवं गढ़वाल सभा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है, उसका पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ निर्वहन करेंगे।

## शहर को बेसहारा पशुओं से मुक्त करने के लिए विशेष अभियान तेज

### करीब 100 बेसहारा गोवंश पकड़कर असंध व जुंडला गौशालाओं में किया गया स्थानांतरित

आशुतोष गौतम, हरियाणा मेल

**करनाल।** नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा के निर्देशानुसार शहर को बेसहारा पशुओं से मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत अब तक करीब 100 बेसहारा गोवंश को पकड़कर जिला की असंध एवं जुंडला स्थित गौशाला में सुरक्षित स्थानांतरित किया जा चुका है। नगर निगम द्वारा यह अभियान लगातार जारी है, ताकि शहर की सड़कों पर घूम रहे बेसहारा पशुओं से आमजन को होने वाली परेशानी एवं सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम किया जा सके।



नगर निगम आयुक्त ने बताया कि अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए निगम द्वारा दो विशेष टीमें गठित की गई हैं। दोनों टीमें अलग-अलग वाहनों के माध्यम से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर बेसहारा घूम रहे गोवंश को पकड़कर निर्धारित गौशालाओं में भेज रही हैं। नगर निगम की टीमें प्रतिदिन औसतन 25 गोवंश पकड़ने का कार्य कर रही हैं तथा यह अभियान आगामी दिनों में भी निरंतर जारी रहेगा।

उन्होंने बताया कि नगर निगम की फूसगढ़ स्थित गौशाला एवं नंदीशाला में वर्तमान में क्षमता से अधिक गोवंश मौजूद हैं। इसी कारण अब शहर से पकड़े जा रहे गोवंश को जिला की अन्य गौशालाओं में स्थानांतरित किया जा रहा है। पशुपालन विभाग द्वारा सुझाई गई गौशालाओं में इन गोवंशों को भेजा जा रहा है, जहां उनके भोजन, पानी, चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

उन्होंने कहा कि शहर को बेसहारा पशुओं से मुक्त करने के लिए नगर निगम प्रतिबद्ध है। इसके लिए अभियान को निरंतर गति दी जा रही है, ताकि नागरिकों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित यातायात वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अभियान में किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए।

### काशी से पूरे देश में 'सनातन शंखनाद' अभियान की शुरुआत

## सनातन विरोधी ताकतों को देंगे जबाब

हरियाणा मेल, एजेंसी

**वाराणसी।** संसद परिसर में बीते दिनों कथित राम मंदिर चंदा चोरी मामले को लेकर किए गए नुक्कड़ नाटक, विरोध प्रदर्शन के बाद पूर्णिया से सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के खिलाफ अखिल भारतीय संत समिति ने मोर्चा खोल दिया है। रविवार को समिति ने सनातन धर्म और साधु-संत समाज के खिलाफ हो रहे निरंतर षड्यंत्रों का कड़ा प्रति उत्तर देने का ऐलान किया है।

वाराणसी में आयोजित एक प्रेस वार्ता में समिति ने स्पष्ट किया कि सनातन विरोधी ताकतों को अब कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसी संकल्प के साथ पूरे देश में 'सनातन शंखनाद' अभियान की शुरुआत की घोषणा की गई।



वार्ता में समिति के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी जीतेन्द्रानंद सरस्वती ने कहा कि आप इसे भगवान आदि शंकराचार्य के शंकर दिग्विजय का दूसरा चरण मान सकते हैं। संतों ने अब अपनी दशकों पुरानी चुप्पी तोड़ दी है और वे सनातन धर्म के हर शत्रु से पूरी सख्ती से निपटने के लिए तैयार हैं।

इस अवसर पर जगद्गुरु बालक दास ने भी अपनी बात रखी। उन्होंने संसद परिसर में सासंद पप्पू यादव द्वारा किए गए कृत्य को भगवान राम और सनातन धर्म का अपमान बताते हुए इसे अक्षम्य बताया।

बालक दास ने कहा कि कोई भी सच्चा हिंदू इस कृत्य को कभी भूल नहीं सकता, क्योंकि इससे करोड़ों देशवासियों की धार्मिक भावनाएं बुरी तरह आहत हुई हैं। बालकदास ने मंच से चेतावनी दी कि यदि पुलिस सांसद पप्पू यादव को तत्काल गिरफ्तार नहीं करती है तो संत समाज इस पूरे मामले की लड़ाई सुप्रीम कोर्ट तक लड़ेगा। संत समाज ने राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और सपा सांसद अवधेश प्रसाद के खिलाफ थाने में शिकायत भी दर्ज कराई है। स्वामी जीतेन्द्रानंद ने कहा कि आखिर राजनीति में लोग साधु-संतों को ही अपना निशाना क्यों बनाते हैं?

राजनीतिक फायदे के लिए संतों के भगवा वस्त्रों का अपमान करना कुछ लोगों की आदत बन गई है। रावण ने भी सीता हरण के लिए साधु का वेश बनाया था और उसका परिणाम उसके पूरे वंश के नाश के रूप में सामने आया। आज जो लोग संतों के स्वरूप का मजाक उड़ा रहे हैं, वे अपने राजनीतिक अंत को स्वयं आमंत्रित कर रहे हैं। इस अभियान को काशी विद्वत् परिषद ने भी अपना पूरा समर्थन देने का ऐलान किया है।

## श्री कृष्ण आयुष विवि पूर्णतः नशा मुक्त एवं प्लास्टिक मुक्त परिसर: कुलपति

सोनिका वधवा, हरियाणा मेल

**कुरुक्षेत्र।** श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सामूहिक रूप से देखा एवं सुना। इस दौरान सभी ने नशा मुक्त भारत के निर्माण के लिए जन जागरूकता फैलाने और युवाओं को नशे से दूर रखने का संकल्प लिया। कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि नशा युवा शक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है। विकसित और स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए युवाओं का नशामुक्त, संस्कारित एवं जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आयुष जीवनशैली, योग और स्वस्थ दिनचर्या युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय परिसर को पूर्णतः नशा



मुक्त एवं प्लास्टिक मुक्त बनाए रखने के लिए विश्वविद्यालय लगातार जागरूकता अभियान चला रहा है तथा भविष्य में भी इस दिशा में प्रभावी प्रयास जारी रहेंगे।

कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों की जिम्मेदारी केवल शिक्षा देना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों का विकास करना भी है। नशा मुक्ति जैसे जनजागरूकता अभियानों में युवाओं की सक्रिय भागीदारी समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का सशक्त माध्यम बन सकती है।

# महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण से बनेगा समृद्ध राजस्थान: मुख्यमंत्री

हरियाणा मेल, एजेंसी

**उदयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि महिला सुरक्षा, सम्मान और सशक्तीकरण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा नशा मुक्त युवा ही विकसित भारत और उज्ज्वल भविष्य का आधार हैं।

वे रविवार को यहां महिला सुरक्षा संकल्प आयोजन के तहत राजस्थान कृषि महाविद्यालय (आरसीए) परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इससे पूर्व नारी शक्ति रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर युवाओं को नशे से दूर रहने का संकल्प भी दिलाया।

उदयपुर दौरे के दूसरे दिन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महिला सुरक्षा संकल्प आयोजन के तहत आयोजित नारी शक्ति रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली राजस्थान कृषि महाविद्यालय (आरसीए) परिसर से प्रारंभ होकर सूरजपोल, बापू बाजार और देहली गेट होते हुए टाउन हॉल पहुंचकर संपन्न हुई। रैली में कालिका पेट्रोलिंग यूनिट, महिला कांस्टेबल, टूरिस्ट पुलिस, अश्वारोही पुलिस बल, महिला सशक्तीकरण से जुड़ी विभिन्न झांकियां, महिला खिलाड़ी, गाइड तथा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की स्वयंसेविकाओं सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर महिला सुरक्षा, सम्मान और सशक्तीकरण का संदेश दिया। पुलिस स्क्वॉड की महिला टीम स्कूटी पर तिरंगा लेकर निकली, वहीं महिला पुलिसकर्मी ऊंटों पर तथा अश्वारोही पुलिस बल घोड़ों पर सवार होकर आकर्षण का केंद्र रहे।



इसके बाद मुख्यमंत्री नगर निगम के सुखाड़िया रंगमंच पहुंचे, जहां उन्होंने उदयपुर जिले में 421 करोड़ रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, जिले के प्रभारी एवं राजस्व मंत्री हेमंत मीणा, पूर्व मंत्री राजेन्द्रसिंह राठौड़, राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, लोकसभा सांसद डॉ. मन्नालाल रावत, विधायक ताराचंद जैन, फूलसिंह मीणा, उदयलाल डांगी, प्रताप मीणा, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मंचासीन रहे।

इसी दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा रविवार को प्रारंभ किए गए 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' से मुख्यमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त युवा ही विकसित भारत और उज्ज्वल भविष्य का आधार हैं। मुख्यमंत्री ने उपस्थित युवाओं को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई तथा 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' यूथ आइकन पोस्टर का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को भी नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया गया। जिले की विभिन्न तहसीलों के अधिकारी और जनप्रतिनिधि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने सहकारिता क्षेत्र में पहली बार 10 लाख सदस्य बनाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार सहकारिता में व्यापक सदस्यता नहीं बढ़ा सकी, जबकि वर्तमान सरकार ने इस क्षेत्र को मजबूत करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि युवाओं को लगातार कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि वे नौकरी मांगने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बनें। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री एकलिंगजी दर्शन के लिए रवाना हुए, जहां से वे राजसमंद जाएंगे। शाम को वे उदयपुर संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों की बैठक भी लेंगे।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का झाड़ोल के बीड़ा गांव में प्रातः भ्रमण

**उदयपुर/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का उदयपुर जिले की झाड़ोल तहसील स्थित बीड़ा गांव में रात्रि प्रवास ग्रामीणों के लिए एक नए सवेरे की सौगात लेकर आया। रविवार सुबह मुख्यमंत्री को गांव की गलियों में अपने बीच पाकर ग्रामीण उत्साहित नजर आए। उन्होंने रात्रि चौपाल में ग्रामीणों के सुझावों पर पानी की व्यवस्था के लिए कुएं निर्माण, सरस डेयरी सेंटर और खेल मैदान की घोषणा तथा तत्काल स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। मुख्यमंत्री ने प्रातः भ्रमण के दौरान गांव की गलियों में घूमकर ग्रामीणों से संवाद किया, बच्चों को दुलारा और चॉकलेट वितरित की। स्कूली बच्चों से उनकी शिक्षा एवं भविष्य की आकांक्षाओं की जानकारी ली। उन्होंने महिलाओं से वीबी-जी राम जी योजना की चर्चा की। साथ ही, बुजुर्गों से कुशलक्षेम पूछते हुए



सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभ और किसानों से स्थानीय खेती एवं उपज की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों के साथ चाय पर चर्चा की और उनके अभाव अभियोग सुने। इस दौरान ग्रामीणों की मांग पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को गांव में जल निकासी की समुचित व्यवस्था करने सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गांव की समृद्धि देश की समृद्धि का आधार बन रही है। इसी कड़ी में हम निरंतर ग्राम विकास चौपाल आयोजित कर रहे हैं। इनसे गांव के लोगों की सहभागिता बढ़ रही है तथा गांव की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बीड़ा गांव के ग्रामीण पशुपालन से जुड़े हुए हैं। यहां के लोग खेती और पशुपालन से आजीविका अर्जन करते हैं। छोटी जोत होने के कारण भी यहां के किसान मेहनत करते हुए प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। हमारी माता-बहनें पशुपालन सहित सभी क्षेत्रों में बहुत अच्छा काम कर रही हैं।

## इकोनॉमिक कॉरिडोर पर हादसा, कांवड़ लेने जा रहे 7 कांवड़िए घायल

हरियाणा मेल, एजेंसी

**बागपत।** बागपत जिले के बड़ौत क्षेत्र में दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर पर रविवार को हादसा हो गया। हिलवाड़ी गांव के पास एक फॉर्च्यूनर कार ने कांवड़ियों से भरी स्कॉर्पियो में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दिल्ली के नजफगढ़ निवासी सात कांवड़िए घायल हो गए।

सभी कांवड़िए स्कॉर्पियो से हरिद्वार जल लेने जा रहे थे और गाड़ी में कांवड़ का ढांचा भी बंधा था। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर अनियंत्रित होकर स्कॉर्पियो से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन बेकाबू होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

सूचना मिलते ही बड़ौत मंडी चौकी पुलिस और एंबुलेंस टीम पहुंची और घायलों को तुरंत अस्पताल भेजा गया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को दिल्ली के जीटीबी अस्पताल रेफर किया गया। कांवड़ यात्रा के चलते इस कॉरिडोर पर कांवड़ियों के प्रवेश पर रोक है, फिर भी वाहन वहां कैसे पहुंचा, इसकी जांच की जा रही है। पुलिस ने लोगों से यात्रा के दौरान सावधानी बरतने की अपील की है। सीओ बड़ौत अंशू जैन का कहना है कि सभी घायलों का उपचार कराया गया है।

## विपक्ष के मुद्दों पर जवाब देने के लिए सरकार तैयार : केशव प्रसाद मौर्य

हरियाणा मेल, एजेंसी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को कहा कि इस बार का विधान सभा सत्र बहुत ही महत्वपूर्ण है। इसमें विधायी कार्य के साथ-साथ अनुपूरक भी आने वाला है। उप मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि हम विपक्ष से यही चाहते हैं कि जो उनके मुद्दे हैं वह सदन के अंदर लेकर आएं। सरकार उनका जवाब देने के लिए तैयार है। चर्चा सार्थक हो समय बर्बाद न हो। यही हम अपील करते हैं। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि विधान सभा सत्र का सभी सदस्य गण को इंतजार रहता है। प्रदेश की जनता को भी इंतजार रहता है। यह सत्र प्रदेश की जनता के जीवन को खुशहाल बनाने के लिए है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और इंडी गठबंधन से जुड़े खासकर समाजवादी पार्टी के लोग महिला आरक्षण के विरोधी हैं। इन लोगों ने छात्रों के आन्दोलन की आड़ लेकर सत्ता पक्ष पर निशाना साधने का काम किया है। सांसद पप्पू यादव ने घटिया कृत्य किया है। संतों व रामभक्तों का अपमान कोई नहीं बर्दाश्त कर सकता।

## खबरें फटाफट

### प्रधानमंत्री द्वारा नशामुक्त भारत के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहनीय : जल शक्ति मंत्री

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नशा मुक्त युवा-विकसित भारत संकल्प अभियान का सजीव प्रसारण राजधानी लखनऊ में देखा गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में प्रारंभ किए गए इस राष्ट्रव्यापी अभियान में ब्रह्माकुमारीज सहित 125 से अधिक आध्यात्मिक एवं सामाजिक संगठन सहभागी हैं। अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे से मुक्त कर स्वस्थ, सशक्त एवं संस्कारवान नागरिक बनाना है, जिससे वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार किया जा सके। लखनऊ में इस राष्ट्रीय शुभारंभ का सीधा प्रसारण ब्रह्माकुमारीज गुलजार उपवन, सुल्तानपुर रोड स्थित परिसर में विशाल एलईडी स्क्रीन पर किया गया। कार्यक्रम में लखनऊ के अनेक प्रतिष्ठित महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, प्राचार्यों तथा प्रबंधन प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रधानमंत्री ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब देश का युवा स्वस्थ, आत्मविश्वासी और नशामुक्त होगा। उन्होंने नशा मुक्ति को केवल सरकारी कार्यक्रम न मानकर जन-जन का अभियान बनाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि इस अभियान की शुरूआत काशी में एक पायलट परियोजना के रूप में हुई थी, जो आज राष्ट्रीय जनआंदोलन का रूप ले चुकी है। इस अभियान में मेरा युवा भारत के स्वयंसेवक, देशभर के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थी तथा 125 से अधिक आध्यात्मिक एवं सामाजिक संगठन सक्रिय रूप से जुड़े हैं।

### विहिप नेता का सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क पर पलटवार, कहा- हरा झंडा लेकर पाकिस्तान चले जाएं

**संभल।** भारतीय हॉकी टीम की नई भगवा रंग की जर्सी को लेकर दिए गए सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के बयान पर अब विश्व हिंदू परिषद (विहिप) की तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। विहिप नेता आचार्य रितुपूर्ण शर्मा ने सांसद के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि यदि उन्हें भगवा रंग पसंद नहीं है तो वे हरा झंडा लेकर पाकिस्तान चले जाएं। आचार्य रितुपूर्ण शर्मा ने कहा कि भगवा भारत की सनातन परंपरा, त्याग, तपस्या और राष्ट्र गौरव का प्रतीक है। उन्होंने दावा किया कि राष्ट्रीय ध्वज में सबसे ऊपर भगवा रंग है और यही भारत की सांस्कृतिक पहचान को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सूर्य के प्रकाश से लेकर संत-महात्माओं के वस्त्रों तक भगवा रंग का विशेष महत्व रहा है और पूरे देश में इसका सम्मान किया जाता है। विहिप नेता ने आरोप लगाया कि संभल से सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क लगातार ऐसे बयान देकर अनावश्यक विवाद खड़ा करते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय हॉकी टीम की जर्सी के भगवा रंग का विरोध करना देश की भावनाओं के विपरीत है। यदि किसी को भगवा रंग से आपत्ति है तो उसे भारत की संस्कृति और परंपराओं का सम्मान करना सीखना चाहिए। गौरतलब है कि इससे पहले सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने भारतीय हॉकी टीम की भगवा ड्रेस पर आपत्ति जताते हुए कहा था कि भगवा पूरे भारत का रंग नहीं है। उनके इसी बयान के बाद राजनीतिक और सामाजिक संगठनों की प्रतिक्रियाएं लगातार सामने आ रही हैं। अब विहिप नेता के इस तीखे पलटवार के बाद यह विवाद और अधिक गरमा गया है।

### भारत को पुनः सोने की चिड़िया बनाने का आह्वान

**बीकानेर।** स्वदेशी जागरण मंच जोधपुर प्रांत विचार वर्ग का द्वितीय दिवस विभिन्न सत्रों से होते हुए संपन्न हुआ। अंतिम सत्र में हरियाणा प्रांत के स्वदेशी जागरण मंच के संगठक कुलदीप ने बताया कि किस प्रकार मानसिकता परिवर्तन कर प्रचार तंत्र के सदुपयोग द्वारा स्वदेशी के अभियान को आगे बढ़ाया जा सकता है। स्वदेशी जागरण मंच आगामी महीनों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगा जिसमें मैं भी स्वदेशी समर्थक अभियान,1 अगस्त से 20 अगस्त तक उद्यमिता प्रोत्साहन अभियान, 21 अगस्त से 20 अक्टूबर तक, स्वदेशी सप्ताह 25 सितंबर से 2 अक्टूबर तक तथा स्वदेशी मेला अक्टूबर माह में आयोजित किया जाएगा। वक्ता डॉक्टर कृष्ण अवतार गोयल ने युवा जनसंख्या भारत के विकास के आधार विषय पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के समापन सत्र में मुख्य अतिथि रामाचार्य जी महाराज जैसला मठ मुकाम, राष्ट्रीय सहसंयोजक अजय पत्की, धर्म प्रकाश पूर्व सदस्य राष्ट्रीय परिषद स्वदेशी जागरण मंच, सतीश आचार्य क्षेत्रीय संयोजक, भागीरथ जी खीचड़ राष्ट्रीय कृषि प्रकोष्ठ प्रमुख स्वदेशी जागरण मंच रहे। संत रामाचार्य जी ने कार्यक्रम के समापन भाषण में स्व की शक्ति के महत्व को समझाते हुए स्वदेश के लिए जीना व स्वावलंबी भारत बनाने का मंत्र दिया तथा स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकर्ताओं को भारत को पुनः सोने की चिड़िया बनाने का आह्वान किया।

# झूठा नैरेटिव बनाकर कांग्रेस में फूट डालना चाहती है भाजपा : गहलोत

हरियाणा मेल, एजेंसी

**जोधपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भाजपा पर उनके बयानों को तोड़-मरोड़कर पेश करने और कांग्रेस में फूट डालने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। उन्होंने साफ किया कि उन्होंने कभी भी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा पर ट्रांसफर-पोस्टिंग में भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगाया। भाजपा झूठा नैरेटिव बनाकर कांग्रेस नेताओं को आपस में लड़ाने और जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है।

रविवार को जोधपुर स्थित सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत करते हुए गहलोत ने कहा कि बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित शिक्षकों के सम्मेलन के दौरान उन्होंने केवल सामान्य रूप से यह पूछा था कि क्या ट्रांसफर में भ्रष्टाचार होता है। इस पर वहां मौजूद शिक्षकों ने 'हां' में जवाब दिया था। उन्होंने कहा कि राजस्थान में चाहे कांग्रेस की सरकार रही



हो या भाजपा की, शिक्षा विभाग में ट्रांसफर और पोस्टिंग को लेकर भ्रष्टाचार की चर्चाएं हमेशा होती रही हैं।

गहलोत ने बताया कि उनके सवाल के तुरंत बाद गोविंद सिंह डोटासरा ने मंच से कहा था कि यदि उन्होंने या उनके स्टाफ ने किसी से एक रुपया भी लिया हो तो कोई सामने आकर बताए। उस समय वहां मौजूद किसी भी शिक्षक ने इस पर सहमति व्यक्त नहीं की थी। इसके बावजूद भाजपा लगातार डोटासरा पर झूठे आरोप लगाकर उन्हें बदनाम करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि आज तक किसी ने उनसे यह नहीं कहा कि डोटासरा ने ट्रांसफर या पोस्टिंग के बदले पैसे लिए हैं। उन्होंने दोहराया कि उन्होंने कभी भी डोटासरा पर कोई आरोप नहीं लगाया और भाजपा का उद्देश्य केवल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की छवि खराब करना है।

सभाओं में लग रहे 'चौथी बार गहलोत सरकार' के नारों पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे नारे सुनकर उन्हें संकोच होता है और वे कार्यकर्ताओं को रोकने की कोशिश भी करते हैं। हालांकि यह कार्यकर्ताओं की भावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हाईकमान टिकट वितरण और संगठन से जुड़े फैसले लगातार सर्वे के आधार पर करता है।

गहलोत ने दावा किया कि राजस्थान की जनता वर्तमान भाजपा सरकार से नाराज है और आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने की पूरी संभावना है।

## दिल्ली-जयपुर हाइवे पर केमिकल से भरा मिनी ट्रक पलटा, चालक केबिन में फंसा

हरियाणा मेल, एजेंसी

**जयपुर।** दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे-48 पर रविवार को जागुवास फ्लाईओवर के ऊपर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब केमिकल से भरा एक मिनी ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक केबिन में फंस गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, दमकल विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची तथा तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। जानकारी के अनुसार मिनी ट्रक उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से केमिकल लेकर जयपुर जा रहा था। जागुवास फ्लाईओवर पर अचानक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे चालक वाहन के केबिन में बुरी तरह फंस गया। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों और स्थानीय लोगों की मदद से चालक को बाहर निकालकर तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया। कार्यवाहक थानाधिकारी बलराम यादव ने बताया कि हादसे में चालक के दोनों पैरों में गंभीर चोटें आई हैं और उसका उपचार जिला अस्पताल में जारी है।

राजस्थान पुलिस भर्ती परीक्षा

## बीकानेर रेंज में सुरक्षा के कड़े इंतजाम, 158 अधिकारियों की ड्यूटी

हरियाणा मेल, एजेंसी

**बीकानेर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित उप निरीक्षक/प्लाटून कमांडर भर्ती-2025 की शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) के मद्देनजर बीकानेर रेंज पुलिस ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है।

बीकानेर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश ने पत्रकारों को बताया कि परीक्षा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अनियमितता रोकने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। रेंज में कुल 3497 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा के दौरान 10 ड्रोन, 11 एंटी-ड्रोन गन, 100 बॉडी-वॉर्न कैमरे, 50 फेस रिकग्निशन कैमरे तथा ूमन इंटेलिजेंस नेटवर्क का उपयोग किया



जाएगा।

पंजाब सीमा से जुड़े श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों में ड्रोन के माध्यम से होने वाली किसी भी गतिविधि पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। परीक्षा की सुरक्षा व्यवस्था के लिए 158 अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जिनमें 9 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, 4 पुलिस उपाधीक्षक, 16 पुलिस निरीक्षक, 17 उप निरीक्षक, 7 सहायक उप निरीक्षक, 15 हेड कांस्टेबल, 41 कांस्टेबल, 37 महिला कांस्टेबल (एमएफसी) तथा 12 कैमरामैन शामिल हैं।

## नारायणपुर टटवाड़ा रेलवे ओवर ब्रिज शुरू, एलसी-172 स्थायी रूप से बंद

हरियाणा मेल, एजेंसी

**कोटा।** सवाई माधोपुरझगंगापुर सिटी रेलखंड पर नारायणपुरझटटवाड़ा स्टेशन यार्ड स्थित लेवल क्रॉसिंग संख्या 172 के स्थान पर लगभग 35 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) का संचालन प्रारंभ कर दिया गया है। इसके साथ ही एलसी-172 को सड़क यातायात के लिए स्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। अब इस मार्ग से गुजरने वाले हजारों लोगों को रेल फाटक पर रुककर प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी तथा वर्षभर सुरक्षित एवं निर्बाध आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा के निर्देशन में सुरक्षा, संरक्षा और परिचालन दक्षता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इस महत्वपूर्ण परियोजना को पूर्ण किया गया है। यह आधुनिक आरओबी 860 मीटर लंबा है, जिसमें 628 मीटर लंबी एप्रोच रोड तथा 7.5 मीटर चौड़ा दो-लेन कैरिजवे बनाया गया है। पुल का निर्माण 7 स्पैन (136 मीटर, 525 मीटर एवं 128 मीटर) पर किया गया है तथा रेल स्तर से इसकी न्यूनतम ऊंचाई 6.8 मीटर रखी गई है, जिससे रेल परिचालन पूरी तरह सुरक्षित एवं निर्बाध रहेगा। उन्होंने बताया कि यह आरओबी देश के सबसे व्यस्त रेल मार्गों में शामिल दिल्ली-मुंबई रेलखंड के नारायणपुर-टटवाड़ा सेक्शन पर बनाया गया है।

## उप्र विधानसभा मानसून सत्र में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और मंदिर चढ़ावे का मुद्दा उठाएगी सपा : अखिलेश

हरियाणा मेल, एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा मानसून सत्र की कार्यवाही के दौरान प्रदेश के युवाओं के बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए जवाब मांगा जाएगा। प्रदेश में बनाए एक्सप्रेस-वे और बिजली दरों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया जाएगा। साथ ही मंदिर चढ़ावा मामले को सदन कार्यवाही में शामिल किया जाएगा। यह बातें समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कही। वे रविवार को उत्तर प्रदेश विधानमंडल सत्र के पहले मीडिया को राजधानी लखनऊ के पार्टी मुख्यालय में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा मानसून सत्र चार दिन के लिए बुलाया जाना केवल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की सिर्फ औपचारिकता है। इन्हें मालूम है कि अब वो फिर सरकार में कभी वापस नहीं आएंगे, इसीलिए



विधानसभा सत्र को महत्व नहीं दिया जा रहा है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि परीक्षाओं के लीक होने के मामले में भारतीय जनता पार्टी को घेरा। उन्होंने आरोप लगाया कि नीट परीक्षा के साथ साथ उत्तर प्रदेश सबसे ज्यादा पेपर लीक हुए हैं, जिससे युवाओं और अभ्यर्थियों का मनोबल टूटा है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आगे कहा कि जौहर विश्वविद्यालय को लेकर पहले दिन से प्रदेश की सरकार की नियत और मंशा ठीक नहीं रही। वो यूनिवर्सिटी पर हथौड़ा चलाना चाहते हैं। उन्होंने पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) ऑडिट-4 की रिपोर्ट जारी करते हुए प्रदेश में भाजपा सरकार द्वारा 10 साल में 26 हजार स्कूल बंद कीजने का दावा किया।

उत्तर प्रदेश में पुलिस ने बढ़ाई सुरक्षा

## एटीएस कर रहे कांवड़ यात्रा की निगरानी



- सोशल मीडिया पर रखी जा रही नजर, मठ मंदिर और शिवालयों में सादी वर्दी में तैनात पुलिस

हरियाणा मेल, एजेंसी

**लखनऊ।** जम्मू कश्मीर में आतंकी घटना के बाद उत्तर प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। लखनऊ, वाराणसी, मथुरा, अयोध्या समेत जिलों के कई बड़े प्रमुख मठ, मंदिर और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा बढ़ाई गई हैं। कांवड़ यात्राओं पर सीसीटीवी कैमरे से नजर रखी जा रही है। एटीएस एसटीएफ और स्थानीय एजेंसियों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। केंद्रीय जांच एजेंसियों से मिलने इनपुट के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने राज्य में हाई अलर्ट जारी करते हुए संवेदनशील और अतिसंवेदनशील जिलों में अतिरिक्त फोर्स तैनात की गई है। सोशल मीडिया के सभी प्लेट फार्मों पर भी विशेष नजर रखी जा रही है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों और कमिश्नरेट पुलिस को अपने-अपने इलाकों में पैदल गश्त करने के निर्देश दिए हैं।

### वाराणसी को जोन में बांटा गया

श्रावण मास में काशी विश्वनाथ के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बहुत अधिक होती है। इसको देखते हुए शहर को पांच जोन और 13 सेक्टर में बांटा गया है, जहां लगभग आठ हजार पुलिस कर्मियों, पीएसी एनडीआरएफ और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की तैनाती की गई है। काशी विश्वनाथ समेत कई प्रमुख घाटों पर सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन से नजर रखी जा रही है। संदिग्ध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए सादी वर्दी में पुलिस बल को तैनात किया गया है। कांवड़ यात्रा पर विशेष नजर, एटीएस की तैनाती कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। आशंका है कि कांवड यात्रा में शामिल होकर आराजकत्वों लोग माहैल बिगाड़ सकते है। इसको देखते हुए यात्रा में सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन से नजर रखी जा रही हैं। इसके अलावा मेरठ, मुजफ्फरनगर और सहारनुपर जैसे जनपद में कावड़ यात्रा मार्ग पर एटीएस के साथ पीएसी की तैनाती की गई है। मुजफ्फरनगर के शिव चौक पर आधुनिक हथियारों से लैस एटीएस के 36 जवानों को तैनात किया गया है ।त्रा मार्ग पर सीसीटीवी,

# जनहित से जुड़े हर मुद्दे को सदन में रखें जनप्रतिनिधि: योगी आदित्यनाथ

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधान भवन में सर्वदलीय बैठक को किया संबोधित
- मुख्यमंत्री की सभी राजनीतिक दलों से अपील, प्रदेश के विकास के लिए करें स्वस्थ चर्चा
- विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक

हरियाणा मेल, एजेंसी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सत्ता पक्ष व विपक्षी दलों के जनप्रतिनिधियों (विधानसभा/विधान परिषद सदस्यों) से कहा कि जनहित से जुड़े हर मुद्दे को सदन में रखें। साथ ही स्वस्थ चर्चा कर विकास को और गति प्रदान करने में सरकार का सहयोग करें। उन्होंने विपक्षी दलों से सदन की कार्यवाही को सुचारु रूप से चलाने की अपील भी की। मुख्यमंत्री रविवार को



विधान भवन में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में आयोजित सर्वदलीय बैठक को संबोधित कर रहे थे।

यह बैठक 3 अगस्त (सोमवार) से शुरू हो रहे विधानसभा के मानसून सत्र के संचालन के संबंध में आयोजित की गई थी। बैठक में नेता सदन योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मानसून सत्र में आमजन से जुड़े मुद्दों पर स्वस्थ चर्चा होनी चाहिए। इससे प्रदेश का विकास भी होता है और जनता की समस्याओं का समाधान भी। जनप्रतिनिधि को जनता के हित से जुड़े हर मुद्दों को सदन में गंभीरता से उठाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने सभी सदस्यों से अपील की कि सदन के सुचारु संचालन में सभी सदस्यों का सहयोग मिलना चाहिए, इसमें किसी भी प्रकार की बाधा न आए। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने भी सदन के सुचारु संचालन के लिए सभी सदस्यों का सहयोग मांगा। बैठक में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, वित्त/संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय, निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी से रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया, निषाद पार्टी विधानमंडल दल के नेता रमेश सिंह, अपना दल (एस) के आरके पटेल तथा राष्ट्रीय लोकदल के राजपाल बालियान आदि मौजूद रहे।

### विधान परिषद् की डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ किया

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सर्वदलीय बैठक से पहले रविवार को विधान भवन में अनेक विकास व सुंदरीकरण कार्यों का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधान परिषद मंडप के सुंदरीकरण कार्य, विधान भवन भूतल स्थित नवीनीकृत कॉरिडोर का उद्घाटन किया। इसके पश्चात विधानसभा के नवनिर्मित पॉडकास्ट स्टूडियो समेत अनेक कार्यों का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने हेलीकॉप्टर जैसे बने मॉडल के भीतर बैठकर उत्तर प्रदेश के इतिहास व विरासत को संजोती धार्मिक तस्वीरों को देखा।

## अनुशासनहीनता पर बसपा ने अशोक सिद्धार्थ और रणधीर सिंह बेनीवाल को पार्टी से निकाला

हरियाणा मेल, एजेंसी

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने अनुशासनहीनता और पार्टी के दिशा-निर्देशों के उल्लंघन के आरोप में पूर्व राज्यसभा सदस्य अशोक सिद्धार्थ और पार्टी के को-ऑर्डिनेटर रणधीर सिंह बेनीवाल को तत्काल प्रभाव से पार्टी से निष्कासित कर दिया है। अशोक सिद्धार्थ बसपा प्रमुख मायावती के समधी तथा पार्टी के वरिष्ठ नेता आकाश आनंद के ससुर हैं।

रविवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी सिलसिलेवार पोस्ट में मायावती ने कहा कि अशोक सिद्धार्थ को पहले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के दौरान टिकट वितरण के मुद्दे पर प्रदेश नेतृत्व के साथ तालमेल नहीं बैठा पाने और अनुशासनहीनता के कारण पार्टी से निकाला गया था। बाद में इस शर्त पर उन्हें दोबारा पार्टी में शामिल किया गया कि वे भविष्य में



ऐसी गलती नहीं करेंगे। मायावती के अनुसार, दोबारा जिम्मेदारी मिलने के बाद भी अशोक सिद्धार्थ अपने दायित्वों का निर्वहन अपेक्षित ढंग से नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि कर्नाटक के अलावा ओडिशा और पश्चिम बंगाल से भी उनके खिलाफ पार्टी के दिशा-निर्देशों की अनदेखी और अनुशासनहीनता की शिकायतें लगातार मिलती रहीं। कई बार चेतावनी दिए जाने के बावजूद सुधार नहीं होने पर पार्टी और आंदोलन के हित में उन्हें स्थायी रूप से निष्कासित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब उन्हें भविष्य में दोबारा पार्टी में शामिल नहीं किया जाएगा।

## 15 साल से फरार 10 हजार का इनामी हत्यारोपी गिरफ्तार

हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने वर्ष 2011 के चर्चित हत्या और लूटकांड में पिछले 15 साल से फरार चल रहे 10 हजार के इनामी आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान नौशाद उर्फ लड्डू उर्फ मोहम्मद कमरे आलम (37) के रूप में हुई है। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने रविवार को बताया कि, 6 मार्च 2011 को शकरपुर थाना क्षेत्र के मंगल बाजार रोड, लक्ष्मी नगर में कारोबारी अतुल जैन की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वह गांधी नगर मार्केट में कमीशन एजेंट थे और कारोबार के बाद नकदी लेकर घर लौट रहे थे। घटना वाले दिन उनके बैग में करीब 8.50 लाख रुपये थे। जांच में सामने आया था कि आरोपित अरशद ने अपने साथियों भूरा उर्फ मुस्तकीन, नदीम उर्फ नड्डा, नौशाद उर्फ लड्डू और जाकी अनवर के साथ मिलकर लूट की साजिश रची थी। आरोपितों ने अतुल जैन को रास्ते में रोककर नकदी लूटने की कोशिश की। विरोध करने पर भूरा और नौशाद ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। इसके बाद आरोपी नकदी से भरा बैग लेकर फरार हो गए। घायल अतुल जैन को डॉ. हेडगेवार अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# दिल्ली आपदा प्रबंधन कर्मियों के मानदेय में 100 प्रतिशत तक की वृद्धि करने की घोषणा

हरियाणा मेल, एजेंसी



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने राजधानी की आपदा प्रबंधन प्रणाली को मजबूत करने और वर्षों से सेवा दे रहे कर्मचारियों को बड़ी राहत देने के लिए एक ठोस कदम उठाया है। आपदा प्रबंधन कर्मियों के मानदेय में 100 प्रतिशत तक की वृद्धि करने की घोषणा की गई है जिससे 16 साल का इंतजार खत्म हुआ।

मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार दिल्ली राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीएसडीएमए) के अंतर्गत कार्यरत प्रोजेक्ट ऑफिसर, डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट ऑफिसर (डीपीओ) और प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर के मानदेय में 100 प्रतिशत तक की वृद्धि करने की घोषणा की गई है। यह निर्णय उन कर्मियों को न्याय दिलाने की दिशा में उठाया गया है, जिन्होंने वर्ष 2009 से लगातार दिल्ली की आपदा प्रबंधन व्यवस्था की रीढ़ बनकर कार्य किया, लेकिन पिछले 16 वर्षों में उनके मानदेय में एक बार भी संशोधन नहीं हुआ।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि सभी बातों को मद्देनजर मंजूर नई वेतन संरचना के तहत इन कर्मियों के मानदेय में 100 प्रतिशत तक की वृद्धि की अनुशंसा कर दी गई है। यह संशोधन किसी प्रकार की अनुग्रह राशि नहीं, बल्कि जिम्मेदारियों, अनुभव, तकनीकी विशेषज्ञता और वर्तमान परिस्थितियों के अनुरूप एक न्यायसंगत एवं प्रतिस्पर्धी वेतन संरचना सुनिश्चित करने की दिशा में उठाया गया कदम है।

गुप्ता ने कहा कि अन्य राज्यों और दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों की तुलना में भी डीएसडीएमए के इन पदों का मानदेय काफी कम था। जहां कर्नाटक, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में समान जिम्मेदारियां निभाने वाले अधिकारियों को लगभग 45 हजार रुपये से 50 हजार रुपये या उससे अधिक का मानदेय दिया जा रहा है, वहीं दिल्ली सरकार के अन्य विभागों में भी समान स्तर के संविदा पदों का पारिश्रमिक कहीं अधिक है। उन्होंने कहा कि मानदेय में वृद्धि के साथ-साथ सरकार भविष्य में इस संवर्ग को और मजबूत करने के लिए कई ठोस कदमों पर भी विचार कर रही है।

**जनता से सीधा संवाद ही बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था का आधार**



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को मयूर विहार फेज-2 स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल का दौरा किया और कहा कि जनता से सीधा संवाद ही बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था का आधार है। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार रेखा गुप्ता ने इस दौरान मरीजों तथा उनके परिवारों से बातचीत की। उनके अनुभव, सुझाव और उम्मीदें सुनीं। अस्पताल में साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता और चिकित्सा सेवाओं का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों को तुरंत ज़रूरी सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार के लिए हर मरीज का विश्वास सर्वोपरि है और प्रत्येक नागरिक को समय पर, सम्मानजनक एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# ऑपरेशन मिलाप: जुलाई में 124 गुमशुदा लोगों को तलाश कर परिजनों से मिलाया

■ इस साल 990 की हुई वापसी

हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस ने 'ऑपरेशन मिलाप' के तहत जुलाई महीने में 124 गुमशुदा लोगों को तलाशकर उनके परिजनों से मिलाने में सफलता हासिल की है। इनमें 43 गुमशुदा या अपहृत बच्चे और 81 वयस्क शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि त्वरित कार्रवाई, तकनीकी जांच और जमीनी स्तर पर चलाए गए व्यापक अभियान की बदौलत यह सफलता मिली है। वहीं वर्ष 2026 में अब तक जिला पुलिस कुल 990 गुमशुदा लोगों को उनके परिवारों तक पहुंचा चुकी है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, किसी भी व्यक्ति के गुमशुदा होने की सूचना मिलते ही संबंधित थाने की टीम ने तत्काल खोज अभियान शुरू किया। जांच के दौरान इलाके में पूछताछ करने के साथ-साथ सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। ऑटो और ई-रिक्शा स्टैंड, बस अड्डों तथा



रेलवे स्टेशनों पर गुमशुदा लोगों की तस्वीरें लगाई गईं। बस चालकों, परिचालकों, रेहड़ी-पटरी वालों और स्थानीय दुकानदारों से पूछताछ की गई। स्थानीय मुखबिरों की भी मदद ली गई, जबकि आसपास के थानों और अस्पतालों का रिकॉर्ड भी खंगाला गया। इन समन्वित प्रयासों के चलते 1 जुलाई से 31 जुलाई के बीच 124 गुमशुदा लोगों का पता लगाकर उन्हें सुरक्षित उनके परिवारों को सौंप दिया गया। जिले के विभिन्न थानों ने इस अभियान में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। सबसे अधिक सफलता कापसहेड़ा थाना पुलिस को मिली, जिसने 14 नाबालिग बच्चों और 14 वयस्कों समेत कुल 28 लोगों को तलाशा। वसंत कुंज साउथ थाना ने 17, सागरपुर थाना ने 15, पालम विलेज थाना ने 11 तथा एयरपोर्ट थाना ने 10 गुमशुदा लोगों को बरामद किया। इसके अलावा आर.के. पुरम थाना ने नौ, डीएमपीए ने 13 वयस्क, वसंत कुंज नॉर्थ ने पांच, किशनगढ़ ने पांच, दिल्ली कैंट ने चार, सरोजिनी नगर ने तीन, साउथ कैंपस और एस.जे. एन्क्लेव थाना ने दो-दो लोगों को तलाशकर परिवारों से मिलाया।

**269 बच्चे और 721 वयस्क भी शामिल**

दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस के मुताबिक, 1 जनवरी से 31 जुलाई 2026 तक कुल 990 गुमशुदा लोगों को खोजकर उनके परिवारों से मिलाया गया है। इनमें 269 बच्चे और 721 वयस्क शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि 'ऑपरेशन मिलाप' के तहत भविष्य में भी गुमशुदा बच्चों और वयस्कों की तलाश के लिए इसी तरह तकनीकी संसाधनों और जमीनी स्तर पर समन्वित प्रयासों को जारी रखा जाएगा, ताकि अधिक से अधिक परिवारों को उनके बिछड़े अपनों से मिलाया जा सके।

## खबरें फटाफट

### किशोरी को अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म करने वाले दो आरोपित गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश में जनपद गाजियाबाद के थाना मसूरी पुलिस ने 16 वर्षीय किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने वाले दो वांछित आरोपितों को आज गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई अर्बन क्रोजर हाइराइडर कार भी बरामद कर ली है। पीड़ित की मां ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपितों ने उनकी नाबालिग पुत्री को जबरन कार में बैठाकर अज्ञात स्थान पर ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया। एसीपी मसूरी सुनील कुमार ने बताया कि शिकायत मिलते ही मसूरी पुलिस ने नाबालिग किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। आरोपितों की धरपकड़ के लिए दो विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस दल ने सीसीटीवी दृश्य, मानवीय जानकारी और सटीक सूचना के आधार पर कार्रवाई की। दोनों आरोपितों को आज चौकी क्षेत्र कस्बा मसूरी, भगवती कॉलेज के पास देहरा रोड से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपितों ने अपना अपराध स्वीकार किया है। उन्होंने बताया कि वे दोनों दोस्त हैं और 27 जुलाई की रात करीब 10 बजे कार से घूमने निकले थे। नाजिया अस्पताल के पास एक लड़की को खड़ा देखकर उनकी नीयत खराब हो गई। वे लड़की को जबरन गाड़ी में बैठाकर सुनसान स्थान पर ले गए और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। जब किशोरी ने परिजनों को बताने की बात कही, तो आरोपित डरकर उसे वहीं छोड़कर अपनी कार से फरार हो गए।

### मुरादाबाद में 9 से 17 अगस्त तक चलेगा हर घर तिरंगा अभियान

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने रविवार को बताया कि भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय तथा उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार 9 अगस्त से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान-2026 को व्यापक जनसहभागिता के साथ आयोजित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान, राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता, संविधान के प्रति आस्था तथा स्वतंत्रता संग्राम के अमर बलिदानियों के प्रति कृतज्ञता की भावना से जोड़ना है। जिलाधिकारी ने आगे बताया कि अभियान के अंतर्गत जनपद में विभिन्न विभागों, शिक्षण संस्थानों, स्थानीय निकायों, स्वयंसेवी संगठनों एवं आमजन की सहभागिता से विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि इस वर्ष हर घर तिरंगा अभियान-2026 का आयोजन वंदे मातरम् की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में विशेष रूप से किया जा रहा है। अभियान के दौरान भौतिक एवं डिजिटल दोनों माध्यमों से जनसहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। नागरिक अपने घरों, प्रतिष्ठानों एवं कार्यालयों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ-साथ तिरंगे के साथ सेल्फी एवं वंदे मातरम् के सामूहिक गायन का वीडियो पोर्टल पर अपलोड कर अभियान से जुड़ सकेंगे। जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने ने बताया कि अभियान के अंतर्गत जनपद में भव्य तिरंगा रैलियों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें विद्यार्थी, युवा, सरकारी अधिकारी एवं कर्मचारी, पुलिस, अर्द्धसैनिक बल, महिला स्वयं सहायता समूह, स्वयंसेवी संगठन तथा आमजन उत्साहपूर्वक सहभागिता करेंगे। प्रत्येक रैली का शुभारंभ राष्ट्रगान एवं वंदे मातरम् के सामूहिक गायन के साथ होगा तथा रैलियों के लिए सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित मार्ग निर्धारित किए जाएंगे।

### मुठभेड़ में दबोचे गए टिल्लू गैंग के दो शूटर, हरीश माथुर हत्याकांड का खुलासा

**नई दिल्ली।** रोहिणी जिले की स्पेशल स्टाफ और कंझावला थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ के बाद टिल्लू ताजपुरिया गैंग के दो सक्रिय बदमाशों को गिरफ्तार कर 30 जुलाई को कराला में हुए हरीश माथुर हत्याकांड का खुलासा करने का दावा किया है। पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपितों ने घेराबंदी के दौरान पुलिस टीम पर फायरिंग की, जिसके जवाब में हुई जवाबी कार्रवाई में दोनों के पैरों में गोली लगी। दोनों को घायल अवस्था में दबोच लिया गया। इस दौरान कोई पुलिसकर्मी घायल नहीं हुआ। पकड़े गए आरोपितों की पहचान गाजियाबाद निवासी विक्की उर्फ राहुल रंगा (27) और कराला निवासी विशाल उर्फ साहिल उर्फ लीलू (26) के रूप में हुई है। विक्की पर हत्या, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट समेत चार, जबकि विशाल पर आर्म्स एक्ट के दो मामले सहित तीन आपराधिक मुकदमे पहले से दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से दो अवैध पिस्टल, छह जिंदा कारतूस, छह खाली खोखे और एक बाइक बरामद की है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि इसी बाइक का इस्तेमाल 30 जुलाई को गोगी गैंग और दिनेश कराला गैंग से जुड़े हरीश माथुर की हत्या में किया गया था।

# लक्ष्मी योजना में शर्तों को लेकर आआपा ने किया विरोध




हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) ने दिल्ली सरकार की लक्ष्मी योजना को लेकर आरोप लगाया कि इस योजना में महिलाओं को लाभ से वंचित करने के लिए 10 साल का निवास प्रमाणपत्र और आवेदन के लिए सांसद व विधायक के हस्ताक्षर की शर्तें लगाई गई है। पार्टी ने मांग की कि योजना को अन्य सरकारी योजनाओं की तरह सरल बनाया जाए, ताकि महिलाओं को नेताओं की चौखट पर न जाना पड़े। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने यहां पत्रकार वार्ता में कहा कि विधवा पेंशन, बुजुर्ग पेंशन या विकलांग पेंशन जैसी योजनाओं में फॉर्म स्वयं प्रमाणित करके अपलोड करना होता है और लाभ मिल जाता है। लेकिन लक्ष्मी योजना में सांसदों और विधायकों के हस्ताक्षर की शर्त लगाना महिलाओं को अनावश्यक परेशानी में डालना है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं की पृष्ठभूमि अलग-अलग राज्यों से है लेकिन योजना का लाभ केवल उसी महिला को मिलेगा जो 10 साल से दिल्ली में रह रही हो। उन्होंने सवाल किया कि जब वोट हर व्यक्ति से लिया जाता है, चाहे वह एक साल पहले ही दिल्ली आया हो तो योजना में 10 साल की शर्त क्यों लगाई गई। सौरभ भारद्वाज ने महिलाओं के लिए बनाए गए पिंक कार्ड पर भी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि बसों में सफर करने वाली महिलाएं पहले से पहचानी जाती हैं, फिर अलग से पिंक कार्ड क्यों बनाया गया। इसे उन्होंने महिलाओं और बाहर से दिल्ली-एनसीआर में काम करने आने वाली पूर्वांचल की महिलाओं के अधिकारों को सीमित करने का प्रयास बताया।

**दिल्ली में साइकिल खरीद में आआपा ने लगाया घोटाले का आरोप**

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आआपा) ने आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार ने छात्राओं को बांटी गई साइकिलों की खरीद में करीब 90 करोड़ रुपये का घोटाला किया है। पार्टी ने कहा कि टेंडर की शर्तें पहले से तय कर दी गई थीं ताकि चुनिंदा कंपनी को ही ठेका मिले और बाजार मूल्य से कहीं अधिक दर पर साइकिलें खरीदी गईं। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि जिस साइकिल की कीमत बाजार में 4100 रुपये है, टेंडर में उसकी दर 6923 रुपये रखी गई। उन्होंने बताया कि 1.30 लाख साइकिलों के लिए कंपनी का टर्नओवर 360 करोड़ रुपये मांगा गया, जबकि नियमों के अनुसार यह 180 करोड़ रुपये से अधिक नहीं होना चाहिए था। शिकायत में यह भी कहा गया कि सरकार ने प्री-बिड बैठक नहीं कराई और 4100 रुपये में साइकिल देने के लिए तैयार कंपनियों को बुलाया भी नहीं।

उन्होंने कहा कि एसके बाइक्स और अन्य कंपनियों ने एलजी, मुख्यमंत्री और विजिलेंस को लिखित शिकायतें दी हैं लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। शिकायत में यह आरोप भी है कि टर्नओवर की गणना जानबूझकर पिछले वर्ष को छोड़कर की गई ताकि कम कीमत पर साइकिल देने वाली कंपनियां बाहर हो जाएं। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि राजस्थान ने 3.70 लाख साइकिलों का टेंडर दिया और 150 करोड़ का टर्नओवर मांगा, छत्तीसगढ़ ने 1.60 लाख साइकिलों का टेंडर दिया और 90 करोड़ का टर्नओवर मांगा। लेकिन दिल्ली सरकार ने 1.30 लाख साइकिलों के लिए 360 करोड़ का टर्नओवर मांगा जो सीवीसी गाइडलाइन के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि शिकायतों के अनुसार सरकार ने साइकिलें 6957 रुपये प्रति साइकिल की दर से खरीदी हैं, जबकि होलसेल बाजार में वही साइकिल 4500 रुपये में मिल जाती है। आरोप है कि इस टेंडर में करीब 36 करोड़ रुपये की कमीशनखोरी हुई है।

# एक स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन निवास करता है: प्रवेश वाही



हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही ने रविवार को कहा कि इस भाग दौड़ भरे जीवन में स्वास्थ्य का ध्यान रखना आवश्यक है। एक स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन निवास करता है। इसलिए हम सभी को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। महापौर प्रवेश वाही ने आज दिल्ली के रोहिणी सेक्टर-15 स्थित अपार्टमेंट हाउसिंग सोसाइटी में 'एरोबिन' के लोकार्पण और स्वास्थ्य जांच शिविर के शुभारंभ पर यह बात कही। उन्होंने दिल्लीवासियों से अपील करते हुए कहा, वे अपने-अपने क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने में दिल्ली नगर निगम का सहयोग करें और राजधानी को स्वच्छ एवं हरित बनाने के इस अभियान में सक्रिय भागीदार बनें। उन्होंने बताया कि एरोबिन की सहायता से एक बार में एक बिन में 10 किलो गीले कूड़े को 40 दिनों के अंदर कंपोस्ट खाद में बदला जा सकता है और इसमें से किसी प्रकार की कोई भी दुर्गंध भी नहीं आती। उन्होंने हाउसिंग सोसाइटी से अपने प्रांगण में एरोबिन स्थापित करने की मुहिम से जुड़ने का अनुरोध किया ताकि कचरे को स्रोत पर ही पृथक (सेग्रीगेशन) करके निस्तारण करने की मुहिम को बल मिले।

# ऑपरेशन विस्टा 1.0: दिल्ली में वीजा नियम तोड़ने वाले छह बांग्लादेशी नागरिक दबोचे

हरियाणा मेल, एजेंसी



**नई दिल्ली।** मध्य जिले की स्पेशल स्टाफ की फॉरेन सेल ने विदेशी नागरिकों द्वारा वीजा नियमों के उल्लंघन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए ऑपरेशन 'विस्टा 1.0' (वीजा स्टेटस वेरिफिकेशन) के दौरान छह बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है।

जांच में सामने आया कि सभी भारत में डबल एंट्री वीजा पर आए थे, लेकिन प्रत्येक यात्रा के लिए निर्धारित 15 दिन की अधिकतम अवधि समाप्त होने के बाद भी बिना अनुमति भारत में रह रहे थे। इसके बाद एफआरआरओ के माध्यम से उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान शफी इमाम नफीस सिद्दीकी (31), एहिया एहतेशाम (31), आसिफ मोल्ला (21), एमडी बुलबुल हुसैन (20), हसन शेख (24) तथा 21 वर्षीय एक महिला के रूप में हुई है। इनमें दो सिलहट, दो गोपालगंज और दो सिराजगंज (बांग्लादेश) के रहने वाले हैं।

मध्य जिले के पुलिस उपायुक्त रोहित राजबीर सिंह ने रविवार को बताया कि जिले की फॉरेन सेल ने होटलों, गेस्ट हाउसों और विदेशी नागरिकों के ठहरने वाले अन्य प्रतिष्ठानों का विशेष सत्यापन अभियान चलाया। इसी दौरान नबी करीम स्थित अराकाशन रोड के एक होटल की जांच के दौरान छह बांग्लादेशी नागरिक ठहरे मिले। टीम ने उनके पासपोर्ट, वीजा और इमिग्रेशन रिकॉर्ड की जांच की तो पता चला कि सभी के पास भारतीय डबल एंट्री वीजा तो वैध था, लेकिन वीजा की शर्तों के अनुसार प्रत्येक बार भारत में अधिकतम 15 दिन ही ठहरने की अनुमति थी। सभी इस निर्धारित अवधि से अधिक समय तक भारत में रुके हुए थे। पूछताछ में सभी विदेशी नागरिकों ने स्वीकार किया कि वे वैध वीजा पर भारत आए थे और मध्य जिले के होटल में रह रहे थे।

# युवाओं के मित्र बनें अभिभावक, तभी बचेंगे नशे और वैचारिक प्रदूषण से: विनोद बंसल

हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने रविवार को कहा कि यदि युवा पीढ़ी को नशे, अवसाद, कुसंस्कृति और वैचारिक प्रदूषण से बचाना है तो अभिभावकों को उनका सच्चा मित्र और मार्गदर्शक बनना होगा। उन्होंने कहा कि बच्चों को केवल अच्छी शिक्षा और नौकरी के लिए तैयार करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें मानसिक रूप से मजबूत, सामाजिक रूप से संवेदनशील और राष्ट्र के प्रति समर्पित नागरिक बनाना भी जरूरी है।

द्वारका स्थित आर्य समाज मंदिर में आयोजित साप्ताहिक वैदिक सत्संग के अंतर्गत 'युवा विमर्श कार्यक्रम' में 'युवा पीढ़ी के विरुद्ध षड्यंत्र और उनके समाधान' विषय पर बोलते हुए विनोद बंसल ने कहा कि आज सोशल मीडिया के कारण



युवाओं तक हर प्रकार की जानकारी आसानी से पहुंच रही है। ऐसे में यदि युवा संस्कारों से दूर हो रहे हैं तो इसकी जिम्मेदारी केवल उनकी नहीं, बल्कि अभिभावकों की भी है।

उन्होंने कहा कि माता-पिता को बच्चों के साथ मित्रवत व्यवहार करना चाहिए, उन्हें पर्याप्त समय देना चाहिए और उनकी समस्याओं को समझते हुए समाधान निकालना चाहिए। साथ ही उन्हें भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और जीवन मूल्यों से जोड़ने का प्रयास करना चाहिए। बंसल ने कहा कि अभिभावक स्वयं भी बच्चों के लिए सकारात्मक प्रेरणा बनें और उन्हें मोबाइल व इंटरनेट के माध्यम से उपलब्ध उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक सामग्री अपनाने के लिए प्रोत्साहित करें।

उन्होंने कहा कि युवाओं में सनातन मूल्यों के प्रति विश्वास मजबूत करना समय की आवश्यकता है, ताकि वे किसी भी प्रकार के बहकावे या भ्रामक प्रचार का शिकार न हों।

# जेलों में अप्राकृतिक मौत पर परिजनों को मिलेगा 7.5 लाख रुपये तक मुआवजा

हरियाणा मेल, एजेंसी



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने रविवार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की जेलों में हिरासत (कस्टडी) के दौरान होने वाली अप्राकृतिक मौतों को लेकर एक बड़ा प्रशासनिक फैसला लिया है। सरकार ने दिल्ली जेलों में कैदियों की मृत्यु होने पर मुआवजा भुगतान योजना, 2025 को अधिसूचित कर दिया है।

मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार इस योजना के तहत जेल में अप्राकृतिक मृत्यु होने पर मृतक के परिजनों या कानूनी उत्तराधिकारियों को 5 लाख रुपये से लेकर 7.5 लाख रुपये तक का मुआवजा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप अधिसूचित यह योजना पीड़ित परिवारों को निर्धारित परिस्थितियों में समयबद्ध राहत उपलब्ध कराने के साथ-साथ प्रशासनिक उत्तरदायित्व को और अधिक मजबूत करेगी। दिल्ली सरकार कानून के शासन, मानवीय गरिमा और संवैधानिक मूल्यों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। किसी भी व्यक्ति की अभिरक्षा के दौरान होने वाली अप्राकृतिक मृत्यु अत्यंत गंभीर विषय है और ऐसे मामलों में पारदर्शिता, जवाबदेही तथा विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। दिल्ली सरकार का उद्देश्य जेल प्रशासन में पारदर्शिता, संवेदनशीलता और जवाबदेही को मजबूत करना तथा प्रत्येक मामले में विधि के अनुरूप न्याय सुनिश्चित करना है।

दिल्ली सरकार के गृह (सामान्य) विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार यह योजना दिल्ली जेलों में कैदियों की मृत्यु होने पर मुआवजा भुगतान योजना, 2025 (स्कीम फॉर पेमेंट ऑफ कम्पनसेशन ऑन अकाउंट ऑफ डेथ ऑफ प्रिजनर्स इन दिल्ली प्रिजन, 2025) के नाम से लागू होगी। योजना केवल उन मामलों पर लागू होगी, जिनमें इस योजना की अधिसूचना की तिथि अथवा उसके बाद दिल्ली की किसी भी जेल में किसी कैदी की अप्राकृतिक मृत्यु हुई हो। अधिसूचना के अनुसार कैदियों के बीच आपसी झगड़े अथवा जेल कर्मियों द्वारा कथित यातना या मारपीट के कारण मृत्यु होने पर मृतक के परिजनों को 7.5 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। वहीं, जेल अधिकारियों या कर्मचारियों की ड्यूटी में लापरवाही, चिकित्सा अथवा पैरामेडिकल अधिकारियों की लापरवाही तथा कैदी द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामलों में 5 लाख रुपये का मुआवजा निर्धारित किया गया है।

**बीमारी से हुई मृत्यु के मामलों में देय नहीं होगा मुआवजा**

अधिसूचना में स्पष्ट किया गया कि प्राकृतिक मृत्यु या बीमारी से हुई मृत्यु के मामलों में मुआवजा देय नहीं होगा। इसके अलावा जेल से फरार होने अथवा वैध अभिरक्षा (हिरासत) से भागने के दौरान हुई मृत्यु और आपदा या विपदा के कारण हुई मृत्यु भी इस योजना के दायरे में शामिल नहीं होगी। योजना के तहत संबंधित जेल अधीक्षक को प्रत्येक मामले में मजिस्ट्रियल जांच रिपोर्ट, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, मृत्यु के अंतिम कारण, कैदी के चिकित्सा इतिहास तथा मृत्यु से पूर्व उपलब्ध कराए गए उपचार का विवरण महानिदेशक (कारागार) दिल्ली को भेजना होगा। अधिसूचना के मुताबिक, महानिदेशक (कारागार) की अध्यक्षता में गठित समिति इन मामलों की समीक्षा करेगी। समिति में सहायक महानिरीक्षक (कारागार), रेजिडेंट मेडिकल ऑफिसर, उप नियंत्रक (लेखा) तथा विधि अधिकारी भी सदस्य होंगे। समिति की अनुशंसा के आधार पर विभाग के प्रशासनिक सचिव के समक्ष मुआवजा स्वीकृति का प्रस्ताव भेजा जाएगा। अधिसूचना में यह भी प्रावधान किया गया है कि मुआवजा राशि का भुगतान किए जाने के बाद संबंधित जेल अधीक्षक इसकी सूचना राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) को देंगे।

# दिल्ली में 5 अगस्त को 'जीआई एंड बियॉन्ड 2.0' शिखर सम्मेलन शुरू

हरियाणा मेल, एजेंसी




**नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में 5 अगस्त को 'जीआई एंड बियॉन्ड 2.0 शिखर सम्मेलन' का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्घाटन विदेश एवं वस्त्र राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा करेंगे।

वस्त्र मंत्रालय के अनुसार हथकरघा निर्यात संवर्धन परिषद (एचईपीसी) के हीरक जुबली लोगो का औपचारिक अनावरण और डिजिटल हैंडलूम एटलस एक मंच, अनंत बाजार का शुभारंभ किया जाएगा।

विकास आयुक्त (हथकरघा) कार्यालय द्वारा हथकरघा निर्यात संवर्धन परिषद (एचईपीसी) के सहयोग से आयोजित इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य देश के जीआई-टैग प्राप्त हथकरघा और हस्तशिल्प उत्पादों को बढ़ावा देना तथा घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में उनकी पहुंच को मजबूत करना है। इस दिन देश भर से 100 से अधिक जीआई-पंजीकृत हथकरघा और हस्तशिल्प उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा। कारीगरों को वैश्विक बाजारों से जोड़ने के लिए एक मंच, अनंत बाजार टैगलाइन के साथ एक व्यापक डिजिटल प्लेटफॉर्म शुरू किया जाएगा। हथकरघा निर्यात संवर्धन परिषद (एचईपीसी) के हीरक जुबली लोगो का औपचारिक अनावरण होगा। पंजीकृत मालिकों और नए अधिकृत उपयोगकर्ताओं को जीआई प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। जीआई पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए आईआईटी मद्रास के विशेषज्ञों द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के अनुप्रयोग पर विशेष प्रस्तुति दी जाएगी।



डीपीएल सीजन-3

## पहली जीत के लक्ष्य के साथ आज मैदान में उतरेगी पुरानी दिल्ली-6

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) सीजन-3 में अपने पहले मैच में हार झेलने के बाद पुरानी दिल्ली-6 सोमवार को अरुण जेटली स्टेडियम में वेस्ट दिल्ली लायंस का सामना करते हुए वापसी करने की कोशिश करेगी। मैच से पहले टीम के कप्तान अनुज रावत ने कहा कि टीम जीत की राह पर लौटने के लिए तैयार है।

टूर्नामेंट के पहले हाई-स्कोरिंग मैच में सेंट्रल दिल्ली किंग्स से चार विकेट से हारने के बावजूद पुरानी दिल्ली 6 को कई सकारात्मक बातें सीखने को मिलीं, जिनमें सबसे खास कप्तान अनुज रावत की शानदार नाबाद शतकीय पारी थी। पहले मैच में जब टीम का स्कोर 30/3 था, तब कप्तान अनुज ने दबाव में पारी संभाली और देव लाकरा के साथ मिलकर 132 रनों की साझेदारी की, जिससे पुरानी दिल्ली 6 ने 202/4 का मजबूत स्कोर खड़ा किया। हालांकि नतीजा उनके पक्ष में नहीं रहा और सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने छह विकेट पर 204 रन बनाते हुए मैच जीत लिया। अब पुरानी दिल्ली 6 अपने अगले मैच में वेस्ट दिल्ली लायंस के खिलाफ सीजन की अपनी पहली जीत दर्ज करने की कोशिश करेगी और टीम पहले मैच से मिली सकारात्मक चीजों को आगे बढ़ाना चाहेगी। सोमवार के मैच से पहले टीम के कप्तान अनुज रावत ने कहा कि टीम ने जल्दी ही अपना ध्यान अगली चुनौती पर लगा लिया है और जीत की राह पर लौटने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, व्यक्तिगत रूप से मैं अपनी बल्लेबाजी से खुश हूं और शतक लगाना हमेशा खास होता है। बेशक, अगर टीम मैच जीत जाती तो और भी अच्छा लगता, क्योंकि आखिर में टीम की सफलता ही सबसे ज्यादा मायने रखती है। अच्छी बात यह है कि मैं अच्छी लय में हूं और इस फॉर्म को अगले मैच में भी बरकरार रखना चाहता हूं।

### ड्रेसिंग रूम का माहौल सकारात्मक

कप्तान ने आगे कहा, ड्रेसिंग रूम का माहौल सकारात्मक है और सभी का मानना है कि हमने पहले मैच में बहुत अच्छा क्रिकेट खेला। उस मैच से कई सकारात्मक बातें सीखने को मिलीं और हमने उन क्षेत्रों पर काम किया है जिनमें सुधार की गुंजाइश थी। हमारा ध्यान वेस्ट दिल्ली लायंस के खिलाफ होने वाले मैच पर पूरी तरह केंद्रित है और एक मजबूत ऑलराउंड प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं। हमारा लक्ष्य सीधा निडर होकर क्रिकेट खेलना और इस सीजन में अपनी पहली जीत हासिल करना है।

शेर-ए-पंजाब टी-20 लीग का आगाज

## शुभमन गिल, अर्शदीप समेत कई स्टार खिलाड़ी दिखाएंगे दम

■ पीसीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में 30 अगस्त से 13 सितंबर तक होगा आयोजन

**हरियाणा मेल, एजेंसी**




**नई चंडीगढ़।** पंजाब क्रिकेट के लिए एक नई शुरूआत करते हुए शेर-ए-पंजाब टी-20 लीग का रविवार को न्यू चंडीगढ़ स्थित पीसीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भव्य शुभारंभ किया गया। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की परिकल्पना पर आधारित इस लीग का उद्देश्य राज्य के उभरते क्रिकेटरों को पेशेवर मंच उपलब्ध कराना है। लीग का आयोजन 30 अगस्त से 13 सितंबर तक किया जाएगा। इसमें भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान शुभमन गिल, तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह, अभिषेक शर्मा, गुरनूर बराड़, प्रभसिमरन सिंह और रामनदीप सिंह जैसे स्टार खिलाड़ी आकर्षण का केंद्र होंगे। लीग का शुभारंभ पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) के सचिव गुरमीत सिंह मीत हेयर, अध्यक्ष अमरजीत सिंह मेहता ने भारतीय कप्तान शुभमन गिल और अर्शदीप सिंह की उपस्थिति में किया। इस दौरान टूर्नामेंट का आधिकारिक लोगो भी जारी किया गया।

टूर्नामेंट में अमृतसर, फाजिल्का, जालंधर, लुधियाना, मोहाली और बठिंडा की छह टीमें हिस्सा लेंगी। राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में कुल 27 मुकाबले होंगे। प्रत्येक फ्रेंचाइजी के पास एक मार्की खिलाड़ी और कम से कम दो आइकन खिलाड़ी होंगे, जिससे अंतरराष्ट्रीय सितारों, घरेलू खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं का संतुलित मिश्रण देखने को मिलेगा। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि शेर-ए-पंजाब टी-20 लीग युवा खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने और पंजाब तथा भारत की टीम तक पहुंचने का बेहतरीन मंच साबित होगी।

## जमशेदपुर एफसी के हटने से भारतीय फुटबॉल को गहरा आघात: सुनील छेत्री

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ी सुनील छेत्री ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) से जमशेदपुर एफसी के हटने के फैसले पर गहरी निराशा जताते हुए इसे दिल पर जोरदार चोट करार दिया है। उन्होंने टाटा समूह से इस फैसले पर पुनर्विचार करने की अपील करते हुए कहा कि भारतीय फुटबॉल को इस समय उनकी सबसे अधिक जरूरत है।

आईएसएल 2021-22 की विनर्स शील्ड विजेता जमशेदपुर एफसी ने 31 जुलाई को आगामी सत्र में भागीदारी शुल्क जमा करने की समयसीमा चूकने के कुछ घंटे बाद 2026-27 सत्र से लीग से हटने की घोषणा की थी। क्लब ने इंस्टाग्राम पर जारी बयान में पुष्टि की कि वह आगामी सत्र से आईएसएल का हिस्सा नहीं होगा। इसके साथ ही चार सितंबर से शुरू होने वाले नए सत्र में अब 13 टीमें ही खेलेंगी। भारत के सर्वकालिक सर्वाधिक गोल करने वाले और सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले खिलाड़ी छेत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा, ह्यह्ययह जानकर कि जमशेदपुर ने अपनी सीनियर टीम का संचालन बंद कर दिया है, दिल पर गहरी चोट लगी है। खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ क्लब के बिना हो जाएंगे। हो सकता है कि उन्हें बाद में कोई नया क्लब मिल जाए।

लीग एक टीम कम के साथ आगे बढ़ जाएगी, लेकिन शीर्ष स्तर के भारतीय फुटबॉल में टाटा समूह का नहीं होना एक ऐसी त्रासदी की तरह होगी, जिसकी कोई भरपाई नहीं हो सकती।

## ग्लासगो से लौटे भारतीय वेटलिफ्टर्स का भव्य स्वागत




■ मीराबाई चानू बोलीं- देश के लिए पदक जीतना गर्व की बात

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**नई दिल्ली।** ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेल-2026 में शानदार प्रदर्शन कर देश का गौरव बढ़ाने वाले भारतीय भारोत्तोलक (वेटलिफ्टर्स) खिलाड़ी रविवार को स्वदेश लौट आए। स्वर्ण पदक विजेता मीराबाई चानू समेत अन्य खिलाड़ियों का दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत किया गया।

भारतीय खिलाड़ियों के स्वागत के लिए एयरपोर्ट पर बड़ी संख्या में प्रशंसक पहले से मौजूद थे। जैसे ही खिलाड़ी बाहर आए, फूल-मालाओं, ढोल-नगाड़ों के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

लगातार तीसरी बार राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली मीराबाई चानू ने मीडिया से बातचीत में कहा, मैं बहुत ज्यादा खुश हूं कि मैंने भारत के लिए पदक जीता है और मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है। मैं मणिपुर से हूं, इसलिए मुझे बहुत खुशी है कि मैंने अपने देश के लिए कुछ करके दिखाया है। मीराबाई चानू ने महिलाओं के 48 किलोग्राम भार वर्ग में कुल 190 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। इसके साथ ही उन्होंने लगातार तीसरे राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीतने की उपलब्धि भी हासिल की। महिलाओं के 53 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीतने वाली ज्ञानेश्वरी यादव ने कहा कि देश के लिए पदक जीतना उनके लिए बेहद गर्व और खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि उन्हें आगे और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगी। महिलाओं के 69 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीतने वाली हरजिंदर कौर ने भी अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि देश के लिए पदक जीतकर उन्हें बहुत गर्व महसूस हो रहा है। पुरुषों के 110 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग में रजत पदक जीतने वाले लवप्रीत सिंह ने कहा कि वह अपने प्रदर्शन से खुश हैं, लेकिन अगली प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने के लक्ष्य के साथ और कड़ी मेहनत करेंगे। पुरुषों के 60 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक विजेता ऋषिकांत सिंह ने भी अपनी खुशी व्यक्त की और कहा कि बहुत अच्छा लग रहा है कि देश के लिए पदक लेकर आए हैं। राष्ट्रमंडल खेल-2026 में भारोत्तोलन में भारत ने एक स्वर्ण सहित आठ पदक जीते हैं। मीराबाई चानू ने महिलाओं के 48 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है।

### ग्लासगो में भारतीय बॉक्सरों की चमक, अंकुश-सचिन स्वर्ण विजेता, लवलीना को रजत

**ग्लासगो।** राष्ट्रमंडल खेल 2026 में भारतीय मुक्केबाजों का शानदार प्रदर्शन जारी है। शनिवार को अंकुश पंघाल और सचिन सिवाच ने अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर भारत के मुक्केबाजी अभियान को नई ऊंचाई दी, जबकि ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहाईं ने महिला 75 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक अपने नाम किया। इन शानदार प्रदर्शनों की बदौलत भारत पदक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गया।पुरुषों के 80 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में अंकुश पंघाल ने मेजबान इंग्लैंड के शिह्लू डिमेजी को 4-1 के स्प्लिट फैसले से हराकर स्वर्ण पदक जीता। पहले राउंड में कुछ जजों के स्कोरकार्ड पर पिछड़ने के बावजूद अंकुश ने दूसरे और तीसरे राउंड में शानदार वापसी की। आक्रामक पंच, सटीक काउंटर अटैक और बेहतरीन रिंग कंट्रोल के दम पर उन्होंने मुकाबले का रुख अपने पक्ष में कर लिया। तीन जजों ने उन्हें 29-26 से विजेता घोषित किया, जबकि अन्य दो जजों ने 28-27 का फैसला दिया, जिनमें एक अंकुश और एक इंग्लैंड के मुक्केबाज के पक्ष में था। पुरुषों के 60 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में भारत के सचिन सिवाच ने नामीबिया के ट्रायअगेन मोर्नी नदेवेलो को बेहद करीबी मुकाबले में 3-2 के स्प्लिट निर्णय से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। तीनों राउंड में कांटे की टक्कर देखने को मिली। सचिन ने पूरे मुकाबले में संयम बनाए रखा और निर्णायक मौकों पर सटीक पंच लगाकर जजों को प्रभावित किया। अंत में तीन जजों ने भारतीय मुक्केबाज के पक्ष में फैसला सुनाया, जबकि दो जजों ने नामीबियाई खिलाड़ी को बढ़त दी।

## आठ मैचों के एक्सपोजर टूर के लिए बेंगलुरु पहुंची मलेशिया अंडर-21 पुरुष हॉकी टीम

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**नई दिल्ली।** मलेशिया की अंडर-21 पुरुष हॉकी टीम आठ मैचों के एक्सपोजर टूर के लिए बेंगलुरु पहुंच गई है। यहां वे साई (भारतीय खेल प्राधिकरण) नेताजी सुभाष दक्षिणी केंद्र में भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के खिलाफ पांच मैच और साई टीम के खिलाफ तीन मैच खेलेंगे।

हॉकी इंडिया ने रविवार को जानकारी दी कि यह सीरीज आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए दोनों टीमों की तैयारियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। मलेशिया टीम के साथ भारतीय जूनियर पुरुष टीम 7 अगस्त, 08 अगस्त, 10 अगस्त, 12 अगस्त और 13 अगस्त खेलेगी। इसके अतिरिक्त मलेशियाई टीम 03 अगस्त, 05 अगस्त और 15 अगस्त को साई टीम से भिड़ेगी। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के कोच फ्रेडरिक सोयेज ने कहा कि ये मैच एशिया कप के लिए महत्वपूर्ण तैयारी साबित होंगे। ये बेल्जियम दौरे के दौरान शुरू किए गए हमारे काम की निरंतरता का हिस्सा हैं, जहां हमने खेले गए मैचों में उल्लेखनीय प्रगति देखी। हमें उम्मीद है कि मलेशिया के खिलाफ यह सीरीज हमें बेल्जियम में किए गए प्रयासों और पिछले सप्ताह के प्रशिक्षण में किए गए सुधारों को मजबूत करते हुए उस प्रगति को आगे बढ़ाने में मदद करेगी। यह एक्सपोजर टूर बेल्जियम में भारतीय जूनियर पुरुष टीम के सफल प्रशिक्षण और प्रतियोगिता चरण के बाद हो रहा है और आगामी जूनियर एशिया कप की तैयारियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

## तन्वी शर्मा ने महिला एकल खिताब जीतकर इतिहास रचा

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**ताइपे (ताइवान)।** भारत की 17 वर्षीय उभरती बैडमिंटन स्टार तन्वी शर्मा ने ताइपे ओपन सुपर-300 बैडमिंटन टूर्नामेंट का महिला एकल खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। रविवार को खेले गए फाइनल में तन्वी ने वियतनाम की थुई लिन्ह गुयेन को सीधे गेमों में 21-16, 21-16 से हराकर अपने करियर का पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब अपने नाम किया।

महज 36 मिनट तक चले मुकाबले में तन्वी ने शुरूआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और अनुभवी वियतनामी खिलाड़ी को कोई मौका नहीं दिया। इस शानदार जीत के साथ उन्होंने अपने करियर की अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि हासिल की। पिछले साल यूएस ओपन सुपर-300 में उपविजेता रहीं तन्वी ने इस बार खिताब जीतकर साबित कर दिया कि वह भारतीय बैडमिंटन की अगली बड़ी स्टार बनने की राह पर हैं। उनके खेल में लगातार आक्रामकता और निरंतरता साफ दिखाई दी। भारतीय बैडमिंटन संघ (बाएआई) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर तन्वी की उपलब्धि की सराहना करते हुए लिखा, 17 साल की उम्र... रिकॉर्ड तोड़ने वाली... चैंपियन! तन्वी शर्मा ने ताइपे ओपन 2026 जीतकर टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे युवा चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। साथ ही वह सुपर-300+ खिताब जीतने वाली भारत की चौथी महिला एकल खिलाड़ी भी बन गई हैं। तन्वी ने फाइनल में पहुंचने से पहले सेमीफाइनल में चीनी ताइपे की हुआंग यू-हसुन को 21-17, 21-11 से हराया था। तन्वी शर्मा की यह ऐतिहासिक जीत भारतीय बैडमिंटन के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है और आने वाले वर्षों में उनसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और भी शानदार प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी।




### ताइपे ओपन चैंपियन तन्वी शर्मा को पीवी सिंधु ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी और ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने ताइपे ओपन सुपर-300 बैडमिंटन टूर्नामेंट का महिला एकल खिताब जीतने वाली 17 वर्षीय तन्वी शर्मा को बधाई दी। सिंधु ने कहा कि यह तो बस शुरूआत है और मेहनत करती रहो। मुझे तुम पर गर्व है। तन्वी शर्मा ने रविवार को ताइपे ओपन सुपर-300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल फाइनल में वियतनाम की थुई लिन्ह गुयेन को 21-16, 21-16 से हराकर अपने करियर का पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब जीता। यह उनके करियर की अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि है। युवा खिलाड़ी को बधाई देते हुए पीवी सिंधु ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, मुझे इस लड़की पर बेहद गर्व है। मैं कई वर्षों से कहती आ रही हूं कि तन्वी में एक बेहद खास खिलाड़ी बनने के सभी गुण हैं। प्रतिभा, शानदार शॉट्स खेलने की क्षमता और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का सामना करने का साहस, उसमें सब कुछ है। सिंधु ने आगे कहा कि उसे केवल थोड़ी और स्थिरता और अनुभव की जरूरत थी और यह देखकर बहुत खुशी होती है कि अब वह सब उसके खेल में दिखाई दे रहा है।

# BUSINESS

## टॉप 10 में शामिल देश की 9 कंपनियों के मार्केट कैप में 2.51 लाख करोड़ की बढ़ोतरी

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई खरीद-बिक्री के कारण देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में शामिल नौ कंपनियों के मार्केट कैप में बढ़ोतरी हो गई, जबकि एक कंपनी के मार्केट कैप में गिरावट दर्ज की गई। देश में मार्केट कैप के मामले में शीर्ष स्थान पर मौजूद इन दस कंपनियों में से नौ के मार्केट कैप में सोमवार से शुक्रवार तक के कारोबार के बाद 2.51 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। इनमें सबसे अधिक फायदा बजाज फाइनेंस को हुआ, जबकि मार्केट कैप में बढ़ोतरी के मामले में दूसरा स्थान भारती एयरटेल ने हासिल किया। दूसरी ओर, टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में शामिल सिर्फ एक कंपनी के मार्केट कैप में पिछले सप्ताह के कारोबार के दौरान 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आ गई। पिछले सप्ताह के पांच में से चार कारोबारी दिनों के दौरान उत्साह के साथ हुए कारोबार के बावजूद मार्केट कैप में गिरावट का सामना करने वाली एकमात्र कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर रही।

सोमवार से शुक्रवार तक के कारोबार के बाद बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस), रिलायंस इंडस्ट्रीज, लार्सन एंड टूब्रो, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), एचडीएफसी बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और आईसीआईसीआई बैंक के मार्केट कैप में 2,51,228.75 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। दूसरी ओर, हिंदुस्तान यूनिलीवर के मार्केट कैप में 10,326.46 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। पिछले सप्ताह के कारोबार के बाद बजाज फाइनेंस का मार्केट कैप 80,345.97 करोड़ रुपये बढ़ कर 7,10,817.51 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया।

## जुलाई माह में बायर की भूमिका में लौटे विदेशी निवेशक

■ स्टॉक मार्केट में किया 20,199 करोड़ का निवेश

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**नई दिल्ली।** साल 2026 में ज्यादातर समय तक बिकवाल (सेलर) की भूमिका में बने रहने के बाद जुलाई में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) लिवाल (बायर) की भूमिका में बने रहे। जुलाई के पहले लगातार चार महीने यानी जून, मई, अप्रैल और मार्च में एफपीआई घरेलू शेयर बाजार में बिकवाली कर अपना पैसा निकालने में लगे हुए थे। लेकिन, इस महीने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने बिकवाली की तुलना में लिवाली अधिक की। इस महीने के दौरान विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक का शुद्ध निवेश किया।

एक जुलाई से 31 जुलाई के बीच के 23 कारोबारी दिन के दौरान विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इक्विटी की लिवाली और बिकवाली मिला कर स्टॉक मार्केट में शुद्ध 20,199 करोड़ रुपये का निवेश किया। माना जा रहा है कि भारत में बेहतर होते घरेलू आर्थिक संकेतकों, रुपये की स्थिरता और वैश्विक स्तर पर जोखिम लेने की बढ़ती धारणा से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के बीच भारतीय बाजार में खरीदारी का यह रुझान देखने को मिला है।

साल 2026 में जुलाई में हुई खरीदारी के पहले सिर्फ फरवरी में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक खरीदार की भूमिका में नजर आए थे। फरवरी में एफपीआई ने कुल 22,615 करोड़ रुपये का निवेश किया था। सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार जुलाई के पहले जून के महीने में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से 49,340 करोड़ रुपये की निकासी की थी। अगर साल की शुरूआत से ही विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की लिवाली और बिकवाली के आंकड़े की बात करें तो जनवरी के महीने में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने घरेलू शेयर बाजार में 35,962 करोड़ रुपये की बिकवाली की थी।

## जुलाई में देश का कोयला उत्पादन 7.51 प्रतिशत बढ़ा

**हरियाणा मेल, एजेंसी**




**नई दिल्ली।** देश में जुलाई के दौरान कोयला उत्पादन में 7.51 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इस अवधि में कुल उत्पादन 69 करोड़ 75 लाख टन (अनंतिम) रहा, जबकि जुलाई 2025 में यह 64 करोड़ 88 लाख टन था। इसी महीने कोयला आवंटन में भी उल्लेखनीय 17.34 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 86 करोड़ 33 लाख टन (अनंतिम) तक पहुंच गया, जबकि पिछले वर्ष जुलाई में यह 73 करोड़ 57 लाख टन था।

कोयला मंत्रालय ने बताया कि वित्त वर्ष 2026-27 में जुलाई तक का संचयी उत्पादन 302 करोड़ 24 लाख टन (अनंतिम) रहा, जबकि संचयी आवंटन 354 करोड़ 70 लाख टन (अनंतिम) दर्ज किया गया, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 5.87 प्रतिशत अधिक है। कोल इंडिया लिमिटेड ने जुलाई में 50 करोड़ 35 लाख टन (अनंतिम) उत्पादन किया, जो जुलाई 2025 की तुलना में 8.42 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने जुलाई 2026 में 63 करोड़ 67 लाख टन (अनंतिम) कोयला प्रेषित किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 17.43 प्रतिशत अधिक है। संचयी आवंटन में भी 6.81 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

## घरेलू सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी के भाव में दिखी सांकेतिक तेजी

■ साप्ताहिक आधार पर चांदी के भाव में 5 हजार रुपये की गिरावट आई

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में लगातार दो दिन तक तेजी दिखाने के बाद सोने की कीमत में आज कमजोरी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। इसके विपरीत चांदी के भाव में आज सांकेतिक तेजी नजर आ रही है। सोने की कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में सोना आज 360 रुपये प्रति 10 ग्राम लेकर 390 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। चांदी के भाव में आज 100 रुपये प्रति किलोग्राम की मामूली तेजी नजर आ रही है।

कीमत में हुए बदलाव के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,44,220 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,44,370 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,32,200 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,32,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में सांकेतिक तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,35,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है।

साप्ताहिक आधार पर देखा जाए, तो लगातार उठापटक होने के कारण सोना और चांदी दोनों धातुओं के भाव में कमजोरी आई है। पिछले सप्ताह के कारोबार में 24 कैरेट सोना 700 रुपये प्रति 10 ग्राम तक नीचे आ गया।

इसी तरह 22 कैरेट सोने के भाव में साप्ताहिक आधार पर 750 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दर्ज की गई। चांदी भी उतार-चढ़ाव के बावजूद पिछले सप्ताह के कारोबार में सस्ता हो गया। कीमत में आई गिरावट के कारण चांदी का भाव सप्ताहिक आधार पर पांच हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक फिसल गया। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,44,370 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,32,350 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

मुख्यमंत्री सैनी पंजाब के कोटकपूरा से प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय कार्यक्रम नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान से जुड़े

# हरियाणा ने नशे पर लगाम लगाई, जबकि पंजाब में नशा बढ़ा: नायब सैनी






## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से 100 सप्ताह के देशव्यापी नशा मुक्त युवा अभियान का शुभारंभ किया

- नशा मुक्त भारत के लिए युवाओं को जागरूक करने पर जोर, हरियाणा मॉडल की मिसाल
- पंजाब में नशा और बेरोजगारी पर सैनी का हमला, सरकारों पर उठाए सवाल
- 100 सप्ताह के अभियान से एक करोड़ युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य

हरियाणा मेल ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा हरियाणा व पंजाब ही नहीं, पूरे देश के युवाओं को नशे की लत से दूर रखने की जरूरत है ताकि विकसित भारत के सपने को पूरा किया जा सके। हरियाणा सरकार जहां दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए नियमित रूप से राहगिरी, साइक्लोथोन तथा मैराथन के माध्यम से युवाओं को नशामुक्त करने में सफलता के साथ आगे बढ़ रही है वहीं पंजाब सरकार न तो नशे पर रोक लगा सकी और न ही युवाओं को रोजगार दिलाने में सफल हो सकी।

मुख्यमंत्री ने यह बात नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान के राष्ट्रव्यापी शुभारंभ अवसर पर पंजाब के कोटकपूरा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से 100 सप्ताह के राष्ट्रव्यापी नशा मुक्त युवा अभियान का शुभारंभ किया और देशभर में आयोजित 28000 स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल एक करोड़ से अधिक युवाओं को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा में सरकार ने नशा मुक्त अभियान चलाकर युवाओं को नशे के कुचक्र से बाहर किया वहीं पंजाब में समय के साथ नशा बढ़ गया है, यहां युवाओं को रोजगार नहीं मिल पा रहा है जिसके चलते उनकी हालत खराब है और युवा वर्ग नशे की दलदल में धंसता जा रहा है। पंजाब में आम आदमी पार्टी की वर्तमान सरकार और पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों ने युवाओं व किसानों के लिए बड़े-बड़े वादे तो किए लेकिन सरकार में आने के बाद इन्हें पूरा करने में कभी कोई रुचि नहीं ली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में पंजाब में भाजपा सरकार बनने के बाद यहां भी हरियाणा की तरह युवाओं व किसानों के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू की जाएंगी। हरियाणा में सरकार द्वारा किसानों की सभी 24 फसलें न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जा रही हैं और फल व सब्जियों के लिए भावांतर भरपाई योजना लागू की है जिससे यदि ये फसलें बाजार में कम मूल्य पर बिकें तो अंतर की भरपाई सरकार करती है। इसी तर्ज पर पंजाब में भी भाजपा सरकार बनने के बाद किसानों को इन योजनाओं का लाभ मिलेगा।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि हमारा देश विकसित राष्ट्र तभी बनेगा जब हर युवा नशे के नुकसान को समझते हुए न केवल स्वयं इसकी लत से बचेगा बल्कि दूसरे युवाओं को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करेगा। नशा केवल एक व्यक्ति को ही नहीं बल्कि उसके परिवार, उसके राज्य और पूरे देश को नुकसान पहुंचाता है।

नशे की गिरफ्त में फंसे व्यक्ति के परिवार के सपने भी मुरझा जाते हैं, इसलिए हर युवा को इसकी गंभीरता समझते हुए नशे की दलदल से दूर रहना चाहिए।

# हरियाणा के खिलाड़ियों ने देश का बढ़ाया गौरव: नायब सिंह सैनी

- 13 में से 7 गोल्ड मेडल हरियाणा के नाम
- कॉमनवेल्थ खेलों में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

हरियाणा मेल ब्यूरो



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कॉमनवेल्थ खेलों में देश के लिए पदक जीतने वाले खिलाड़ियों ने गौरव बढाया है। इन खेलों में देश को कुल 13 गोल्ड मेडल मिले हैं जिनमें से 7 गोल्ड मेडल हरियाणा के खिलाड़ियों ने हासिल किए है।

मुख्यमत्री ने खिलाड़ियों को हृदय से बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हरियाणा के खिलाड़ियों ने प्रदेश का नाम विश्व स्तर पर चमकाने का काम किया है। इससे पहले भी अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में मिलने वाले मेडलों में सर्वाधिक हरियाणा के खिलाड़ियों के नाम है। इनमें लड़कियों ने भी सबसे अधिक पदक जीते हैं। कॉमनवेल्थ खेलों में प्रदेश के खिलाड़ियों का बॉक्सिंग, जैवलिन में शानदार प्रदर्शन रहा है।

**कॉमनवेल्थ विजेता**

इनमें रेवाड़ी की पैरा एथलेटिक्स शमीर्ला ने गोल्ड मेडल, भिवानी की बॉक्सर प्रीति पंवार, जैसमीन लम्बोरिया, साक्षी चौधरी, सचिन सिवाच, प्रिया घनघस व हिसार के बॉक्सर अंकुश ने गोल्ड मेडल हासिल किया है। इसी प्रकार पानीपत के जेवलीन थ्रो नीरज चौपड़ा व हांसी के बॉक्सर नरेन्द्र बेरवाल ने सिल्वर मेडल जीता है। भिवानी की एथलेटिक्स सीमा डिस्कस थ्रो में कांस्य पदक विजेता बनी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कॉमनवेल्थ खेलों में देश के लिए कुल 13 गोल्ड में से 7 गोल्ड हरियाणा के खिलाड़ियों ने जीते हैं। इनमें से राज्य के खिलाड़ियों ने 7 गोल्ड, 2 रजत और 1 कांस्य पदक जीतकर पूरे हरियाणा और देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने खिलाड़ियों के अभिभावकों को भी शुभकामनाएं दी। खिलाड़ियों की यह उपलब्धियां प्रदेश के लाखों युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार खेल और खिलाड़ियों के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता से कार्य रही है और खिलाड़ियों को विशेष सुविधाएं प्रदान की। इसलिए हरियाणा को खेलों का पावर हाउस कहा जाता है और प्रदेश के खिलाड़ी हर बार इस गौरव को साबित करते हैं। उन्होंने कहा कि नई खेल नीति के तहत सरकार द्वारा कारगर उठाए गए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल नीति के तहत नौकरियों के अलावा नकद पुरस्कार भी प्रदान किए जाते है। इसके अलावा इंडोर स्टेडियम, सिंथेटिक ट्रैक और विश्वस्तरीय एकेडमियां बनाई जा रही हैं। गांव स्तर पर खेल नर्सरी और नए खेल मैदानों का निर्माण किया गया है। इसके अलावा व्यायामशालाएं भी खोली गई हैं।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के तहत बेटियों के लिए विशेष खेल छात्रवृत्ति और फ्री कोचिंग की सुविधाएं सुलभ करवाई जा रही हैं। खेलेंगे हरियाणा, जीतेंगे हरियाणा संकल्प के साथ हमारी सरकार खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं, बेहतर कोचिंग और आर्थिक सहायता देकर खेलों को नई ऊंचाई तक ले जा रही है।

स्निफर डॉग्स बने हीरो, हरियाणा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# छह माह में 48 मामलों का खुलासा

- बोल्ट ने 15, रैम्बो ने 14 और रोमियो ने 12 एनडीपीएस ऑपरेशनों में निभाई अहम भूमिका

हरियाणा मेल ब्यूरो



**चंडीगढ़।** हरियाणा के नशा मुक्त अभियान में पुलिस के प्रशिक्षित स्निफर डॉग्स नशा तस्करों के खिलाफ प्रभावी हथियार साबित हो रहे हैं। वर्ष 2026 की पहली छमाही (1 जनवरी से 30 जून) के दौरान हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एचएसएनसीबी) और जिला पुलिस की संयुक्त टीमों ने स्निफर डॉग्स की सहायता से 48 एनडीपीएस मामलों का खुलासा करते हुए बड़ी मात्रा में चिट्टा (हेरोइन), स्मैक, गांजा, चरस, अफीम, डोडा पोस्त, चूरा पोस्त तथा अन्य मादक पदार्थ बरामद किए।

इन अभियानों में बोल्ट ने सर्वाधिक 15, रैम्बो ने 14 तथा रोमियो ने 12 मामलों में भाग लेकर सबसे प्रभावशाली प्रदर्शन किया। विशेष रूप से रैम्बो की सहायता से 5 क्विंटल 50 किलोग्राम 300 ग्राम डोडा पोस्त की सबसे बड़ी बरामदगी की गई। इन तीनों स्निफर डॉग्स की असाधारण सूंघने की क्षमता और डॉग हैंडलर्स के साथ उनके बेहतरीन तालमेल ने नशा तस्करों के खिलाफ हरियाणा पुलिस की कार्रवाई को नई धार प्रदान की है।

हरियाणा के पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल ने कहा कि नशा तस्करी समाज और विशेषकर युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर चुनौती है। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक, खुफिया सूचनाओं और विशेषज्ञ संसाधनों के प्रभावी उपयोग से हरियाणा पुलिस नशा तस्करी के पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने की दिशा में निरंतर कार्रवाई कर रही है।

**छह माह में करोड़ों रुपये के मादक पदार्थ बरामद, कई जिलों में बड़ी कार्रवाई**

वर्ष 2026 के पहले छह महीनों के दौरान स्निफर डॉग्स की सहायता से चिट्टा (हेरोइन), स्मैक, गांजा, चरस, डोडा पोस्त, चूरा पोस्त, अफीम तथा अन्य मादक पदार्थों की कई बड़ी खेप बरामद की गईं। प्रमुख बरामदगियों में आदमपुर से 5 क्विंटल 50 किलोग्राम 300 ग्राम डोडा पोस्त, फतेहाबाद से 10.160 किलोग्राम डोडा पोस्त, फरीदाबाद से 6.56 किलोग्राम गांजा, 4.735 किलोग्राम डोडा पोस्त, 3.790 किलोग्राम डोडा पोस्त, 3.50 किलोग्राम गांजा, 1.2 किलोग्राम गांजा, 105.08 ग्राम चरस सहित हेरोइन एवं अन्य मादक पदार्थों की कई महत्वपूर्ण बरामदगियां शामिल हैं। इन सफल अभियानों में हिसार, फतेहाबाद, सिरसा (डबवाली), गुरुग्राम, फरीदाबाद, भिवानी, कुरुक्षेत्र, हिसार जीआरपी सहित अनेक जिलों की पुलिस तथा एच एस एन सी बी की टीमों ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की।

**बोल्ट, रैम्बो और रोमियो बने हरियाणा पुलिस के स्टार स्निफर डॉग्स:** हिसार डॉग स्क्वॉड यूनिट ने वर्ष 2026 की पहली छमाही में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सबसे अधिक मामलों में सफलता हासिल की। यूनिट के प्रशिक्षित स्निफर डॉग बोल्ट ने रेड एवं सर्च ऑपरेशन में भाग लेकर 15 एनडीपीएस मामलों में सबसे अधिक सफलता दिलाई। रैम्बो ने 14 मामलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उसकी सहायता से 5 क्विंटल 50 किलोग्राम 300 ग्राम डोडा पोस्त की सबसे बड़ी बरामदगी हुई। वहीं रोमियो ने 12 एनडीपीएस मामलों में सहायता करते हुए चिट्टा, गांजा तथा अन्य मादक पदार्थों की बरामदगी में अहम योगदान दिया। इन सफल अभियानों से यह स्पष्ट है कि हरियाणा पुलिस नशा तस्करी के खिलाफ पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। भविष्य में भी इस तरह की सख्त कार्रवाई जारी रखकर नशा मुक्त समाज के लक्ष्य को और मजबूती दी जाएगी।

# यमुना का पानी घग्गर से जोड़ने की योजना पर काम करे सरकार: सैलजा

- मानसून की असमान बारिश के बीच जल प्रबंधन के लिए दीर्घकालीन नीति जरूरी
- सिरसा ब्रांच नहर का भी हो पुनरुद्धार

हरियाणा मेल ब्यूरो



**चंडीगढ़।** यमुना के अतिरिक्त बरसाती पानी को घग्गर नदी प्रणाली से जोड़ने की मांग को लेकर सिरसा की सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा ने केंद्र व हरियाणा सरकार से गंभीर पहल करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष मानसून की असमान बारिश ने प्रदेश में बेहतर जल प्रबंधन की जरूरत को फिर उजागर किया है। कुछ क्षेत्रों में कम बारिश के कारण पानी की कमी बनी हुई है, जबकि कई इलाकों में अधिक वर्षा से जलभराव और बाढ़ की स्थिति पैदा हुई है।

कुमारी सैलजा ने कहा कि वह पहले भी लोकसभा और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के समक्ष यमुना के अतिरिक्त पानी को घग्गर प्रणाली से जोड़कर पश्चिमी हरियाणा तक पहुंचाने की संभावनाओं पर पहल की मांग उठा चुकी हैं। उन्होंने सरकार से विशेषज्ञों के माध्यम से इसकी तकनीकी और पर्यावरणीय व्यवहार्यता का अध्ययन करवाने की मांग की। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान यमुना में अधिक पानी आने से बाढ़ का खतरा बढ़ जाता है, जबकि सिरसा, फतेहाबाद, हिसार और आसपास के क्षेत्रों में सिंचाई व पेयजल की समस्या बनी रहती है। यदि अतिरिक्त पानी को वैज्ञानिक तरीके से नहरों, जलाशयों और घग्गर प्रणाली तक पहुंचाया जाए तो बाढ़ का खतरा कम होने के साथ पानी की कमी वाले क्षेत्रों को राहत मिल सकती है।

सैलजा ने सिरसा ब्रांच नहर के पुनरुद्धार और आधुनिकीकरण की जरूरत बताते हुए कहा कि यह पश्चिमी हरियाणा के लिए महत्वपूर्ण जल स्रोत बन सकती है। उन्होंने कहा कि किसानों के हित में सतही जल की उपलब्धता बढ़ाकर भूजल पर निर्भरता कम करना समय की मांग है।

# चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीनों में एसजीएसटी वृद्धि में हरियाणा देश में अव्वल

- राष्ट्रीय औसत 13 प्रतिशत के मुकाबले दोगुने से भी अधिक, 28 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की
- बीते वित्त वर्ष 2025-26 में एसजीएसटी संग्रह वृद्धि में हासिल किया था देश में पहला स्थान

हरियाणा मेल ब्यूरो



**चंडीगढ़।** वित्त वर्ष 2025-26 में राज्य वस्तु एवं सेवा कर (एसजीएसटी) संग्रह वृद्धि में देशभर में प्रथम स्थान हासिल करने के बाद हरियाणा ने वित्त वर्ष 2026-27 के पहले चार महीनों में भी पोस्ट-सेटलमेंट एसजीएसटी संग्रह वृद्धि में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है।

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) की ओर से जारी नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, जुलाई 2026 में हरियाणा का पोस्ट-सेटलमेंट एसजीएसटी संग्रह 5,135 करोड़ रुपये रहा, जबकि जुलाई 2025 में यह 4,027 करोड़ रुपये था। इस प्रकार राज्य ने वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 28 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो जुलाई माह के दौरान राष्ट्रीय औसत 13 प्रतिशत वृद्धि से दोगुने से भी अधिक है।

इसी प्रकार, वित्त वर्ष 2026-27 के पहले चार महीनों (अप्रैल से जुलाई) में हरियाणा का पोस्ट-सेटलमेंट एसजीएसटी संग्रह 19,680 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 15,055 करोड़ रुपये था। इस दौरान राज्य ने 31 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की। यह वृद्धि देश के सभी राज्यों में सर्वाधिक रही तथा राष्ट्रीय औसत 17 प्रतिशत वृद्धि से काफी अधिक है। इसके अलावा, जुलाई 2026 के दौरान हरियाणा ने कुल जीएसटी राजस्व संग्रह में भी 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जबकि राष्ट्रीय औसत वृद्धि 10 प्रतिशत रही। एसजीएसटी संग्रह में लगातार बनी यह तेज वृद्धि हरियाणा की मजबूत वित्तीय स्थिति तथा राज्य सरकार द्वारा राजस्व संग्रह बढ़ाने के लिए अपनाए गए प्रभावी और केंद्रित प्रयासों को दर्शाती है।

# स्वास्थ्य कर्मचारियों ने ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के खिलाफ खोला मोर्चा

- काली पट्टी बांधकर होगा सांकेतिक विरोध

हरियाणा मेल, एजेंसी

**चंडीगढ़।** स्वास्थ्य विभाग की नई ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में रविवार को सर्व कर्मचारी संघ कार्यालय रोहतक में स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कर्मचारी संगठनों की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में हरियाणा नर्सिंग एसोसिएशन, फामेर्सी एसोसिएशन, रेडियोग्राफर एसोसिएशन और लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष शामिल हुए। एम.पी.एच.डब्ल्यू. संगठन की ओर से प्रदेश प्रतिनिधि ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता तालमेल समिति के जिला प्रधान सिरसा ने की। सभी संगठनों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को लेकर एक संयुक्त ज्ञापन तैयार किया जाएगा।

यह ज्ञापन मंगलवार को मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री के ओएसडी सुधांशु गौतम, स्वास्थ्य मंत्री, अतिरिक्त मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग एवं महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाओं को सौंपा जाएगा। ज्ञापन सौंपने के बाद उसी दिन सभी स्वास्थ्य कर्मचारी काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराएंगे और 2 से 3 घंटे का सांकेतिक कार्य बहिष्कार/हड़ताल करेंगे। अगर सरकार ने सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो सभी संगठन संयुक्त बैठक कर आगामी आंदोलन की रणनीति और चरणबद्ध कार्यक्रम घोषित करेंगे। बैठक में ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी पर विस्तार से चर्चा की गई। कर्मचारियों से मिले सुझावों और आपत्तियों पर भी विचार-विमर्श हुआ। सभी संगठनों ने कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने और जरूरत पडने पर संयुक्त आंदोलन चलाने का संकल्प लिया।

# पंजाब भाजपा में बड़ा संगठनात्मक फेरबदल, 6 जिला अध्यक्ष बदले

- जयइंद्र कौर महिला मोर्चा और अनुज खोसला युवा मोर्चा की कमान संभालेंगे

हरियाणा मेल, एजेंसी



**चंडीगढ़।** पंजाब में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केवल ढिल्लों ने राज्य कार्यकारिणी का ऐलान कर दिया है। कैप्टन अमरिंदर सिंह की बेटी जयइंद्र कौर महिला मोर्चा की अध्यक्ष बनी हैं। पटियाला के अनुज खोसला को प्रदेश युवा मोर्चा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कार्यकारिणी के गठन से पहले उन्होंने नई दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है। ढिल्लों को हाल ही में पंजाब भाजपा की कमान सौंपी गई है। इससे पहले सुनील जाखड़ प्रदेश अध्यक्ष थे। रविवार को जारी की गई सूची के अनुसार प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में सुरजीत कुमार ज्यानी (फाजिल्का), राकेश राठौर (जालंधर), सुभाष शर्मा (एसएएस नगर), सरदार मनजीत सिंह राय (फिरोजपुर), अश्वनी सेखड़ी (बटाला), सुशील रिंकू (जालंधर), गेजा राम वाल्मीकि (फतेहगढ़ साहिब), तेजिंदर सिंह बिट्टू (जालंधर), जैस्मिन संधावालिया (कपूरथला), जतिंदर मित्तल (लुधियाना), सरदार रवि करण सिंह काहलों (गुरदासपुर) तथा सरदार रणजीत सिंह गिल (मोहाली) को नियुक्त किया गया है। प्रदेश महामंत्री के रूप में अनिल सरीन (लुधियाना), राजेश बघा (जालंधर), परमिंदर सिंह बराड़ (मोहाली), रजनीश धीमान (लुधियाना) तथा जीवन गर्ग (संगरूर) को जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश मंत्री के रूप में मनजीत सिंह मन्ना (अमृतसर),मंगत राय बंसल (मानसा), राकेश शर्मा (पठानकोट), सूरज भारद्वाज (अमृतसर), वंदना सांगवाल (फाजिल्का), मीनू सेठी (होशियारपुर), रंजन कमरा (फाजिल्का), चरणजीत सिंह बराड़ (फाजिल्का), कमलप्रीत कौर चौधरी (जालंधर), मीना तरनैच (पठानकोट), सरदार अमरजीत सिंह अमरी (लुधियाना) तथा एकता नागपाल (मोहाली) को नियुक्त किया गया है। संगठनात्मक दायित्वों के अंतर्गत गुरदेव शर्मा (देबी) (लुधियाना) को प्रदेश कोषाध्यक्ष, सरदार सुखविंदर सिंह गोल्डी (मोहाली) को प्रदेश सह-कोषाध्यक्ष, खुशवंत राय गीगा (मोहाली) एवं संजीव खन्ना (मोहाली) को प्रदेश प्रोटोकॉल सचिव तथा सुखविंदर सिंह परमार (मोहाली) को प्रदेश कार्यालय सचिव नियुक्त किया गया है। डिजिटल एवं संचार प्रकोष्ठ को मजबूत करने के लिए कंवर इंद्रजीत सिंह (मोहाली) को प्रदेश आईटी संयोजक तथा अजय अरोड़ा (अमृतसर) को प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक नियुक्त किया गया है। पार्टी के विभिन्न मोर्चों के लिए भी नई नियुक्तियां की गई हैं। अनुज खोसला (पटियाला) को प्रदेश अध्यक्ष, युवा मोर्चा, बीबा जय इंदर कौर (पटियाला) को प्रदेश अध्यक्ष, महिला मोर्चा, सरदार लखविंदर सिंह (फिरोजपुर) को प्रदेश अध्यक्ष, किसान मोर्चा, शीतल अंगुराल (जालंधर) को प्रदेश अध्यक्ष, अनुसूचित जाति मोर्चा तथा शिवराज चौधरी (फाजिल्का) को प्रदेश अध्यक्ष, ओबीसी मोर्चा नियुक्त किया गया है। मीडिया एवं संचार विभाग में सरदार एस.एस. चन्नी (मोहाली) को मुख्य प्रवक्ता, विनीत जोशी (मोहाली) को स्टेट मीडिया हेड, सरदार प्रीतपाल सिंह बलियावाल (लुधियाना) तथा परमपाल कौर सिद्धू (बठिंडा ग्रामीण) को प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। सेल समन्वय के लिए सरदार बिक्रमजीत सिंह चीमा (खन्ना) को प्रदेश सेल समन्वयक, जबकि सरदार हरविंदर सिंह संधू (अमृतसर), भानु प्रताप सिंह (मोहाली) तथा इंजी. कंवरवीर सिंह तोहरा (फतेहगढ़ साहिब) को प्रदेश सेल सह-समन्वयक नियुक्त किया गया है।

# ब्रिटिश म्यूजियम से 11वीं सदी की मां सरस्वती की प्रतिमा को भारत लाने की तैयारी

- सरस्वती हेरिटेज बोर्ड ने प्रयास किए तेज, केंद्र सरकार से मांगा सहयोग

हरियाणा मेल, एजेंसी



**चंडीगढ़।** हरियाणा सरस्वती हेरिटेज विकास बोर्ड ने लंदन स्थित ब्रिटिश म्यूजियम में रखी 11वीं सदी की मां सरस्वती की प्राचीन प्रतिमा को भारत वापस लाने की पहल तेज कर दी है। इसके लिए बोर्ड ने केंद्र सरकार से सहयोग मांगा है। साथ ही मध्य प्रदेश और हरियाणा सरकार के बीच समन्वय बढ़ाया जा रहा है।

बोर्ड के डिप्टी चेयरमैन धुम्मन सिंह किरमिच ने कहा कि यह प्रतिमा भारतीय संस्कृति, आस्था और सरस्वती सभ्यता की अमूल्य धरोहर है। यह प्रतिमा मध्य प्रदेश के धार स्थित ऐतिहासिक भोजशाला मंदिर से जुड़ी हुई है, जिसे औपनिवेशिक काल में अंग्रेज इंग्लैंड ले गए थे। वर्तमान में यह ब्रिटिश म्यूजियम में सुरक्षित रखी गई है। किरमिच ने बताया कि मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ द्वारा भोजशाला परिसर को प्राचीन सरस्वती वाग्देवी मंदिर मानते हुए पूजा का अधिकार दिए जाने के बाद प्रतिमा वापसी की मांग और महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरस्वती बोर्ड ने मध्य प्रदेश सरकार से संपर्क स्थापित किया है और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को भी इसकी जानकारी दी गई है। बोर्ड का उद्देश्य प्रतिमा को भारत लाकर सरस्वती संग्रहालय में स्थापित करना है।

उन्होंने बताया कि यह प्रतिमा परमार राजवंश काल की मानी जाती है और संगमरमर से निर्मित है। इस पर संस्कृत एवं देवनागरी में शिलालेख भी अंकित हैं। प्रतिमा भारत लौटने पर इन शिलालेखों पर शोध से प्राचीन सभ्यता और सरस्वती संस्कृति से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आ सकती हैं।

मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक **ऋषि नारायण आचार्य** द्वारा स्वत्वाधिकारी शिवा पब्लिकेशन के लिए मैसर्स आर डी प्रिन्टर्स एंड पब्लिशर्स प्रा. लि., बी-48, सेक्टर-8, नोएडा गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) 201301 से मुद्रित तथा सी-2589, सुशांत लोक-1, चकरपुर गुरुग्राम हरियाणा 122001 से प्रकाशित। संपादकीय कार्यालयः द्वितीय तल आपका सिटी प्लाजा, सिविल लाईन रोड गुड़गांव। RNI No. HARHIN/2012/47672, फोन. 9990909797, Email: haryanamail.info@gmail.com समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र गुरुग्राम न्यायालय होगा।